# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, सोमवार 13 अप्रैल 2026 • वर्ष : 09 • अंक : 324 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित




धनबाद में सीमेंट फैक्ट्री के कर्मी की मौत के बाद प्रदर्शन कर रहे लोगों से वार्ता करते पुलिस पदाधिकारी

# बंगाल चुनाव में सीएम हेमंत सोरेन एवं कल्पना टीएमसी के लिए मांगेगे वोट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** असम चुनाव के बाद अब पश्चिम बंगाल की सियासत गर्म होती नजर आ रही है। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और झामुमो विधायक कल्पना सोरेन जल्द ही पश्चिम बंगाल के चुनावी मैदान में उतरने वाले हैं। दोनों नेता वहां तृणमूल कांग्रेस प्रमुख और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के पक्ष में चुनाव प्रचार करेंगे और पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभाएं संबोधित करेंगे। यह दौरा पूरी तरह से चुनावी रणनीति के तहत तय किया गया है। पश्चिम बंगाल में दो चरणों में मतदान होना है, जिसके तहत 23 और 29 अप्रैल को विधानसभा चुनाव कराए जाएंगे। ऐसे में चुनावी माहौल के बीच हेमंत सोरेन का



बंगाल दौरा राजनीतिक रूप से काफी अहम माना जा रहा है। माना जा रहा है कि वे कई इलाकों में रोड शो और जनसभाओं के जरिए ममता बनर्जी के समर्थन में माहौल बनाने की कोशिश करेंगे। इस पूरे घटनाक्रम की सबसे दिलचस्प बात यह है कि झारखंड में एक साथ सरकार चला रहे दल कांग्रेस और झामुमो पश्चिम बंगाल में एक-दूसरे के आमने-सामने नजर आएंगे। जहां एक ओर ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस अपने उम्मीदवारों के साथ मैदान में है, वहीं कांग्रेस भी अलग से चुनाव लड़ रही है। ऐसे में झारखंड में सहयोगी रहे दलों का बंगाल में अलग-अलग राजनीतिक रास्ता अपनाना चुनाव को और रोचक बना रहा है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय ने बताया कि दौरे की पूरी रूपरेखा लगभग तैयार है और जल्द ही हेमंत सोरेन बंगाल के लिए रवाना होंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि ममता बनर्जी के नेतृत्व में राज्य में फिर से सरकार बनेगी और जनता का समर्थन उन्हें लगातार मिल रहा है। उनके अनुसार भाजपा की तमाम कोशिशों के बावजूद तृणमूल कांग्रेस की स्थिति मजबूत बनी हुई है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि यह चुनाव न केवल पश्चिम बंगाल के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है बल्कि राष्ट्रीय राजनीति में भी इसके दूरगामी असर देखने को मिल सकते हैं। झारखंड के नेताओं की सक्रिय भागीदारी इस बात का संकेत है कि क्षेत्रीय दल अब अपने प्रभाव को दूसरे राज्यों तक विस्तार देने की कोशिश कर रहे हैं। कुल मिलाकर असम के बाद अब पश्चिम बंगाल में चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है और हेमंत सोरेन व कल्पना सोरेन का प्रस्तावित दौरा इस राजनीतिक मुकाबले को और दिलचस्प बना सकता है।

## नहीं रहीं सुरों की मल्लिका आशा भोसले

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**मुम्बई।** रविवार को भारतीय संगीत जगत को गहरा आघात लगा है। दिग्गज गायिका आशा भोसले का निधन हो गया है। शनिवार को तबीयत खराब होने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। गायिका को थकान और सीने में संक्रमण की तकलीफ थी। फैंस आस लगाए बैठे थे कि उपचार के बाद वे स्वस्थ होकर लौटेंगी, मगर यह आस टूट गई। सुरों की दुनिया पर दशकों तक राज करने वाली महान गायिका आशा भोसले के निधन से देशभर में शोक की लहर दौड़ गई है। उनके जाने से संगीत का एक स्वर्णिम युग मानो थम सा गया है। उनके निधन पर राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री समेत कई दिग्गजों ने दी शोक श्रद्धांजलि व्यक्त की है। भारत की प्रतिष्ठित गायिका आशा भोसले के निधन पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि आशा भोसले के जाने से संगीत जगत में एक ऐसा खालीपन पैदा हुआ है, जिसे भर पाना असंभव है। उनकी अद्वितीय गायकी ने भारतीय संगीत के एक पूरे युग को परिभाषित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रख्यात गायिका आशा भोसले के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि आशा भोसले भारत की सबसे प्रतिष्ठित और बहुमुखी आवाज़ों में से एक थीं, जिनकी संगीत यात्रा ने दशकों तक भारतीय सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध किया। प्रधानमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति और उनके परिवार, प्रशंसकों तथा संगीत प्रेमियों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त कीं। मशहूर गायिका के निधन पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आदि ने भी गहरा दुख व्यक्त किया है।

## लैंगिक अपराध से जुड़े मुकदमों का तेज होगा अनुसंधान : डीआइजी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर।** लैंगिक अपराध से जुड़े मुकदमों के अनुसंधान की समीक्षा की जा रही है। पलामू रेंज के डीआईजी किशोर कौशल मुकदमों की समीक्षा कर रहे हैं। पलामू, गढ़वा एवं लातेहार के अलग-अलग पुलिस अनुमंडल में लैंगिक अपराध से जुड़े मुकदमों की स्थिति देखी जा रही है। लैंगिक अपराध से जुड़े दुष्कर्म और पॉक्सो के मामले में पुलिस को 60 दिनों के अंदर आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल करना है। लेकिन कई मुकदमों के अनुसंधान में लापरवाही बरती जा रही है और पुलिस अधिकारी चार्जशीट दाखिल नहीं कर पा रहे हैं। गढ़वा और लातेहार में 70 प्रतिशत मुकदमों की चार्जशीट चार दिनों के अंदर दाखिल हो रही है। जबकि पलामू में यह आंकड़ा 60 प्रतिशत के करीब है। पुलिस मुकदमों की समीक्षा कर रही है। पलामू रेंज में हालात को बेहतर करने के लिए डीआईजी किशोर कौशल ने मुकदमों की मॉनिटरिंग एवं समीक्षा शुरू की है। पलामू रेंज में अनुसंधान के औसत को 90 प्रतिशत से अधिक ले जाने का टारगेट रखा गया है। हालांकि झारखंड में लैंगिक अपराध से जुड़े मुकदमों का अनुसंधान और चार्जशीट दाखिल करने का औसत 60 प्रतिशत है। पलामू रेंज में सबसे पहले मेदिनीनगर पुलिस अनुमंडल क्षेत्र में लैंगिक अपराध से जुड़े मुकदमों की समीक्षा की गई है। इस क्रम में कई मुकदमों के अनुसंधान में लापरवाही बरतने का मामला सामने आया। जिसमें टाउन थाना प्रभारी, चैनपुर थाना प्रभारी, तीन अनुसंधानकर्ताओं से शोकॉज कर पूछा गया है। डीआईजी अगले कुछ दिनों में अलग-अलग पुलिस अनुमंडल क्षेत्र की समीक्षा करेंगे।

## नक्सली मनोहर गंझू के घर पर चिपकाया इश्तेहार

**चतरा(नबिटा ब्यूरो)।** चतरा पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे खूंखार नक्सली मनोहर गंझू के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए उसके घर इश्तहार चिपकाया है। यह कार्रवाई न्यायालय के आदेश पर ढोल-नगाड़ों के साथ की गई ताकि इलाके में स्पष्ट संदेश जाए। पुलिस के अनुसार मनोहर गंझू वर्ष 2020 के एक मामले में फरार है। एसपी सुमित अग्रवाल ने साफ कहा है कि यह कार्रवाई उसे सरेंडर करने का अंतिम मौका देने के लिए की गई है।

## पतरातू में सीमेंट फैक्ट्री पर फायरिंग

**रामगढ़(नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड के पतरातू के औद्योगिक क्षेत्र स्थित बन रही सीमेंट फैक्ट्री में बीती रात अपराधियों ने गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया है। अपराधियों ने पहले फैक्ट्री और आवासीय परिसर के मुख्य गेट पर ताबड़तोड़ फायरिंग की और फिर पर्ची फेंकते हुए मौके से फरार हो गए।

## ‘नीर वीर‘ करेगा पेयजल समस्या का समाधान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** गर्मी के समय पेयजल की समस्या न हो इसे लेकर जिला प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है। अब ‘नीर वीर‘ के माध्यम से पेयजल समस्या का समाधान होगा। डिजिटल माध्यम से आम जनमानस को शिकायत करना है। शिकायत करने के महज कुछ ही पल में समस्या का समाधान हो जाएगा। हजारीबाग उपायुक्त की पहल पर यह सुविधा आम लोगों को दी जा रही है। हजारीबाग जिला प्रशासन धीरे-धीरे डिजिटल की ओर अग्रसर हो रहा है। गर्मी के दिनों में पेयजल की समस्या से लोगों को मुक्ति देने के लिए ‘नीर वीर‘ के माध्यम से शिकायत दर्ज करना होगा। व्हाट्सएप मैसेज के जरिए शिकायत दर्ज की जाएगी। पल भर में चापाकल दुरुस्त करने के लिए विभाग के कर्मी पहुंच जाएंगे। इसकी मॉनिटरिंग खुद उपायुक्त करेंगे। डिप्टी कमिश्नर शशि प्रकाश सिंह ने बताया कि ‘नीर वीर‘ व्हाट्सएप चैटबॉट की सुविधा गर्मी के मौसम में जल संकट को ध्यान में रखते हुए विकसित की गई है। इस डिजिटल सुविधा के माध्यम से नागरिक अपने क्षेत्र की पेयजल समस्याओं को आसानी से दर्ज करा सकेंगे। इस चैटबोट के माध्यम से आमजन खराब या निष्क्रिय चापानल से संबंधित शिकायत दर्ज कर सकते हैं तथा शिकायत की स्थिति की जानकारी तथा अपनी पूर्व शिकायतों का विवरण भी देख सकते हैं। यह प्रणाली पूरी तरह सरल, सुलभ एवं उपयोगकर्ता के अनुकूल बनाई गई है ताकि अधिक से अधिक नागरिक इसका लाभ उठा सकें। जिला प्रशासन की इस पहल से यह पक्का होगा कि पीने के पानी से जुड़ी समस्याओं को संबंधित विभाग तुरंत सुलझाएगा। प्रशासन ने जिले के सभी लोगों से अपील की है कि वे इस सुविधा का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करें और अपने इलाकों में पीने के पानी की सप्लाई को ठीक रखने में मदद करें।




# 2029 से लागू होगा महिला आरक्षण : नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर नेताओं के बड़े बयान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**हजारीबाग ब्यूरो।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर आयोजित एक प्रेस वार्ता में भाजपा नेताओं ने महिला आरक्षण को लेकर विस्तृत जानकारी साझा की। इस दौरान डॉ. नीरा यादव ने कहा कि देश की आधी आबादी महिलाएं हैं, लेकिन वर्तमान में लोकसभा, राज्यसभा एवं राज्य विधानसभाओं में उनकी भागीदारी मात्र लगभग 10% ही है।

उन्होंने बताया कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम, जो 106वां संविधान संशोधन है, संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीट आरक्षित करने का प्रावधान करता है। यह कानून 2029 से लागू होगा। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि वर्ष 2023 में पारित यह ऐतिहासिक कानून लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी को अनिवार्य रूप से बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त करेगा। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य केवल नारी उत्थान नहीं, बल्कि नारी नेतृत्व में देश के समग्र विकास को सुनिश्चित करना है। उन्होंने यह भी कहा कि महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नहीं हैं और यह विधेयक उनकी क्षमता को नई पहचान देगा। जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने कहा कि यह विधेयक तीन दशक से लंबित था, जिसे मात्र तीन दिनों में पारित किया गया। उन्होंने कहा कि इस अधिनियम के माध्यम से देश की माताओं, बहनों और बेटियों को सशक्त बनाने का संकल्प लिया गया है। महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी से समाज में सकारात्मक और प्रभावी बदलाव देखने को मिलेगा।

डॉ. नीरा यादव ने आगे कहा कि केंद्र सरकार द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए उज्ज्वला योजना, जनधन योजना, शौचालय निर्माण योजना और सुकन्या समृद्धि योजना जैसी कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनका सीधा लाभ महिलाओं को मिल रहा है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष रेणुका साहू एवं मंजू नंदिनी भी उपस्थित थीं। कार्यक्रम की जानकारी भाजपा जिला महामंत्री सह मीडिया प्रभारी जय नारायण प्रसाद ने दी।

# घोसे पंचायत भवन में स्वास्थ्य परामर्श शिविर आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** जिले के देवरी प्रखंड अंतर्गत घोसे पंचायत भवन में एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर नई दिशा संस्था एवं ऑपरेशन स्माइल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ, जिसका मुख्य उद्देश्य जन्मजात कटे होंठ एवं तालू क्लेफ्ट लिप और क्लेफ्ट पैलेट से पीड़ित शिशुओं, बच्चों तथा सभी आयु वर्ग के लोगों को निःशुल्क उपचार की सुविधा उपलब्ध कराना है कार्यक्रम के दौरान स्थानीय मुखिया संगम यादव ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के स्वास्थ्य शिविर ग्रामीण क्षेत्रों के लिए अत्यंत लाभकारी साबित होते हैं।




उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस सुविधा का लाभ उठाएं और अपने बच्चों का समय पर इलाज कराएं।वहीं नई दिशा संस्था के सचिव शंकर लाल राणा ने संस्था के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका लक्ष्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन स्माइल के सहयोग से चयनित मरीजों का निःशुल्क ऑपरेशन कराया जाएगा, जिससे वे सामान्य जीवन जी सकें इस अवसर पर परामर्शदाता चंद्रकांता दत्ता ने जानकारी दी कि जन्मजात कटे होंठ एवं तालू की समस्या का सफल ऑपरेशन संभव है। उन्होंने अभिभावकों को जागरूक करते हुए कहा कि इस समस्या को छिपाने के बजाय समय पर इलाज कराना जरूरी है। साथ ही उन्होंने ऑपरेशन की प्रक्रिया, समय और आवश्यक तैयारियों के बारे में विस्तार से बताया।परियोजना समन्वयक कृपालु पाण्डे ने कहा कि इस शिविर के माध्यम से न केवल मरीजों को उपचार संबंधी सलाह मिली, बल्कि समाज में इस बीमारी के प्रति जागरूकता भी बढ़ी है। उन्होंने कहा कि यह पहल आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए बड़ी राहत साबित होगी, जो महंगे इलाज के कारण अब तक अपने बच्चों का उपचार नहीं करा पा रहे थे शिविर में चिंतामणि यादव, मो. खलिल अंसारी, विनिता देवी, काजल देवी, मुन्ना कुमार यादव सहित प्रखंड के विभिन्न पंचायतों से पहुंचे लोगों को उचित परामर्श दिया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### पुरस्कार वितरण के साथ चार दिवसीय गिरिडीह पुस्तक मेला समाप्त

**गिरिडीह (नबिटासं)।** स्थानीय झंडा मैदान स्थित विवाह भवन में आयोजित चार दिवसीय पुस्तक मेले का समापन रविवार को औपचारिक समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के साथ भव्य रूप से संपन्न



हो गया समापन समारोह के मुख्य अतिथि एवं समय इंडिया के प्रबंध न्यासी चंद्र भूषण ने अपने संबोधन में कहा कि पुस्तकें व्यक्ति के जीवन को दिशा और दृष्टि दोनों प्रदान करती हैं। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में भी पुस्तकों का महत्व कम नहीं हुआ है, बल्कि ऐसे आयोजनों के माध्यम से नई पीढ़ी को सही मार्गदर्शन मिलता है उन्होंने छात्रों और युवाओं से नियमित पठन-पाठन की आदत विकसित करने का आह्वान करते हुए कहा कि यह मेला केवल किताबों की बिक्री तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में पढ़ने की संस्कृति को पुनर्जीवित करने का एक सार्थक प्रयास है। उन्होंने यह भी कहा कि गिरिडीह में मिले अपार जनसमर्थन ने यह साबित कर दिया है कि लोगों के भीतर पढ़ने की ललक आज भी जीवित है कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। समारोह का संचालन एवं स्वागत सुनील मंथन शर्मा ने किया चार दिनों तक चले इस पुस्तक मेले ने साहित्य, ज्ञान और प्रेरणा की एक सशक्त छाप छोड़ते हुए सफलतापूर्वक अपनी यात्रा पूरी की।

### शिविर में 11 मरीजों की हुई जांच, विशेषज्ञ डॉक्टरों ने दी सलाह

**गिरिडीह (नबिटासं)।** झारखंड कैंसर सेंटर के सौजन्य से बरमसिया स्थित विश्वनाथ नर्सिंग होम में रविवार को निःशुल्क कैंसर जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर शाम 4 बजे तक चला, जिसमें कुल 11 मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श एवं उपचार संबंधी सलाह दी गई।शिविर में रांची से आए विशेषज्ञ चिकित्सकों—डॉ. सौरव एवं डॉ. अमर प्रेम—ने मरीजों की जांच की और उन्हें कैंसर से बचाव व समय पर उपचार के प्रति जागरूक किया इस अवसर पर विश्वनाथ नर्सिंग होम के डॉ. एस. के. डोकानिया, डॉ. नीरज डोकानिया सहित कर्मी मनोज कुमार, कुलदीप कुमार आदि शिविर को सफल बनाने में सक्रिय रूप से जुटे रहे वहीं चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदीप अग्रवाल, विवेश जालान, सरवन केडिया समेत अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहे और इस पहल की सराहना की आयोजकों ने बताया कि झारखंड कैंसर सेंटर द्वारा कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक करने एवं प्रारंभिक जांच की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस तरह के शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि समय रहते बीमारी का पता लगाकर उचित उपचार संभव हो सके।

### उत्पाद सिपाही भर्ती पेपर लीक मामले में भाजपा का हल्ला बोल, सीएम का पुतला दहन

**गिरिडीह (नबिटासं)।** उत्पाद सिपाही भर्ती परीक्षा में कथित पेपर लीक और 150 अभ्यर्थियों की गिरफ्तारी के बाद जिले का राजनीतिक माहौल गरमा गया है। इस मुद्दे को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने रविवार को जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।भाजपा कार्यकताओं ने शहर में पदयात्रा निकालते हुए राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। यह पदयात्रा गिरिडीह के झंडा मैदान से शुरू होकर टावर चौक तक पहुंची, जहां मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन कर विरोध जताया गया यह प्रदर्शन जमुआ की भाजपा विधायक मंजू कुमारी के नेतृत्व में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और स्थानीय लोग शामिल हुए। पदयात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए टावर चौक पहुंची इस दौरान विधायक मंजू कुमारी ने राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार परीक्षा प्रणाली को सुचारू रूप से संचालित करने में पूरी तरह विफल रही है। उन्होंने कहा कि पेपर लीक जैसी घटनाएं सरकारी लापरवाही और भ्रष्ट व्यवस्था का परिणाम हैं, जिससे मेहनती युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है।भाजपा नेताओं ने मांग की कि पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही चेतावनी दी कि यदि सरकार जल्द ठोस कदम नहीं उठाती है, तो पार्टी राज्यव्यापी आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी वहीं, प्रदर्शन के दौरान किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा और स्थिति पर नजर बनाए रखी गई।

### होटल पार्किंग से बैट्री चोरी करते दो युवक धराये

**बरही (नबिटासं)।** कोनरा बाईपास स्थित मुखिया जी होटल के पार्किंग परिसर में खड़ी ट्रेलर वाहन से बैट्री चोरी का मामला सामने आया है। घटना रविवार दोपहर करीब 3 बजे की बताई जा रही है, जब चोरों ने पार्किंग में खड़े ट्रेलर की बैट्री तोड़कर निकाल ली। होटल संचालक मो. अजीज के अनुसार, दोपहर में जब वे पार्किंग की ओर गए तो उन्हें दो संदिग्ध युवक नजर आए, जो ट्रेलर की बैट्री चोरी कर बाइक (संख्या खल02अऊ 7393) से भागने की फिराक में थे। स्थिति भांपते ही उन्होंने शोर मचाया, जिसके बाद होटल स्टाफ कल्लू और सरफराज की मदद से दोनों युवकों को बैट्री के साथ मौके पर ही पकड़ लिया गया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान कोनरा निवासी मो. सोहेल (पिता- मो. इदरीस) और मो. वारिस (पिता- मो. सलीम) के रूप में हुई है। पूछताछ के दौरान दोनों ने चोरी की घटना स्वीकार करते हुए पहले भी ऐसी वारदातों में शामिल होने की बात कही है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और चोरी की बैट्री व बाइक को जब्त करते हुए दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया। पीड़ित द्वारा थाना में लिखित आवेदन देकर कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है

### नामजद आरोपित गिरफ्तार, पुलिस कर रही आगे की कार्रवाई

**बरारी/कटिहार (नबिटासं)।** थाना क्षेत्र में दर्ज एक मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अब्दुल मतीन (42) के रूप में हुई है, जो जगदीशपुर थाना क्षेत्र के बदुआ ओला का निवासी है।

# राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन की बैठक, दीपक कुमार पांडे बने जिलाध्यक्ष

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**हजारीबाग ब्यूरो।** हजारीबाग जिले में राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें संगठन के विस्तार और मजबूती को लेकर कई अहम निर्णय लिए गए। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश महासचिव नवीन सिन्हा ने की। बैठक के दौरान हजारीबाग जिला अध्यक्ष पद की घोषणा की गई, जिसमें दीपक कुमार पांडे को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं महिला प्रकोष्ठ से मंजू सिंह को जिला अध्यक्ष बनाया गया।

इसके साथ ही किशोर सिंह को प्रदेश कार्यक्रम प्रभारी के रूप में अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया। साथ ही दीनानाथ ठाकुर को उनके बेहतर कार्यों को देखते हुए उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडल का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। पदों की घोषणा राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद सिंह एवं राष्ट्रीय महासचिव सुमन सिंह द्वारा की गई। इस अवसर पर मनोनीत पदाधिकारियों को बुके एवं माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में संगठन के कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे, जिनमें राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार चौधरी, राष्ट्रीय महासचिव सुमन सिंह, प्रदेश महासचिव नवीन सिन्हा, प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ प्रीति उपाध्याय, मुन्ना पांडे, महावीर प्रसाद, दुर्गेश जी, रेखा जी और पूनम कुमारी सहित अन्य सदस्य शामिल थे। बैठक में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने, मानवाधिकार से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने और आम जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए सक्रिय भूमिका निभाने पर जोर दिया गया।

# होटल में संदिग्ध परिस्थिति में सेल्समैन का शव बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरही (हजारीबाग)।** एनएच-33 स्थित करसो के होटल हर्षित राज में रविवार को एक युवक का शव संदिग्ध अवस्था में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही सब इंस्पेक्टर मृत्युंजय सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अनुमंडलीय अस्पताल भेजा, जहां पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कर देर शाम शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा। मृतक की पहचान बिहार के गया जिला अंतर्गत मानपुर थाना क्षेत्र के बूढ़ी गांव निवासी 33 वर्षीय मणिकांत सोलंकी पिता कपिलदेव प्रसाद के रूप में हुई है, जो टाटा मोटर्स में सेल्समैन के पद पर कार्यरत थे। जानकारी के अनुसार, वे कंपनी की बैठक में शामिल होने 45 सदस्यीय टीम के साथ बरही आए थे। मृतक के चाचा धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि शनिवार शाम सभी लोग होटल पहुंचे और भोजन के बाद सो गए। रविवार सुबह जब उन्हें जगाया गया, तो वे मृत पाए गए। घटना की सूचना कंपनी के एक कर्मी द्वारा परिजनों को दी गई, जिसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे। परिजनों ने घटना को संदिग्ध बताते हुए हत्या की आशंका जताई है। उनका आरोप है कि मृतक के शरीर पर काले धब्बे थे।

# झारखंड स्टेट बार काउंसिल चुनाव में पांच महिला उम्मीदवारों की जीत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गिरिडीह।** झारखंड राज्य विधिक परिषद झारखंड स्टेट बार काउंसिल के कार्यकाल 2026-31 के लिए हुए चुनाव में नारी शक्ति का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला है। मीरा कुमारी के साथ पांचों महिला उम्मीदवारों की ऐतिहासिक जीत ने अधिवक्ता समाज में एक नया संदेश दिया है इस जीत को महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है अधिवक्ताओं और समर्थकों के बीच खुशी की लहर है, वहीं विजयी प्रत्याशियों को लगातार बधाइयों का सिलसिला जारी है।

इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक एवं विधिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने कहा कि महिलाओं की बढ़ती भागीदारी से न्यायिक व्यवस्था और अधिक संवेदनशील व सशक्त बनेगी। मीरा कुमारी सहित सभी विजेता महिला सदस्यों ने अपने समर्थकों के प्रति आभार जताते हुए न्याय व्यवस्था को और बेहतर बनाने का संकल्प लिया स्थानीय अधिवक्ताओं ने उम्मीद जताई कि नई टीम अपने कार्यकाल में अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा करते हुए न्यायिक व्यवस्था को और मजबूत करेगी।

# 21वीं सदी के शिक्षक कौशल पर संगोष्ठी आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गिरिडीह।** स्कॉलर बीएड कॉलेज में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यू ऐसी) के तत्वावधान में एक दिवसीय मासिक शैक्षिक अनुसंधान संगोष्ठी एमईआरएसका भव्य आयोजन किया गया। 21वीं सदी के शिक्षक के आवश्यक कौशलह्व विषय पर आयोजित इस संगोष्ठी में शिक्षा के बदलते स्वरूप और नई चुनौतियों पर गहन चर्चा हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य वक्ता डॉ. अजीत कुमार सिंह (प्राचार्य, के.एन. बख्शी कॉलेज ऑफ एजुकेशन) एवं महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. शालिनी खोवाला द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। प्राचार्या डॉ. शालिनी खोवाला ने अपने संबोधन में कहा कि आज का शिक्षक केवल जानकारी देने वाला नहीं, बल्कि छात्रों के लिए एक मार्गदर्शक (मेंटॉर) है। उन्होंने तकनीकी दक्षता, सहानुभूति और आलोचनात्मक सोच को एक शिक्षक की सबसे बड़ी ताकत बताते हुए कहा कि परंपरा और आधुनिकता के संतुलन से ही एक आदर्श शिक्षक का निर्माण संभव है।मुख्य वक्ता डॉ. अजीत कुमार सिंह ने शिक्षकों के लिए डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि 21वीं सदी में शिक्षक को क्रिटिकल थिंकिंग, तकनीकी ज्ञान और संवेगात्मक बुद्धिमत्ता जैसे कौशलों से सुसज्जित होना जरूरी है, ताकि वे भविष्य की पीढ़ी को बेहतर दिशा दे सकें संगोष्ठी का संचालन डॉ. संतोष चौधरी एवं डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने किया। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि इसमें प्रशिक्षुओं ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई और आधुनिक शिक्षण पद्धतियों के साथ-साथ शिक्षा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भूमिका पर अपने शोधपरक विचार प्रस्तुत किए कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के सभी सहायक प्राध्यापकगण, शिक्षकेतर कर्मी रजक, मनीष जैन, जय किशोर सही सहित सभी प्रशिक्षुओं का सराहनीय योगदान रहा।

# बबिता बनी नारी शक्ति वंदन अभियान की लोकसभा प्रभारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बरारी (कटिहार)।** नगर पंचायत बरारी की मुख्य पार्षद सह भाजपा नेत्री बबिता कुमारी को नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत कटिहार लोकसभा क्षेत्र का प्रभारी नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति से क्षेत्र में राजनीतिक व सामाजिक हलकों में उत्साह का माहौल है। नारी शक्ति वंदन अभियान देश में लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। इसके माध्यम से महिलाओं की भागीदारी को हर क्षेत्र में मजबूत करने पर जोर दिया जा रहा है। प्रभारी बनाए जाने पर बबिता कुमारी ने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जिम्मेदारी उनके लिए सम्मान के साथ-साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अभियान के जरिए महिलाओं को सशक्त बनाने का कार्य और गति पकड़ेगा।उन्होंने आगे कहा कि लोकतंत्र में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी इसे और अधिक समावेशी बनाएगी तथा विकसित भारत 2047 के संकल्प को मजबूत आधार प्रदान करेगी।

# गांडेय और गिरिडीह विधानसभा को लाल झंडे का गढ़ बनाने का लक्ष्य : पूरन महतो

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गिरिडीह।** भाकपा माले ने गांडेय और गिरिडीह विधानसभा क्षेत्रों में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के उद्देश्य से अभियान तेज कर दिया है। पार्टी का स्पष्ट लक्ष्य दोनों विधानसभा क्षेत्रों को ह्ललाल झंडे का गढ़ह्व बनाना है इसी क्रम में रविवार को गांडेय प्रखंड के चिहुटिया गांव में एक दिवसीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता गिरिडीह व गांडेय विधानसभा प्रभारी पूरन महतो ने की। इस दौरान गांडेय प्रभारी उस्मान अंसारी, माले नेता कन्हाई पांडेय, प्रखंड नेता किशोर राय, नवीन पांडेय, सुखदेव कोल्ह, हीरालाल पंडित, बबलू राय, गुलाब कोल्ह, बोधी पंडित, कल्पना देवी, सरिता देवी, सीता देवी, कामनी देवी, बालेश्वर मुर्मू सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे बैठक को संबोधित करते हुए उस्मान अंसारी ने कहा कि पिछले 15-20 वर्षों में संगठन का अपेक्षित विस्तार नहीं हो सका और दूसरी व तीसरी पंक्ति के नेतृत्व का विकास भी नहीं हुआ। उन्होंने हर गांव तक पार्टी को पहुंचाने पर जोर दिया बैठक में 11-12 अप्रैल को हुई जिला कमेटी की बैठक के निर्णयों की जानकारी भी दी गई। इसके तहत गांडेय विधानसभा क्षेत्र में मेहताब अली मिर्जा तथा मुफ्फसिल क्षेत्र के लिए कन्हाई पांडेय को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

वहीं गिरिडीह शहर में राजेश सिन्हा, कन्हाई पांडेय, मेहताब अली मिर्जा, नवीन पांडेय, सलामत अंसारी

## चिहुटिया बैठक में संगठन विस्तार पर जोर

और रामलाल मुर्मू को अतिरिक्त प्रभार दिया गया है प्रखंड स्तर के नेताओं को निर्देश दिया गया कि वे हर गांव में बैठक आयोजित कर नए सदस्यों को जोड़ें। साथ ही गिरिडीह शहरी क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड-बूथ तथा ग्रामीण क्षेत्रों के हर गांव-बूथ में संगठन खड़ा करने पर विशेष जोर दिया गया बैठक में नेताओं ने कहा कि वैचारिक रूप से कमजोर युवा दिखावटी राजनीति की ओर आकर्षित हो रहे हैं, जिससे उनका राजनीतिक भविष्य प्रभावित हो सकता है। युवाओं को सही वैचारिक दिशा देने की आवश्यकता है।वहीं मेहताब अली मिर्जा, शंकर पांडेय और सलामत अंसारी ने पुराने कार्यकताओं से पार्टी में वापसी की अपील करते हुए कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए अनुभवी नेताओं की भूमिका अहम है माले के जिला सचिव अशोक पासवान ने कहा कि दोनों विधानसभा क्षेत्रों में संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया गया है।

उन्होंने कार्यकताओं से जनता के बीच लगातार सक्रिय रहने का आह्वान करते हुए कहा कि शहर, मुफ्फसिल और पीरटांड़ क्षेत्र में संगठन विस्तार की व्यापक संभावनाएं हैं उन्होंने पीरटांड़ प्रखंड में अजीत राय और उनकी टीम को हर गांव में संगठन खड़ा करने की जिम्मेदारी सौंपी और आश्वस्त किया कि पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का पूरा सहयोग मिलेगा।

# युद्ध विराम के बाद हज कमिटी और यात्रियों को बड़ी राहत, हज यात्रा के लिए होंगे रवाना



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद**। मिडिल ईस्ट में जारी तनाव के बीच युद्ध विराम होने के बाद हज यात्रा पर जाने वाले यात्रियों में खुशी का माहौल है। हालांकि हज यात्रा की तैयारियां पिछले कई महीनों से चल रही थीं, लेकिन यात्रा शुरू होने से कुछ दिन पहले हुए युद्ध विराम ने हज कमेटी और यात्रियों दोनों को बड़ी राहत दी है।

हज कमेटी के सदस्य मुफ्ती अब्दुल ने ईटीवी भारत की खास बातचीत में बताया कि मिडिल ईस्ट में चल रहे तनाव के बावजूद पिछले 9 महीनों से हज यात्रा की तैयारी लगातार जारी थी। हज पर जाने वाले यात्री कमेटी के निर्देशानुसार किस्तों में राशि जमा करते रहे।

उन्होंने कहा कि अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के कारण पूरी दुनिया में चिंता का माहौल था। हज पर जाने वाले लोग भी इस बात को लेकर असमंजस में थे कि वे यात्रा कर पाएंगे या नहीं। लेकिन हज यात्रा शुरू होने से ठीक पहले हुए युद्ध विराम ने सभी को राहत दी है। भले ही यह युद्ध विराम अस्थायी हो, लेकिन इससे हज यात्रियों को काफी सुकून मिला है।

उन्होंने उम्मीद जताई कि अगर ऊपर वाले की मर्जी रही, तो यह संघर्ष पूरी तरह समाप्त हो जाएगा। इस वर्ष झारखंड से कुल 1555 यात्री हज यात्रा पर जाएंगे, जबकि धनबाद जिले से 138 लोग शामिल होंगे। धनबाद से जाने वाले यात्रियों की फ्लाइट 20 अप्रैल को निर्धारित है, जबकि 19 अप्रैल को सभी को कोलकाता स्थित हज हाउस में रिपोर्ट करना होगा।

यात्रियों को पासपोर्ट और हेल्थ कार्ड के साथ कोलकाता हज हाउस पहुंचना होगा, जहां उन्हें टिकट और वीजा उपलब्ध कराया जाएगा। हज की यात्रा को सफल और सुरक्षित बनाने के लिए सरकार पूरी तरह सक्रिय है। सिविल सर्जन की निगरानी में सभी जिलों में हज यात्रियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जा चुका है। सरकार की ओर से सभी की सुरक्षा और निगरानी के लिए भी विशेष इंतजाम किए गए हैं।

## चार गैरजमानती वारंटी गिरफ्तार, नौ वर्षों से थे फरार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बारून (औरंगाबाद)**। बारून थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चार गैरजमानती वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई थाना क्षेत्र के चिरैला गांव में की गई।

थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान चिरैला गांव निवासी सत्येंद्र सिंह, लखन सिंह, गोरखा सिंह और अशोक सिंह के रूप में हुई है। इन सभी के विरुद्ध वर्ष 2017 में बारून थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी, जिसके बाद से ये लगातार फरार चल रहे थे। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि सभी आरोपी गांव में मौजूद हैं। सूचना के आधार पर छापेमारी अभियान चलाकर चारों को दबोच लिया गया। गिरफ्तारी के बाद सभी आरोपियों को न्यायिक प्रक्रिया पूरी करते हुए जेल भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि फरार वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान लगातार चलाया जा रहा है और आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।

# झाझा वन स्टॉप सेंटर से महिलाओं को एक ही छत के नीचे मिल रही बहुआयामी सहायता



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमुई**। बिहार सरकार के महिला एवं बाल विकास निगम द्वारा संचालित मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत झाझा में स्थापित वन स्टॉप सेंटर (ओएससी) महिलाओं के लिए बड़ी राहत साबित हो रहा है। इस केंद्र के माध्यम से जरूरतमंद एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित और समग्र सहायता उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे वे अपनी समस्याओं का समाधान एक ही स्थान पर प्राप्त कर सकें। झाझा के सोहजना मोड़ स्थित पुराने प्रखंड कार्यालय भवन में इस केंद्र का शुभारंभ 8 मार्च 2026 को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर किया गया। यह केंद्र जमुई जिले का दूसरा वन स्टॉप सेंटर है, इससे पहले जिला मुख्यालय जमुई में यह सुविधा उपलब्ध है। अब झाझा क्षेत्र की महिलाओं को भी इस महत्वपूर्ण सेवा का सीधा लाभ मिल रहा है। वन स्टॉप सेंटर में महिलाओं के लिए चिकित्सा सहायता, कानूनी सहायता, अस्थाई आश्रय, पुलिस सहायता तथा मनोवैज्ञानिक एवं सामाजिक परामर्श जैसी सभी आवश्यक सेवाएं पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं। इससे घरेलू हिंसा, उत्पीड़न या अन्य संकट की स्थिति से गुजर रही महिलाओं को तत्काल सहायता मिल रही है। केस वर्कर मानसी बरनवाल ने बताया कि केंद्र पर आने वाली प्रत्येक महिला की समस्या को गंभीरता से सुना जाता है और उसकी आवश्यकतानुसार समुचित सहायता प्रदान की जाती है। उन्होंने कहा कि ओएससी का उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षित वातावरण में न्याय और सहयोग उपलब्ध कराना है। वहीं, केंद्र प्रशासक चिंता कुमारी ने कहा कि यह केंद्र महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि यहां आने वाली महिलाओं को हर संभव सहायता देने के लिए प्रशिक्षित टीम 24 घंटे तत्पर रहती है, ताकि किसी भी पीड़ित महिला को परेशानी का सामना न करना पड़े। काउंसलर पूजा कुमारी ने जानकारी देते हुए बताया कि मानसिक तनाव या सामाजिक समस्याओं से जूझ रही महिलाओं के लिए काउंसलिंग की विशेष व्यवस्था की गई है। इससे महिलाएं अपनी भावनाओं को साझा कर मानसिक रूप से मजबूत बन पाती हैं। महिलाओं की सहायता के लिए 181 हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया गया है। इस नंबर पर कॉल करने के बाद मामलों को ओएससी झाझा में ट्रांसफर किया जाता है, जहां से पूरे केस की निगरानी की जाती है और आवश्यक सेवाएं मुहैया कराई जाती हैं। झाझा में वन स्टॉप सेंटर की स्थापना से क्षेत्र की महिलाओं में जागरूकता और आत्मविश्वास बढ़ा है। यह केंद्र न केवल संकटग्रस्त महिलाओं के लिए सहारा बन रहा है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने में भी अहम भूमिका निभा रहा है।

# उत्पाद सिपाही परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद**। जिले में उत्पाद सिपाही भर्ती परीक्षा रविवार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। जिले के कुल 77 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित इस परीक्षा को सात जोन में विभाजित किया गया था, जहां प्रशासन की ओर से सुरक्षा और निगरानी के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

हालांकि परीक्षा समाप्त होने के बाद दूसरी पाली के अभ्यर्थियों ने नागपुरी विषय के प्रश्नपत्र को लेकर सवाल खड़े किए। परीक्षा देकर केंद्रों से बाहर निकले कई अभ्यर्थियों ने प्रश्नों में त्रुटि होने का आरोप लगाया। SSLNT परीक्षा केंद्र से बाहर आई अभ्यर्थी सुमन कुमारी ने बताया कि उनकी परीक्षा अच्छी रही, लेकिन परिणाम आने तक कुछ भी कहना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि झारखंड में पहले भी परीक्षाओं को लेकर विवाद सामने आ चुके हैं, इसलिए अभ्यर्थियों में आशंका बनी रहती है।

वहीं अभ्यर्थी विवेक कुमार सिंह ने नागपुरी प्रश्नपत्र में कई गलतियां होने का दावा किया। उनके अनुसार तीन-चार प्रश्नों में त्रुटियां थीं, कुछ प्रश्नों के विकल्प सही नहीं थे, जबकि एक-दो प्रश्नों में तथ्यात्मक गलती भी पाई गई। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि एक प्रश्न में "हीरू" की जगह "बीरू" लिखा गया था। इसके अलावा गुमला स्थित टांगीनाथ मंदिर से जुड़े प्रश्न में वहां फरसा होने के बावजूद विकल्प में त्रिशूल दिया गया था। कुछ अभ्यर्थियों ने रांची में नकल करते पकड़े गए परीक्षार्थियों का हवाला देते हुए परीक्षा की पारदर्शिता पर भी सवाल उठाए। फिलहाल प्रशासन की ओर से परीक्षा शांतिपूर्ण होने का दावा किया गया है, लेकिन प्रश्नपत्र की त्रुटियों को लेकर अभ्यर्थियों की नाराजगी साफ देखने को मिली।

# उत्पाद सिपाही परीक्षा में पेपर लीक, भाजपा का प्रदर्शन, फूंका पुतला




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची**। झारखंड उत्पाद सिपाही भर्ती परीक्षा में पेपर लीक की आशंका को लेकर सियासी माहौल गरमा गया है। रविवार को भाजपा रांची महानगर जिला के नेतृत्व में जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम परिसर में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन कर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

**युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ का आरोप**

भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार की लापरवाही के कारण भर्ती परीक्षाओं की पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि पेपर लीक जैसी घटनाएं सीधे तौर पर मेहनत करने वाले युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। प्रदर्शनकारियों ने इस मुद्दे पर गहरा आक्रोश जताते हुए सरकार से जवाब मांगा।

**पुलिस कार्रवाई के बाद बढ़ा सियासी तापमान**

भाजपा नेताओं ने हाल ही में सामने आए तमाड़ कांड का भी जिक्र किया, जिसमें पुलिस ने पेपर लीक गिरोह के संदेह में 164 लोगों को हिरासत में लिया है। इस घटना को आधार बनाते हुए भाजपा ने कहा कि यह संगठित तरीके से परीक्षा प्रणाली को प्रभावित करने की साजिश है, जिसकी निष्पक्ष जांच जरूरी है।

**सरकार के खिलाफ नारेबाजी, सख्त कार्रवाई की मांग**

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने सरकार विरोधी नारे लगाए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। भाजपा नेताओं ने कहा कि जब तक इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को सजा नहीं दी जाती, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने यह भी मांग की कि परीक्षा प्रक्रिया को पारदर्शी और सुरक्षित बनाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

**बड़ी संख्या में जुटे कार्यकर्ता**

इस विरोध प्रदर्शन में भाजपा के कई पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। सभी ने एकजुट होकर सरकार के खिलाफ अपनी नाराजगी जाहिर की और युवाओं के हितों की रक्षा के लिए आवाज बुलंद की।

**अब राजनीति शुरू**

उत्पाद सिपाही परीक्षा को लेकर उठे विवाद ने अब राजनीतिक रूप ले लिया है और आने वाले दिनों में इस मुद्दे पर सियासत और तेज होने के संकेत मिल रहे हैं।

# बड़की का तोड़ा गया था निर्माणाधीन मकान, वन विभाग की कार्रवाई पर राजनीतिक माहौल गर्म

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह**। वन भूमि पर अतिक्रमण होते ही वन विभाग एक्टिव होता है और फिर कार्रवाई होती है। इस बार भी एक ऐसी कार्रवाई हुई जिसके बाद न सिर्फ सात साल पहले की मधुबन की घटना तरोताजा हो गई बल्कि विभाग नए विवाद में जा फंसा है। मामला गांडेय विधानसभा क्षेत्र से जुड़ा है जहां की विधायक सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन है।

इसी क्षेत्र के शादीगवारो की बड़की देवी (पति तुडा टुडू) के निर्माणाधीन अबुआ आवास को तोड़ा गया है। अतिक्रमण की कार्रवाई करने के बाद इस परिवार ने वनपाल पर रिश्वत मांगने का आरोप लगा दिया है। आरोप की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जांच के आदेश दिए हैं।

**जेएमएम ने भी ली है ग्राउंड रिपोर्ट**

इधर, इस मामले को लेकर जेएमएम जिलाध्यक्ष संजय सिंह ने भी जांच कमेटी गठित की। जिलाध्यक्ष द्वारा गठित जांच कमेटी में नुनुराम किस्कू, कोलेश्वर सोरेन, दिलीप रजक, प्रधान मुर्मू, अनवर अंसारी, विनोद सोरेन एवं लेखो मंडल शामिल हैं। टीम ने स्थल का निरीक्षण किया है। भुक्तभोगी परिवार से भी बात की है। साथ ही जल्द ही जांच रिपोर्ट सौंपने की बात भी कही है।

**वन भूमि का पट्टा की जगह आदिवासियों को उजाड़ रही है सरकार- राजेश**

इधर, ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक की एक टीम ने भी शादीगवारो का दौरा कर वहां की उत्पन्न स्थिति का जायजा लिया तथा पीड़ित परिवार सहित ग्राम वासियों से बात की। टीम की अगुवाई पूर्व जिप सदस्य एवं पार्टी के जिला संयोजक राजेश यादव कर रहे थे। राजेश यादव ने कहा कि 4 साल से यह घर बनाया जा रहा था, तो इतने दिन वन विभाग कहां था और अचानक कौन सी बात हो गई कि वनकर्मियों ने उसे ध्वस्त कर दिया। ऐसे में पीड़ित परिवार द्वारा रिश्वत नहीं देने के कारण उसका निर्माणाधीन आवास ध्वस्त किए जाने की बात निराधार नहीं लगती। फॉरवर्ड ब्लॉक नेता ने कहा कि सरकार को वैसे सभी गरीब आदिवासी और भूमिहीन, जो वनाश्रित हैं, को वन भूमि का पट्टा देना चाहिए। लेकिन उल्टा उन्हें उजाड़ने तक से परहेज नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वन कानूनों की धज्जियां उड़ाकर बड़े-बड़े लोग खुलेआम व्यवसाय कर रहे हैं, लेकिन कानून की मार सिर्फ गरीबों पर पड़ रही है।

# गिफ्ट डीड की जमीन पर सख्ती निगम की सख्ती, अतिक्रमण पर लगातार कार्रवाई



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची**। राजधानी में गिफ्ट डीड की जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर रांची नगर निगम ने सख्त रुख अपनाते हुए जीरो टॉलरेंस नीति लागू कर दी है। निगम ने साफ कर दिया है कि गिफ्ट डीड के तहत प्राप्त जमीन केवल सार्वजनिक उपयोग और निर्धारित उद्देश्यों के लिए है। इस पर किसी भी तरह का अतिक्रमण, दुकान संचालन या व्यावसायिक गतिविधि पूरी तरह प्रतिबंधित है।

नगर निगम द्वारा हाल के दिनों में चलाए गए सघन अभियान के तहत शहर के अलग-अलग हिस्सों में गिफ्ट डीड की जमीन पर किए गए अवैध कब्जों की पहचान कर उन्हें हटाया गया। 10 अप्रैल 2026 को कर्बला चौक स्थित खलील रेजिडेंसी के पास गिफ्ट डीड की जमीन पर बने पांच दुकानों को हटाया गया।

इसके बाद 11 अप्रैल 2026 को लालपुर और आसपास के इलाकों में भी कार्रवाई तेज की गई। निजी बैंक के पास बनी अवैध दुकान, कोचिंग के पास बनी गुमटी, सर्कुलर रोड स्थित बैंक्वेट हॉल के सामने की संरचना और हरिओम टावर के सामने बनी दुकान को हटाया गया।

इससे पहले 20 मार्च 2026 को अशोक नगर से अरगोड़ा मार्ग स्थित साईं निजी बिल्डिंग के पास गिफ्ट डीड की जमीन पर टाइल्स और फ्लोरिंग का काम किया जा रहा था, जिसे निगम ने जेसीबी की मदद से तत्काल हटवा दिया। वहीं 20 अगस्त 2025 को हिनू मेन रोड स्थित गिफ्ट डीड की जमीन पर अस्थायी रूप से बनाए गए एक दुकान को भी हटाया गया।

नगर आयुक्त ने इस मामले में स्पष्ट निर्देश जारी करते हुए कहा है कि यदि किसी भी भवन स्वामी, भू-स्वामी या बिल्डर की सहमति से गिफ्ट डीड की जमीन पर अतिक्रमण या नियमों का उल्लंघन पाया जाता है, तो संबंधित के खिलाफ ब्लैकलिस्टिंग की कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही कानूनी कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी। नगर निगम का कहना है कि गिफ्ट डीड की जमीन सार्वजनिक संपत्ति है और इस पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा कानूनन दंडनीय अपराध है। शहर के सुव्यवस्थित विकास, यातायात व्यवस्था और सौंदर्यीकरण को ध्यान में रखते हुए निगम इस तरह की कार्रवाई लगातार जारी रखेगा।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर पलामू की महिलाओं में उत्साह




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर ( पलामू)**। नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर 16, 17 और 18 अप्रैल को लोकसभा में चर्चा होने वाली है। इस अधिनियम को लेकर पलामू में भी महिलाओं में काफी उत्साह है। अधिनियम को लेकर मेदिनीनगर नगर निगम की मेयर अरुणा शंकर और भारतीय जनता पार्टी की नेत्री स्मिता आनंद ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। इस दौरान दोनों ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम ऐतिहासिक है। इस फैसले से राजनीति के क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी।

**महिलाएं अब नीति निर्मात बनेंगी: मेयर**

मेदिनीनगर मेयर अरुणा शंकर ने कहा कि महिलाएं अब नीति का निर्माता बनेंगी। यह एक क्रांतिकारी कदम है, जो राजनीति के क्षेत्र में महिलाओं को काफी मजबूत करेगा। सभी महिलाएं बेहद खुश हैं और हर क्षेत्र में उनकी भागीदारी बढ़ रही है। विकसित भारत के लिए यह एक महत्वपूर्ण कदम है।

## सिमरा में सड़क पर पानी जमा होने से होती है परेशानी

**औरंगाबाद/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। जिले के कुटुंबा प्रखंड के तहत भरौंधा पंचायत के सिमरा बाजार में सड़क की स्थिति काफी खराब हो गई है। जिससे ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गई है। बता दें कि यहां वर्षों से सड़क पर नाली का पानी जमा रहता है जिससे आवागमन में परेशानी हो रही है। गंदगी एवं दुर्गंध के कारण संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार सिमरा से रिसियप होते हुए जिला मुख्यालय तक जाने तक सड़क ग्रामीणों के लिए जीवनरेखा है। विद्यालय, बाजार, अस्पताल और अन्य जरूरी कामों के लिए ग्रामीण इसी मार्ग पर निर्भर हैं। प्रतिदिन सैंकड़ों वाहन इस मार्ग से गुजरते हैं बावजूद समस्या के समाधान की दिशा में अबतक कोई ठोस पहल नहीं की गई है। बता दें कि लगभग पांच वर्षों पहले 15वीं वित्त योजना के तहत सड़क किनारे नाला निर्माण कराया गया था परंतु नाले की ऊंचाई अधिक होने के कारण घरों से निकलने वाला पानी उसमें नहीं जा पा रहा है। पानी सड़क पर फैलकर लंबे समय तक जमा रहता है। इससे सड़क क्षतिग्रस्त हो चुकी है। ग्रामीणों ने अधिकारियों से जल्द से जल्द स्थायी समाधान की मांग की है ताकि उन्हें रास्ता मिल सके एवं बीमारियों के फैलने का खतरा कम किया जा सके।

# शिक्षा से बच्चों को सुशिक्षित बना रही बेटियां



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। शिक्षा व्यक्ति को मांजती है। संस्कारित करती है और समाज पाने का अवसर प्रदान करती है। शिक्षिकाएं महिलाएं जो समाज की आधार होती है। ऐसा ही मिशाल औरंगाबाद के रफीगंज प्रखंड के ढोसिला पंचायत के नीमा चतुर्भुज गांव की चार बेटियां है। गांव चार ातक उत्तीर्ण बेटियां समाज में शिक्षा की अलख जगा रही है। ग्रामीण शैलेश सिंह की पुत्री काजल कुमारी, नरेंद्र सिंह की पुत्री निशु कुमारी, भरत सिंह की पुत्री शिवानी कुमारी, जिया कुमारी ने गांव के प्रत्येक बच्चे को शिक्षित बनाने का संकल्प ली है। सभी स्वयं पढ़ रही है और साथ में गांव के बच्चों को पढ़ा भी रही है। पढ़ाने के बदले कोई शुल्क नहीं लेती है। बता दें कि नीमा चतुर्भुज गांव में बाल संस्कारशाला का शुभारंभ दिसंबर 2०23 में हुआ। काजल ने बताया कि शुरुआत के समय कम बच्चे आते थे। कुछ ही दिनों में बच्चों की संख्या बढ़ने लगी। वर्तमान में 40 से अधिक बच्चों को शिक्षा दी जा रही है। ये बच्चे प्रतिदिन विद्यालय से पढ़ाई कर लौटने के बाद यहां पढ़ने आते हैं। छात्रा मयंक कुमार, अरनव कुमार, छात्रा प्रिया कुमारी, खुशी कुमारी, आरुषि कुमारी ने बताया कि चारों शिक्षिकाएं बहन बनकर शिक्षा दे रही है। हर संभव मदद करती है। हमलोगों को निशुल्क पढ़ाई कराती है। पढ़ाई के साथ संस्कार सिखाती है। बाल संस्कारशाला के बारे में काजल ने बताया कि हम सभी पहले रफीगंज में श्रीराम बाल संस्कारशाला में पढ़ाई करने के लिए जाते थे। करीब छह से सात माह तक हमलोगों ने शिक्षा ग्रहण की। वहां से हमें प्रेरणा मिली कि अब गांव के हर बच्चों को निशुल्क शिक्षा देकर साक्षर बनाना है। वहीं शिवानी, जिया, काजल, निशु की दृढ़ इच्छाशक्ति का लाभ इस गांव को मिल रहा है। वर्तमान में बाल संस्कारशाला में 40 बच्चे निशुल्क शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। शिक्षा के साथ संस्कार का ज्ञान दिया जाता है। चारों ने बताया कि अबतक गांव के 25० बच्चों को शिक्षा दी है। यहां कोई भी पढ़ने आ सकता है। किसी तरह की कोई रोक नहीं है।

# शब्दवीणा की जिला समितियों का नवीनीकरण, नए पदाधिकारियों की घोषणा




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। राष्ट्रीय साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था 'शब्दवीणा' की उत्तर प्रदेश इकाई द्वारा बरेली और कानपुर जिला समितियों का नवीनीकरण किया गया है। यह निर्णय संस्था के हितों को ध्यान में रखते हुए तथा कुछ पदाधिकारियों की प्रदेश स्तर पर पदोन्नति के कारण लिया गया। संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी, उत्तर प्रदेश अध्यक्ष अनुराग सैनी मुकुंद एवं प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. बृज भूषण के विचार-विमर्श के बाद बरेली जिला समिति के लिए नए पदाधिकारियों की घोषणा की गई। इसके तहत निर्दोष कुमार 'विन' को जिला अध्यक्ष, मयंक तिवारी को उपाध्यक्ष, मनोज पांडेय 'मुसाफिर' को सचिव, रिजवान फरीदी को संगठन मंत्री, संजीव कुमार तनिक को कोषाध्यक्ष, राजबाला 'धैर्य' को साहित्य मंत्री तथा इसरार अहमद को प्रचार मंत्री नियुक्त किया गया है। वहीं, कानपुर जिला समिति में कुछ पदाधिकारियों को उनके पदों पर यथावत रखा गया है। राजकुमार सचान जिला अध्यक्ष, सुमनलता सचान साहित्य मंत्री और नुरैन फैजाबादी सचिव के पद पर बने रहेंगे। अनुराग पांडेय को संगठन मंत्री से पदोन्नत कर जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा संदीप सैनी को संगठन मंत्री, ओमप्रकाश श्रीवास्तव को कोषाध्यक्ष और विक्रांत साहू को प्रचार मंत्री का दायित्व सौंपा गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी ने बताया कि यह फेरबदल संस्था की सक्रियता बढ़ाने और संगठन को सशक्त बनाने के उद्देश्य से किया गया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में उत्तर प्रदेश समिति के संरक्षक प्रो. रवि कुमार मिश्र, सचिव राजकुमार शर्मा, संगठन मंत्री संदीप सैनी, कोषाध्यक्ष राघव दुबे, साहित्य मंत्री सीमा मौर्य 'शैली' और प्रचार मंत्री अनुराग दीक्षित हैं। प्रदेश अध्यक्ष अनुराग सैनी मुकुंद के नेतृत्व में कानपुर, बरेली, मथुरा, शाहजहांपुर, बाराबंकी, लखनऊ और पीलीभीत सहित विभिन्न जिलों में साहित्यिक आयोजनों की रूपरेखा तैयार की जा रही है, जिससे साहित्यिक गतिविधियों को और गति मिलेगी।

# ट्रैक्टर - बाइक की टक्कर में तीन की मौत

## श्राद्धकर्म में मोटरसाइकिल से जा रहे थे मृतक



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम**। जिले के सासाराम नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बढ़ैया बाग में रविवार की सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में बच्ची समेत तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। तीनों मृतक सासाराम नगर थाना क्षेत्र के बाजार समिति के रहने वाले हैं, जिनमें परमानंद कुमार (25), खुशबू देवी (30) एवं लगभग काव्या कुमारी (02) शामिल है। मिली जानकारी के मुताबिक मृतक परमानंद कुमार के दादी की हाल हीं में मौत हो गई थी, जिसको लेकर गांव में श्राद्धकर्म की तैयारी चल रही थी।

इसी कर्म में शामिल होने के लिए तीनों एक बाइक पर सवार होकर कोचस थाना क्षेत्र के मैनपुरा गांव जा रहे थे, तभी हादसे का शिकार हो गए।

घटना के संदर्भ में बताया जाता है कि बाइक सवार तीनों लोग सासाराम से कोचस की तरफ जा रहे थे, तभी विपरीत दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर से उनकी भिड़ंत हो गई।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और घटनास्थल पर हीं तीनों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई और स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी।

वहीं घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची सासाराम नगर थाने की पुलिस ने तीनों शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया। पुलिस के अनुसार घटनास्थल से भाग रहे ट्रैक्टर को पकड़कर जप्त कर लिया गया है और आगे की कार्रवाई चल रही है।

## गोली मारकर वृद्ध की हत्या

**भागलपुर**। जिले के नवगछिया पुलिस जिला अंतर्गत इस्माइलपुर थाना क्षेत्र के पश्चिमी भिट्ठा गांव से सनसनीखेज हत्या का मामला सामने आया है। वार्ड संख्या 4 निवासी 65 वर्षीय किसान बूट्टन मंडल की अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी।

मिली जानकारी के अनुसार, बूट्टन मंडल अपने बासा पर सोए हुए थे। इसी दौरान रात करीब दो से तीन बजे के बीच अज्ञात अपराधियों ने उन्हें गोली मार दी। गोली उनके पेट में लगी, जो छाती को चीरते हुए निकल गई, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी रविवार की सुबह तब हुई, जब उनका बड़ा बेटा मवेशियों को चारा खिलाने बासा पर पहुंचा। उसने देखा कि उसके पिता सोए हुए हैं। जब उन्हें जगाने की कोशिश की, तो वे खून से लथपथ मिले। अपने पिता को मृत अवस्था में देखकर वह दंग रह गया। इसके बाद परिजनों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी।

बताया जा रहा है कि घटनास्थल मृतक के घर से महज 50 मीटर की दूरी पर स्थित है।

# राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था शब्दवीणा के विभिन्न समितियों का नवीनीकरण




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। राष्ट्रीय साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था 'शब्दवीणा' की उत्तर प्रदेश समिति ने बरेली जिला इकाई एवं कानपुर जिला इकाई का नवीनीकरण किया है। शब्दवीणा की राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी, उत्तर प्रदेश अध्यक्ष अनुराग सैनी मुकुंद एवं प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ बृज भूषण ने विचार-विमर्श के उपरांत निर्दोष कुमार 'विन' को बरेली जिला समिति का अध्यक्ष, मयंक तिवारी को जिला उपाध्यक्ष, मनोज पाण्डेय 'मुसाफिर' को जिला सचिव, रिजवान फरीदी को जिला संगठन मंत्री, संजीव कुमार तनिक को जिला कोषाध्यक्ष, राजबाला 'धैर्य' को जिला साहित्य मंत्री एवं इसरार अहमद को जिला प्रचार मंत्री पद का दायित्व दिया है।

वहीं दूसरी ओर शब्दवीणा कानपुर जिला समिति के अध्यक्ष राज कुमार सचान, जिला साहित्य मंत्री सुमन लता सचान, एवं जिला सचिव नुरैन फैजाबादी अपने पदों पर पूर्ववत बने रहेंगे। अनुराग पाण्डेय अब कानपुर समिति के जिला संगठन मंत्री की जगह जिला उपाध्यक्ष होंगे। संदीप सैनी नवीनीकृत कानपुर जिला समिति के संगठन मंत्री, ओमप्रकाश श्रीवास्तव जिला कोषाध्यक्ष, एवं विक्रांत साहू जिला प्रचार मंत्री होंगे।

राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रश्मि ने बताया कि समिति में यह फेरबदल संस्था के हित को ध्यान में रखते हुए व जिला समिति के कुछेक पदाधिकारियों की प्रदेश समिति में हुई पदोन्नति के कारण करनी पड़ी है। कहा कि वर्तमान में शब्दवीणा उत्तर प्रदेश समिति के संरक्षक प्रोफेसर रवि कुमार मिश्र, सचिव राजकुमार शर्मा, संगठन मंत्री संदीप सैनी, कोषाध्यक्ष राघव दुबे, साहित्य मंत्री सीमा मौर्या शैली, एवं प्रचार मंत्री अनुराग दीक्षित हैं। उत्तर प्रदेश अध्यक्ष अनुराग सैनी मुकुंद, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ बृज भूषण, एवं अन्य प्रदेश पदाधिकारियों के नेतृत्व में शब्दवीणा की कानपुर, बरेली, मथुरा, शाहजहांपुर, बाराबंकी, लखनऊ, पीलीभीत आदि जिला समितियों के तत्वावधान में साहित्यिक आयोजनों की योजना बन रही है।

# होमगार्ड कमांडेंट पर गिरी कार्रवाई की गाज

## महिला प्रशिक्षुओं से गलत आचरण का आरोप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हाजीपुर**। वैशाली जिले में होमगार्ड कमांडेंट के रूप में तैनात प्रेमचंद पर बिहार पुलिस मुख्यालय ने बड़ी कार्रवाई की है। मुख्यालय ने उन्हें वैशाली जिले से हटाकर मुख्यालय में तैनात कर दिया है। वहीं, पटना में तैनात रितेश कुमार पाण्डेय को वैशाली जिले का प्रभार दिया गया है।

बताया गया है कि वैशाली में तैनात होमगार्ड कमांडेंट के खिलाफ दो युवती, जो होमगार्ड प्रशिक्षण ले रही थीं, ने गलत आचरण की शिकायत मुख्यालय में की थी। इसके बाद एक जांच टीम का गठन किया गया। जांच शुरू होने पर मामला सही पाया गया, जिसके बाद मुख्यालय की ओर से आदेश जारी कर प्रेमचंद को मुख्यालय में क्लोज कर दिया गया।

यह कार्रवाई अब जिले में चर्चा का विषय बनी हुई है। जानकारी के अनुसार, भागलपुर की रहने वाली दो युवतियों ने होमगार्ड प्रशिक्षण केंद्र में ट्रेनिंग के दौरान गलत व्यवहार की शिकायत की थी। इसके बाद पूरे विभाग में हड़कंप मच गया। जांच में आरोप सही पाए जाने के बाद पुलिस मुख्यालय की ओर से यह कार्रवाई होमगार्ड महानिदेशक द्वारा की गई है।

गृह रक्षा वाहिनी के महानिदेशक द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि बिहार गृह रक्षा वाहिनी स्वयंसेवक संघ की ओर से प्रेमचंद, जिला समादेष्टा-सह-जिला अग्निशमन पदाधिकारी, वैशाली के संबंध में परिवाद-पत्र प्राप्त हुआ था। इसमें वैशाली प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षणरत भागलपुर जिले की दो प्रशिक्षु गृहरक्षकों के साथ प्रेमचंद द्वारा दुराचार करने का आरोप लगाया गया था।

उक्त परिवाद की जांच उप-महासमादेष्टा, गृह रक्षा वाहिनी, बिहार, पटना द्वारा कराई गई। जांच प्रतिवेदन में प्रेमचंद के विरुद्ध लैंगिक उत्पीड़न का मामला सत्य पाया गया। इसके बाद तत्काल प्रभाव से उन्हें मुख्यालय, गृह रक्षा वाहिनी, पटना में क्लोज कर दिया गया।

# मां सत्यचंडी महायज्ञ का भव्य आयोजन, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। प्रखंड के अंतर्गत अदरी नदी के तट पर स्थित बड़वाँ गांव में जनकल्याण के उद्देश्य से मां सत्यचंडी महायज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है। रविवार को यज्ञ का तीसरे दिन उत्साह और श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ।आयोजन की शुरूआत 10 अप्रैल को जल शोभा यात्रा के साथ हुई थी, जिसके बाद विधिवत यज्ञ आरंभ किया गया। यज्ञ के दौरान प्रतिदिन पूजा-पाठ, हवन और जनकल्याण की कामना से विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान किए जा रहे हैं। आयोजन समिति के अनुसार, प्रत्येक संध्या 7 बजे से प्रयागराज से आए कथावाचक अनुराग शास्त्री एवं 9 बजे से सावित्री शास्त्री द्वारा कथा वाचन किया जा रहा है, जिसे सुनने के लिए बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। आचार्य मिथिलेश वैद्य ने बताया कि यज्ञ करने और इसकी परिक्रमा करने से सभी बाधाएं दूर होती हैं तथा रोग, कष्ट और दुखों से मुक्ति मिलती है। उन्होंने कहा कि जिस गांव में यज्ञ होता है, वहां सुख-समृद्धि और उन्नति होता है। यज्ञ के मुख्य यजमान चंदन मिश्रा ने परिवार सहित फलाहार रखकर पूजा-अर्चना की। मुख्य कार्यकर्ता शशिकांत मालाकार ने बताया कि यह सत्यचंडी यज्ञ शत्रु विजय, रोग मुक्ति और धन-समृद्धि की कामना से आयोजित किया गया है। आयोजन मुखिया सुरंजय शर्मा पैक्स अध्यक्ष राजु यादव , उपेंद्र मिश्र, धर्मेंद्र मिश्र,अवनीश मिश्र, रजनीश मिश्र, शशि भूषण मिश्र, दुखराज मेहता, शशि भूषण वर्मा, राजा तिवारी, बसंत राम, राजेश प्रजापति, वजिन्दर साव, बैजनाथ चौबे, अखिलेश सिंह पुरे ग्रामवासी सक्रिय रूप से शामिल है।

# जदयू विधायक पर लटकी गिरफ्तारी की तलवार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना**। बिहार की राजनीति से इस वक्त की बड़ी खबर सामने आ रही है, जहां नीतीश कुमार के बेहद करीबी माने जाने वाले कुचायकोट से जदयू विधायक अमरेंद्र कुमार पांडेय उर्फ पप्पू पांडेय की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। भू-माफियाओं को संरक्षण देने और अवैध जमीन कब्जा करने के गंभीर आरोपों के बीच स्थानीय अदालत ने विधायक सहित तीन मुख्य आरोपियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया है। इस मामले में पुलिस अब किसी भी क्षण विधायक पप्पू पांडेय, उनके बड़े भाई और बाहुबली सतीश पांडेय तथा राहुल तिवारी को गिरफ्तार कर सकती है।

मामला भू-माफियाओं से सांठगांठ और उन्हें राजनीतिक संरक्षण देने से जुड़ा है। आरोप है कि विधायक और उनके करीबियों ने मिलकर जमीन हड़पने वाले सिंडिकेट को न केवल बढ़ावा दिया, बल्कि उसमें सीधी संलिप्तता भी दिखाई। कोर्ट द्वारा वारंट निर्गत होने के बाद गोपालगंज पुलिस ने अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। गोपालगंज के पुलिस अधीक्षक विनय तिवारी ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए सख्त रुख अपनाया है। एसपी के कड़े निर्देश पर पुलिस की विशेष टीमें विधायक और अन्य आरोपियों की तलाश में लगातार छापेमारी कर रही हैं।

इस हाई-प्रोफाइल मामले में पुलिस ने अब तक कुल चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ के बाद कई अहम सुराग पुलिस के हाथ लगे हैं, जिसके आधार पर ही विधायक और उनके परिवार के सदस्यों की घेराबंदी की गई है। गिरफ्तार किए गए सभी चार आरोपियों को पूर्व में ही न्यायिक हिरासत में भेजते हुए जेल भेज दिया गया है।

पप्पू पांडेय की गिनती जदयू के कद्दावर और मुख्यमंत्री के करीबी नेताओं में होती रही है। ऐसे में उनके खिलाफ वारंट जारी होना और पुलिस की इस सक्रियता ने बिहार की सियासत में हलचल मचा दी है।

# रूद्र महायज्ञ में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

## 46 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद आयोजित हुआ है महायज्ञ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शिवाजीनगर**। प्रखंड अंतर्गत दसौत पंचायत के परमधाम मानस मंदिर बंदा परिसर में आयोजित श्री-श्री 1008 रुद्र महायज्ञ से इन दिनों पूरा इलाका में आस्था और भक्ति का अदभुत केंद्र बिंदु बना हुआ है। 46 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद आयोजित इस भव्य महायज्ञ को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखी जा रही है। यज्ञ स्थल पर दूर-दूर से श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार उमड़ रही है जिससे पूरा इलाका भक्तिमय हो चुका है। इस अवसर पर यज्ञ स्थल को भव्य तरीके से आकर्षक ढंग से सजाया गया है। यज्ञ मंडप में भगवान शंकर ,माता पार्वती, भगवान गणेश, कार्तिकेय, हनुमान जी सीताराम, लक्ष्मण एवं राधा कृष्ण, राजा हरिश्चंद्र सहित कई देवी-देवताओं की प्रतिमाएं स्थापित कर सजाया गया है।

श्रद्धालुओं की मनोरंजन के लिए मेला भी लगाया गया है जिसमें टावर झूला, ड्रैगन ट्रेन, नाव, सहित विभिन्न प्रकार के झूले लगाए गए हैं। बच्चे और युवा इन झूलों का भरपुर आनंद उठा रहे हैं। विशेष रूप से महिलाओं श्रद्धालुओं की भागीदारी अधिक उल्लेखनीय बनी हुई है। जो सुबह से ही पूजा अर्चना के लिए यह स्थल पर पहुंच रही है। 9 अप्रैल से शुरू महायज्ञ के चौथे दिन रविवार को सुबह से ही प्रखंड के विभिन्न गांव से श्रद्धालु पूजा अर्चना के लिए पहुंचने लगे। यज्ञ में बाहर से पधारे आगंतुकों के लिए ठहराव की भी व्यवस्था की गई है। महायज्ञ के समिति अध्यक्ष गोपाल राय, समिति के रजनीश कुमार राय, गोविंद राय, अरविंद कुमार राय, केशव राय, पूर्व मुखिया नागेंद्र कुमार राय ,महेश राय ,पूर्व मुखिया कृष्ण कुमार राय उर्फ ललन राय, राम रतन राय, महेश राय ,लाला राय, गंगाराम राय सहित अन्य सदस्यों ने बताया कि गांव की पश्चिम तरफ गाछी में 46 वर्षों पूर्व मौनी बाबा के द्वारा गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया था। सदस्यों ने बताया कि इस महायज्ञ का आयोजन विश्व कल्याण समाज निर्माण क्षेत्र में सुख शांति का कामना के लिए किया गया है। हम बदलेंगे युग बदलेगा हम सुधरेंगे युग सुधरेगा कि नारा समाज के युवाओं ने दिया है। रुद्र महायज्ञ में गांव के एवं आसपास के युवाओं के द्वारा बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया जा रहा है।

## ब्लेड से रेता गला, गंभीर

**बेगूसराय**। बखरी में ठंडा पिलाने के बहाने बुलाकर दोस्तों ने ही एक बालक का गला रेत दिया दिया। घटना बखरी स्थित बेगूसराय बस स्टैंड के पीछे की है। घटना में ब्लेड का प्रयोग किया गया है। जिससे बालक गंभीर रूप से घायल हुआ है। जिसका इलाज स्थानीय निजी क्लिनिक में किया जा रहा है। गनीमत रही कि बालक की श्वास नली कटने से बच गई, वरन उसकी जान भी जा सकती थी।

# प्लेटफार्म पर गूंजी किलकारी, जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ्य

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना**। पाटलिपुत्र रेलवे स्टेशन पर रविवार सुबह मानवता और त्वरित कार्रवाई का सराहनीय उदाहरण देखने को मिला। प्लेटफॉर्म संख्या-02 पर एक महिला यात्री ने प्रसव पीड़ा के बीच सुरक्षित रूप से एक बच्ची को जन्म दिया। इस पूरे घटनाक्रम में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ), जीआरपी कर्मियों और महिला यात्रियों की अहम भूमिका रही। जानकारी के अनुसार, आरपीएफ के एएसआइ प्रभात कुमार अपनी टीम के साथ गाड़ी संख्या 13206 को सुरक्षित पास कराने के लिए प्लेटफॉर्म संख्या-02 पर गश्त कर रहे थे। इसी दौरान सुबह 9:18 बजे स्टेशन मास्टर ने सूचना दी कि प्लेटफॉर्म के उत्तरी छोर स्थित फुटओवर ब्रिज के नीचे एक महिला को प्रसव पीड़ा हो रही है।

सूचना मिलते ही आरपीएफ टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महिला आरक्षी एकता, जीआरपी की महिला आरक्षी और महिला होमगार्ड के साथ मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया ।वहां मौजूद महिला यात्रियों के सहयोग से सुरक्षित माहौल में महिला का प्रसव कराया गया और महिला ने एक स्वस्थ बच्ची को जन्म दिया।

प्रसूता की पहचान खगड़िया जिले के अलौली थाना क्षेत्र के शुम्भा राजेघाट निवासी राजा चौधरी की पत्नी खुशबू कुमारी के रूप में हुई है।

उन्होंने बताया कि वह अपने पति, भाई और भाभी के साथ प्रसव के लिए अपने गांव जा रही थीं, लेकिन ट्रेन में चढ़ने के दौरान ही अचानक प्रसव पीड़ा शुरू हो गई, जिसके कारण वह ट्रेन में नहीं चढ़ सकीं।

घटना के बाद जच्चा और नवजात को बेहतर देखभाल के लिए मंडलीय अस्पताल, दानापुर भेजा गया, जहां डॉक्टरों की निगरानी में दोनों पूरी तरह सुरक्षित हैं। इस घटना ने एक बार फिर साबित किया कि आपात स्थिति में रेलवे सुरक्षा बल और सहयोगी एजेंसियां किस तरह संवेदनशीलता और तत्परता के साथ यात्रियों की मदद के लिए आगे आती हैं।

# वेल्डिंग के दौरान डीजल टंकी में लगी आग, तीन मजदूर झुलसे

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहटा**। रविवार को अपराह्न में बिहटा, सिकंदरपुर स्थित मेगा औधोगिक पार्क कैम्पस में स्थापित ब्रिटानिया बिस्किट फैक्ट्री में बन रहे डीजल टैंक में वेल्डिंग करने के दौरान अचानक आग लग गयी।

घटना के बाद अफरातफरी का माहौल कायम हो गया। वहीं इसकी चपेट में आने से तीन मजदूर झुलसकर घायल हो गए ।घटना के बाद आनन-फानन में लोगों ने झुलसे लोगों को उठाकर अस्पताल में इलाज के लिये भर्ती करवाया है। जंहा एक मजदूर की हालात गंभीर बताई जा रही है। गंभीर रूप से घायल की पहचान नंदू कुमार के रूप में की जा रही है ।घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों ने जैसे तैसे दुर्घटना पर काबू पाकर एक घटना को होने से बचा लिया।

बताया जाता है कि देश में एलपीजी गैस की किल्लत होने के बाद समस्या का निदान को लेकर एक डीजल से बिस्किट बनाने की कवायद फैक्ट्री के द्वारा शुरू किया जाना था।

बिस्किट कंपनी ने डीजल टैंक बनाने के लिये एक निजी कंपनी के द्वारा अनुबंध किया था। रविवार को अपराह्न डीजल का टैंक बनाया जा रहा था की वेल्डिंग करने के दौरान आग लग लगी।

घटना के बाद वेल्डिंग कर रहे कारीगर बुरी तरह से झुलस गया। वहीं, आसपास खड़े दो अन्य लोग भी उसके चपेट में आकर घायल हो गए।

## जसुपा के दिग्गजों ने थामी कांग्रेस का दामन

**पटना**। बिहार की राजनीति में बढ़ती हलचल के बीच प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी को एक बड़ा झटका लगा है। जन सुराज के कई प्रमुख नेताओं ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर ली। पटना स्थित प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित एक भव्य मिलन समारोह में प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने सभी नेताओं को कांग्रेस का तिरंगा पहनाकर पार्टी में शामिल किया। कांग्रेस पार्टी में शामिल होने वाले प्रमुख चेहरों में गोविंद आनंद, अमित आनंद, अभिराज सिंह, प्रशांत अभिषेक, शायक आलम और प्रोफेसर चंद्रिमा सिंह सहित अन्य कई कार्यकर्ता शामिल हैं।

इस अवसर पर राजेश राम ने कहा कि जन सुराज से आए इन ऊर्जावान और अनुभवी साथियों के जुड़ने से जमीनी स्तर पर कांग्रेस संगठन को अभूतपूर्व मजबूती मिलेगी। यह इस बात का प्रमाण है कि लोग राहुल गांधी के विजन और कांग्रेस की समावेशी विचारधारा पर भरोसा कर रहे हैं। वहीं, पार्टी में शामिल हुए नेताओं ने एक सुर में कहा कि देश में लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा और सामाजिक न्याय की लड़ाई सिर्फ कांग्रेस ही लड़ सकती है।

# आंगनबाड़ी केंद्रों को अपग्रेड करने के नाम पर लाखों का वारा-न्यारा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बक्सर**। बच्चों को बेहतर पोषण और प्रेरणादायी वातावरण उपलब्ध कराने के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों को अपग्रेड करने की महत्वाकांक्षी योजना पर भ्रष्टाचार की नजर लग गई।

सीडीपीओ ने विभागीय निर्देश की धज्जियां उड़ाते हुए नगर पंचायत ब्रह्मपुर के 14 आंगनबाड़ी केंद्रों पर आधा अधूरा काम कर कागजी खानापूर्ति कर दी। हद तो यह कि मैडम ने भ्रष्टाचार के खेल में आधे केंद्रों पर दो वित्तीय वर्ष की राशि एक ही साल में खर्च के नाम पर लाखों रुपए की सरकारी राशि हजम कर गई। तीन अधिकारियों की टीम द्वारा मामले की जांच कर रिपोर्ट भेजी गई है। बताया जाता है कि बच्चों को बेहतर पोषण और प्रेरणादायी वातावरण विकसित करने के उद्देश्य से ब्रह्मपुर प्रखंड में वित्तीय वर्ष 2023 24 में 14 तथा वित्तीय वर्ष 2024 25 में भी 14 आंगनबाड़ी केंद्रों को अपग्रेड करने के लिए आईसीडीएस द्वारा राशि भी आवंटित कर दी गई थी। लेकिन पहले वित्तीय वर्ष में किसी भी केंद्र को अपग्रेड नहीं किया गया और दूसरे वित्तीय वर्ष की राशि भी स्वीकृत हो गई।

इसके बाद तबादले से पहले ही विभाग की भ्रष्ट अधिकारी ने दोनों वित्तीय वर्ष की राशि को एक साथ 28 आंगनबाड़ी केंद्रों के बदले 14 केंद्रों को कागज पर ही अपग्रेड कर दिया। अपग्रेड के नाम पर आधा-अधूरा काम किया गया और पुराने शौचालय को ही डेंटिंग-पेंटिंग कर नया बना दिया गया। कहीं भी नए शौचालय नहीं बनाया गया।

पोषण वाटिका नहीं बनी और न वाल पेंटिंग की गयी और फाइलों पर लाखों रुपए की विकास राशि की हेराफेरी कर ली गई। हद तो यह है कि बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं भावात्मक विकास की महत्वाकांक्षी योजना का कार्य सरकारी भवन वाले केंद्रों के बदले किराए के केंद्रों को अपग्रेड कर योजना राशि की लूट की गई। कार्रवाई के नाम पर जांच रिपोर्ट अभी घूम रही है।

# गंगा में नहाने गये छह लोग डूबे

## चार को लोगों ने बचाया, दो को खोज रही एसडीआरएफ की टीमें



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हाजीपुर**। रुस्तमपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत रुस्तमपुर गंगा नदी में नहाने के दौरान गंगा नदी में डूब रही एक युवती को बचाने के दौरान छह व्यक्ति डूबने लगे। मौके पर मौजूद लोगों के द्वारा चार व्यक्ति को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। जबकि दो लोग नदी में डूब गए। घटना रविवार की सुबह की बताई गई है। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में कोहराम मच गया। स्वजन का रोते-रोते बुरा हाल है।

घटना की सूचना मिलते ही स्वजन रूस्तमपुर घाट किनारे पहुंच गए। घटना की जानकारी रूस्तमपुर थाना एवं एसडीआरएफ टीम को दी गई। घटना की सूचना मिलते ही रुस्तमपुर थाने की पुलिस में मौके पर पहुंच गई।

सूचना पर पहुंची एसडीआरएफ की दो टीम डूबे युवक-युवती की खोजबीन दिनभर नदी में सर्च ऑपरेशन चला कर किया। हालांकि रविवार की शाम तक दोनों का पता नहीं चल पाया। सोमवार की सुबह से खोजबीन की जाएगी। घटना के बाद युवक युवती के घर वाले गंगा नदी किनारे जुटे हुए हैं। मिली जानकारी के अनुसार गंगा नदी में डूबे बच्चे निशांत कुमार पिता अरविंद शर्मा घर पवेरा थाना धनरूआ जिला पटना एवं मानती कुमारी पिता सुधीर शर्मा घर फतेहपुर थाना दीदारगंज निवासी बताया गया है। दोनों आपस में ममेरा फुफेरा भाई-बहन हैं।

## सोलर लोन मेला 15 अप्रैल को

**नवादा**। जिलाधिकारी रवि प्रकाश के निदेर्शानुसार 15 अप्रैल को जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र (डीआरसीसी) बुधौल, नवादा में सोलर लोन मेला का आयोजन किया जाएगा।

कार्यपालक अभियंता, विद्युत प्रमंडल, नवादा अनिल कुमार भारती ने बताया कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति की उच्चस्तरीय समीक्षा के दौरान यह तथ्य सामने आया है कि बिहार में बैंकों द्वारा करीब 45 प्रतिशत ऋण आवेदनों को तकनीकी कारणों से रद कर दिया गया है, जो राष्ट्रीय स्तर पर सर्वाधिक है।

इस मेले का मुख्य उद्देश्य पूर्व में रद्द अथवा लंबित आवेदनों की त्रुटियों को सुधार कर उन्हें तत्काल स्वीकृति प्रदान करना है। ताकि ऋण वितरण प्रक्रिया को सुचारू बनाया जा सके।

उन्होंने बताया कि ऐसे इच्छुक व्यक्ति जो अपने घर की छत पर सोलर प्लांट लगाना चाहते हैं, वे भी इस मेले में भाग लेकर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

आवेदन के लिए उपभोक्ताओं को सिर्फ आधार कार्ड, नवीनतम बिजली बिल एवं छत के स्वामित्व का स्व-अभिप्रमाणित प्रमाण-पत्र साथ लाना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा सब्सिडी प्रदान की जा रही है, जिसमें एक किलोवाट के लिए 30 हजार रुपये, दो किलोवाट के लिए 60 हजार और तीन किलोवाट या उससे अधिक के लिए 78 हजार रुपये की वित्तीय सहायता निर्धारित है। विशेषज्ञों के अनुसार, सौर संयंत्र की स्थापना लागत लगभग तीन से चार वर्षों में वसूल हो जाती है।

# वैभव सूर्यवंशी की सफलता से समस्तीपुर में जश्न का माहौल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**समस्तीपुर**। क्रिकेट की दुनिया में जब कोई रिकॉर्ड टूटता है, तो आंकड़े बदलते हैं। लेकिन जब बिहार के समस्तीपुर का एक 15 वर्षीय किशोर आईपीएल जैसे दुनिया के सबसे बड़े मंच पर जाकर तहलका मचाता है, तो इतिहास बदल जाता है।

ताजपुर निवासी वैभव सूर्यवंशी ने अपनी उम्र को महज एक संख्या साबित कर दिया है। राजस्थान रॉयल्स के लिए ओपनिंग करते हुए वैभव ने अपनी बल्लेबाजी से जो 'आग' उगली है, उसकी तपिश अब सात समंदर पार पाकिस्तान तक महसूस की जा रही है।

वैभव के पिता संजीव सूर्यवंशी ने बरसों पहले एक सपना देखा था- अपने बेटे को विश्व स्तरीय क्रिकेटर बनाने का। बिहार जैसे राज्य में जहां क्रिकेट की डगर हमेशा से कठिन रही है, वहां एक पिता ने अपनी पूरी पूंजी और विश्वास वैभव पर लगा दिया।

आज जब वैभव आईपीएल की पिच पर बड़े-बड़े दिग्गजों के छक्के छुड़ा रहे हैं, तो यह उस पिता के संघर्षों की जीत है। समस्तीपुर के गलियारों में एक ही गूंज है कि पिता का सपना तो इस जांबाज बेटे ने पूरा कर दिया, अब बारी पूरे देश की उम्मीदों पर खरा उतरने की है।

वैभव की उम्र सिर्फ 15 साल है, लेकिन उनके शॉट किसी मंझे हुए अनुभवी खिलाड़ी की याद दिलाते हैं। पाकिस्तान के खेल गलियारों में इस बात की सबसे ज्यादा चर्चा है कि आखिर भारत में यह कैसे संभव है? पाकिस्तानी क्रिकेट प्रशंसक और विशेषज्ञ यह देखकर हक्के-बक्के हैं कि 15 साल की उम्र में कोई बच्चा इतने बेखौफ अंदाज में अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजों का सामना कैसे कर सकता है।

दिग्गज क्रिकेटर उन्हें 'गॉड गिफ्टेड' कह रहे हैं, तो कोई उन्हें 'आग का गोला' मान रहा है। उनकी उम्र को लेकर चल रही चचाओं के बीच वैभव का बल्ला उन तमाम सवालों का जवाब दे रहा है जो उनके कौशल पर शक करते थे।

# संपादकीय

## युद्धविराम के बाद कैसा होगा नया दौर

यह बात महत्त्वपूर्ण है कि इससे पहले अमेरिका की ओर से दिए गए समझौता प्रस्ताव को ईरान ने सिरे से खारिज कर दिया था। अब जिस प्रस्ताव पर युद्धविराम को लेकर सहमति बनी है, वह ईरान की ओर से पेश किया गया है।अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच शांति की राह खुलने से एक नई उम्मीद जगी है। एक माह से अधिक समय तक वार-पलटवार के बाद आखिरकार दोनों पक्ष दो सप्ताह के युद्धविराम पर सहमत हो गए हैं। ऐसे संकेत दिए जा रहे हैं कि शुक्रवार से पाकिस्तान के इस्लामाबाद में दोनों पक्षों के बीच समझौते को लेकर वार्ता शुरू हो सकती है। इस फैसले से दुनिया के उन देशों को भी फिलहाल राहत महसूस हो रही है, जिनका इस युद्ध से सीधे तौर पर कोई संबंध नहीं हैं, लेकिन होर्मुज जलमार्ग बाधित होने से उनके यहां तेल और गैस का संकट पैदा हो गया है।युद्धविराम के एलान का तात्कालिक असर यह हुआ कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के बढ़े दामों में अठारह फीसद की गिरावट दर्ज की गई। इससे निश्चित तौर पर तेल और गैस की कीमतों को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी, लेकिन सवाल है कि क्या युद्धविराम स्थायी शांति में तब्दील हो पाएगा? यह प्रश्न इसलिए अहम है, क्योंकि खबरों के मुताबिक ईरान ने अपने प्रस्ताव में जो शर्तें रखी हैं, उन पर आम सहमति कायम करना आसान नहीं होगा।गौरतलब है कि अमेरिका और इजराइल की ओर से 28 फरवरी को ईरान पर हमले के साथ ही युद्ध का बिगुल बज गया था। इसका असर सिर्फ युद्ध में शामिल पक्षों तक ही सीमित नहीं रहा। खाड़ी देशों को जहां ईरान के मिसाइल हमलों का सामना करना पड़ा, वहीं भारत समेत कई अन्य देशों में तेल एवं गैस का संकट खड़ा हो गया। ईरान ने रणनीति के तहत हार्मुज जलमार्ग को अवरुद्ध कर दिया, जिससे वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित हुई।इस कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दामों में उछाल से कई देशों में पेट्रोल-डीजल, एलपीजी और विमान ईंधन की कीमतें बढ़ गईं। अब दो सप्ताह की युद्धविराम की घोषणा से कुछ राहत जरूर मिलेगी, लेकिन उसके बाद भी हालात सामान्य रह पाएंगे या नहीं, इस संबंध में अभी अनिश्चितता बरकरार है। ऐसा इसलिए, क्योंकि दोनों पक्षों की ओर से बातचीत की शर्तों को लेकर अभी कोई स्पष्ट जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है। समझौता वार्ता में किस स्तर के प्रतिनिधि शामिल होंगे, इसका खुलासा भी अभी नहीं किया गया है।यह बात भी महत्त्वपूर्ण है कि इससे पहले अमेरिका की ओर से दिए गए समझौता प्रस्ताव को ईरान ने सिरे से खारिज कर दिया था। अब जिस प्रस्ताव पर युद्धविराम को लेकर सहमति बनी है, वह ईरान की ओर से पेश किया गया है। खबरों के मुताबिक, ईरान ने अपने प्रस्ताव में कहा है कि उसे यूरेनियम संवर्धन जारी रखने की छूट दी जाए, जो परमाणु हथियार बनाने के लिए अहम है। जबकि, अमेरिका और इजराइल के हमले के पीछे प्रमुख कारण यही था कि ईरान को परमाणु हथियार बनाने से रोकना है। ऐसे में सवाल है कि क्या अमेरिका, ईरान की इस शर्त को स्वीकार करेगा।खबरों में कहा गया है कि ईरान ने क्षेत्र से अमेरिकी सैन्य बलों की वापसी, प्रतिबंधों को हटाना और उसकी जब्त संपत्तियों को वापस सौंपने की शर्त भी रखी है। यही नहीं, ईरान ने होर्मुज जलमार्ग को इसी शर्त पर खोलने की बात कही है कि वह वहां से गुजरने वाले जहाजों से शुल्क लेगा और इस राशि का इस्तेमाल युद्ध में हुए नुकसान की भरपाई में किया जाएगा। अगर ऐसा हुआ, तो इसका असर तेल और गैस की कीमतों पर पड़ेगा। अब देखना होगा कि अमेरिका, ईरान की इन शर्तों को मंजूर करता है या फिर कोई बीच का रास्ता निकालने की कोशिश की जाएगी।

# ईरान को पहले यूएस से पिटवाया, फिर दिखावे के लिए पाकिस्तान बीच बचाव और दोहरा चरित्र!

**पाकिस्तान की विदेश नीति को अगर सीधे शब्दों में समझना हो तो यह साफ दिखता है कि वह एक साथ दो खेल खेलता है। सामने दोस्ती, पीछे साजिश यही उसकी पहचान बन चुकी है। हाल के घटनाक्रम ने इसे और उजागर कर दिया है। पिछले साल जून में जब पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष असीम मुनीर ने व्हाइट हाउस में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात की थी तो इसके पीछे गहरी रणनीति छिपी थी। इस एक बैठक ने दिखा दिया था कि पाकिस्तान कैसे एक तरफ खुद को सहयोगी बताता है और दूसरी तरफ पर्दे के पीछे अपने मतलब का खेल खेलता रहता है।**

**( नीरज कुमार दुबे )**

इस पूरे खेल में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की भूमिका भी कम महत्वपूर्ण नहीं है। एक तरफ वह अंतरराष्ट्रीय मंचों पर शांति और सहयोग की बात करते हैं, वहीं दूसरी ओर उनकी सरकार की नीतियां और फैसले पाकिस्तान की दोहरी रणनीति को मजबूत करते हैं।

पाकिस्तान की विदेश नीति को अगर सीधे शब्दों में समझना हो तो यह साफ दिखता है कि वह एक साथ दो खेल खेलता है। सामने दोस्ती, पीछे साजिश यही उसकी पहचान बन चुकी है। हाल के घटनाक्रम ने इसे और उजागर कर दिया है। पिछले साल जून में जब पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष असीम मुनीर ने व्हाइट हाउस में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात की थी तो इसके पीछे गहरी रणनीति छिपी थी। इस एक बैठक ने दिखा दिया था कि पाकिस्तान कैसे एक तरफ खुद को सहयोगी बताता है और दूसरी तरफ पर्दे के पीछे अपने मतलब का खेल खेलता रहता है।

बताया जाता है कि इस मुलाकात में ईरान के मुद्दे पर लंबी बातचीत हुई थी। यह भी चर्चा में रहा कि अमेरिका ने ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई के लिए पाकिस्तान के ठिकानों के इस्तेमाल की संभावना टटोली। इससे भी गंभीर आरोप यह है कि पाकिस्तान ने ईरान के परमाणु ठिकानों से जुड़ी जानकारी अमेरिका को उपलब्ध कराई, जिसके आधार पर पिछले साल ही ईरान में अमेरिकी हमला हुआ था। यह न केवल विश्वासघात है बल्कि मुस्लिम दुनिया में भी एक गहरी दरार का संकेत देता है।

देखा जाये तो पाकिस्तान और ईरान के संबंध कभी भी सहज नहीं रहे। एक ओर धार्मिक मतभेद हैं जहां सुन्नी और शिया का सवाल हमेशा तनाव का कारण बना रहा, वहीं दूसरी ओर रणनीतिक प्रतिस्पर्धा भी है। पाकिस्तान खुद को इस्लामी दुनिया की एकमात्र परमाणु शक्ति के रूप में देखता रहा है और वह नहीं चाहता कि कोई और मुस्लिम देश इस श्रेणी में आए। ऐसे में ईरान का परमाणु कार्यक्रम पाकिस्तान के लिए असहजता का कारण बनता है। यही वजह है कि पाकिस्तान खुले मंच पर भले ही तटस्थता की बात करे, लेकिन पर्दे के पीछे वह अलग खेल खेलता दिखता है।

यह दोहरापन सिर्फ ईरान के मामले तक सीमित नहीं है। पाकिस्तान एक ओर अमेरिका के साथ खुफिया सूचनाएं साझा करता है, वहीं दूसरी ओर खुद को शांति दूत के रूप में प्रस्तुत करता है। ईरान-अमेरिका-इजराइल युद्ध में पाकिस्तान ने शांति वार्ता कराने की पहल का दिखावा किया, लेकिन सवाल यह है कि क्या यह वास्तव में शांति की कोशिश थी या अपनी छवि सुधारने का प्रयास था?

इस पूरे खेल में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज



शरीफ की भूमिका भी कम महत्वपूर्ण नहीं है। एक तरफ वह अंतरराष्ट्रीय मंचों पर शांति और सहयोग की बात करते हैं, वहीं दूसरी ओर उनकी सरकार की नीतियां और फैसले पाकिस्तान की दोहरी रणनीति को मजबूत करते हैं। यह एक तरह का सुनियोजित भ्रम है जिसमें दुनिया को एक चेहरा दिखाया जाता है और दूसरा चेहरा छिपा रहता है।

साथ ही अमेरिका और पाकिस्तान के संबंध भी इस संदर्भ में दिलचस्प हैं। डोनाल्ड ट्रंप भले ही अपने पिछले कार्यकाल में पाकिस्तान को आतंकवाद के मुद्दे पर कठघरे में खड़ा कर चुके हों, लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में उनका रुख बदला हुआ नजर आता है। इसकी एक वजह यह भी है कि ट्रंप परिवार का पाकिस्तान में आर्थिक निवेश है। ऐसे में रणनीतिक हित और निजी हित एक दूसरे में घुलते नजर आते हैं।

यही सबसे खतरनाक पहलू है कि अमेरिका पाकिस्तान के इस खुले दोहरे चरित्र को भलीभांति समझता है, फिर भी जानबूझकर उसे नजरअंदाज करता है। यह कोई मजबूरी नहीं बल्कि सोची समझी चाल है। हालिया संघर्षविराम का श्रेय पाकिस्तान को देना इसी खेल का हिस्सा है। अमेरिका जानता है कि पाकिस्तान एक तरफ आग को हवा देता है और दूसरी तरफ खुद को बुझाने वाला बताता है, फिर भी वह इस्लामाबाद को आगे करता है ताकि अपने रणनीतिक हित साध सके। दूसरी ओर पाकिस्तान इस मौके को ऐसे भुनाता है मानो वह दुनिया का सबसे बड़ा शांति दूत हो, जबकि हकीकत यह है कि वही पर्दे के पीछे हालात बिगाड़ने में भी शामिल रहता है। यह पूरी कहानी एक सुनियोजित नाटक की तरह है, जिसमें अमेरिका और पाकिस्तान दोनों अपने अपने किरदार निभा रहे हैं और दुनिया को गुमराह किया जा रहा है।

यहां असल सवाल यह है कि क्या दुनिया इस दोहरे खेल को समझ रही है? पाकिस्तान लंबे समय से इसी रणनीति पर काम करता आया है।

अफगानिस्तान के मामले में भी उसने एक तरफ अमेरिका का साथ दिया और दूसरी तरफ तालिबान को समर्थन दिया। अब वही नीति ईरान के संदर्भ में दिखाई दे रही है।

असीम मुनीर और शहबाज शरीफ की जोड़ी इस रणनीति को नए स्तर पर ले जाती दिख रही है। सेना और सरकार के बीच तालमेल के जरिए एक ऐसा तंत्र तैयार किया गया है जो अंतरराष्ट्रीय मंच पर भ्रम पैदा करने में सक्षम है। यह सिर्फ कूटनीति नहीं बल्कि एक सुनियोजित छवि प्रबंधन है।

दुनिया के लिए यह समझना जरूरी है कि पाकिस्तान की नीति सिर्फ बयानबाजी तक सीमित नहीं है, बल्कि उसके पीछे गहरी रणनीतिक सोच काम करती है। जब तक अंतरराष्ट्रीय समुदाय इस दोहरे चरित्र को पहचान कर उसके अनुसार प्रतिक्रिया नहीं देगा, तब तक पाकिस्तान इसी तरह दो नावों पर सवार होकर अपने हित साधता रहेगा। यह कहना गलत नहीं होगा कि पाकिस्तान आज भी विश्वास और संदेह के बीच खड़ा देश है। उसके कदमों में स्थिरता नहीं बल्कि अवसरवादिता झलकती है।

बहरहाल, ईरान के खिलाफ युद्ध में संघर्षविराम के ऐलान के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप खुद को दुनिया का सबसे बड़ा शांति दूत साबित करने में जुटे हैं। हालांकि नोबेल शांति पुरस्कार की चाहत रखने वाले ट्रंप का अपने दूसरे कार्यकाल में युद्ध भड़काना और फिर सभ्यता खत्म कर देने जैसी धमकियां देना उनके असली चरित्र को उजागर करता है। इसी कड़ी में पाकिस्तान भी पीछे नहीं है, जो इस संघर्ष में मध्यस्थता का श्रेय लेने की कोशिश कर रहा है। असीम मुनीर और शहबाज शरीफ के नेतृत्व में पाकिस्तान एक तरफ शांति की बात करता है, जबकि दूसरी ओर उसी पर दुनिया भर में अशांति और आतंकवाद फैलाने के आरोप लगते रहे हैं। सच यह है कि यह पूरा घटनाक्रम शांति का नहीं बल्कि दोहरे चरित्र और अवसरवादी राजनीति का एक और उदाहरण बनकर सामने आया है, जिसे अब दुनिया साफ साफ समझने लगी है।

**(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)**

**बताया जाता है कि इस मुलाकात में ईरान के मुद्दे पर लंबी बातचीत हुई थी। यह भी चर्चा में रहा कि अमेरिका ने ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई के लिए पाकिस्तान के ठिकानों के इस्तेमाल की संभावना टटोली। इससे भी गंभीर आरोप यह है कि पाकिस्तान ने ईरान के परमाणु ठिकानों से जुड़ी जानकारी अमेरिका को उपलब्ध कराई, जिसके आधार पर पिछले साल ही ईरान में अमेरिकी हमला हुआ था।**

## धुरंधर 2 का मनोविज्ञान- रहमान डकैत हो या उजैर बलोच, क्यों खलनायकों के लिए जागी लोगों की हमदर्दी

( ज्योति जायसवाल )

रणवीर सिंह की 'धुरंधर~ द रिवेंज' रिलीज हुई तो कई लोगों को रहमान डकैत की याद आई। धुरंधर में रहमान डकैत के रोल में अक्षय खन्ना ने लोगों का खूब प्यार हासिल किया था। दर्शकों को उम्मीद थी कि शायद कोई थ्रोबैक उन्हें रहमान डकैत का मिलेगा।

वहीं धुरंधर 2 के बाद उजैर बलोच को लेकर भी लोगों के मन में दया जागी। सोशल मीडिया पर लोग उसके सपोर्ट में लिख रहे हैं-

'उसके साथ गलत हुआ'

'उजैर बलोच के लिए बुरा लग रहा है।'

'भरोसे की बात आती है तो मैं भी उजैर बलोच बन जाता हूं' वगैरह वगैरह।

उसे परिस्थितियों का शिकार दिखाया गया है- उसके बेटे की मौत, उसका परिवार और पत्नी के लिए प्यार और सम्मानज ये सब देखकर हमारी एम्पैथी एक्टिवेट हो जाती है।हमने हमेशा सुना है कि कोई भी खलनायक जन्म से खलनायक नहीं होता, बल्कि परिस्थितियां उसे वैसा बना देती हैं। जब फिल्मों में किरदार ग्रे शेड्स में दिखाया जाता है, तो वो ज्यादा अटैच करता है क्योंकि असल जिंदगी भी ब्लैक एंड वाइट नहीं होती।

ट्रॉमा और इमोशनल कनेक्शन

साइक्लॉजी कहती है कि दुख बांटने से इमोशनल कनेक्शन बनता है। विलेन के ट्रॉमा, धोखे और अन्याय से दर्शक खुद को रिलेट करने लगते हैं और उनके दर्द को अपने अंदर देखने लगते हैं।फिल्म में जब





ये सब तो विलेन हैं फिर ऐसा क्यों है कि पब्लिक इनसे अटैच है और इनके लिए दया दिखा रही है? ह्यूमन साइक्लॉजी से इसका गहरा कनेक्शन है।

साइक्लॉजिस्ट ने क्या कहा?

इसे समझने के लिए हमने काउंसलिंग साइकोलॉजिस्ट और 'चूज़ योर थेरेपिस्ट' के फाउंडर दीपक कुमार से बात की। उन्होंने ख्नश्ठ ख्नद्दह्यह्लद्बठ्ठद्दद्ध- की ष्टश्चद्ठ्ठद्बह्लद्ब1द्द ष्ठद्बह्यह्यश्ठ्ठड्ढठ्ठष्द्ध ञ्जद्धद्दश्चह्4 का उदाहरण दिया।

इसके मुताबिक, जब कोई अपराधी हमें रिलेटेबल लगता है, तो हम अपने नैतिक डिस्कम्फर्ट को कम करने के लिए उसके लिए सिम्पैथी बना लेते हैं।

उन्होंने ये भी कहा, 'डरा हुआ इंसान फैसले नहीं लेता, बस बचने की कोशिश करता है। और उसी कोशिश में वो किसी और के कंट्रोल में आ जाता है। क्योंकि उस पल उसे सच नहीं, सुरक्षा चाहिए होती है- और जो सुरक्षा का वादा करता है, वही उसकी सोच को दिशा देने लगता है।'

**विलेन नहीं, इंसान की तरह पेश किया गया-** आदित्य धर ने जब धुरंधर बनाई, तो उन्होंने किरदारों को सिर्फ विलेन के तौर पर नहीं बल्कि इंसान के तौर पर दिखाया। चाहे वो रहमान डकैत हो या उजैर बलोच।रहमान भले ही बेरहम किलर हो, मगर उसकी कहानी हमें पता है। हमज़ा की बैकस्टोरी दिखाई जाती है, तो हम उससे भी अटैच हो जाते हैं। उसने एक पूरे परिवार को एके-47 से खत्म कर दिया, उसे उम्रकैद होती है फिर भी लोग उसके लिए दुखी होते हैं।क्यों? क्योंकि उसने ये सब अपनी बहन को बचाने के लिए किया था। जहां इमोशन जुड़ते हैं, वहां कनेक्शन बनता है।

**जब सिस्टम फेल हो जाए-** जसकीरत का अन्याय भी हमें न्याय जैसा लगता है। क्योंकि जहां सिस्टम उसकी बहन को बचाने में फेल हो जाता है, वहां उसका बदला लेना जस्टिफाइड लगता है। इसलिए जब कानून कमजोर लगे, अपराधी ही हीरो दिखने लगता है।

**पिक्चराइजेशन का खेल-** फिल्मों में पिक्चराइजेशन भी बहुत बड़ा रोल प्ले करता है। सोशल मीडिया पर आपने ऐसे कई वीडियो देखे होंगे, जहां सिर्फ बैकग्राउंड म्यूजिक बदलने से पूरा सीन बदल जाता है।जैसे- अगर किसी लड़के को चुपके से लड़की के घर में घुसते हुए रोमांटिक म्यूजिक के साथ दिखाया जाए, तो वो हीरो लगेगा। लेकिन वही सीन हॉरर म्यूजिक के साथ दिखे, तो डरावना बन जाएगा।बैकग्राउंड म्यूजिक, स्लो मोशन शॉट्स और डायलॉग- ये सब हमारी परसेप्शन को कंट्रोल करते हैं।

# परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में भारत की ऐतिहासिक सफलता

**पश्चिमी एशिया युद्ध और तनाव के मध्य भारत ने परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र मे आत्मनिर्भरता प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त की है। भारत ने तमिलनाडु के कलपक्कम स्थित परमाणु ऊर्जा संयंत्र में क्रिटिकैलिटी प्राप्त कर ली है। अब रूस के बाद भारत दूसरा ऐसा देश बन गया है जहां ऑटो मोड में परमाणु चेन रिएक्शन प्रारंभ हो गया है। यह सपना महान वैज्ञानिक स्वर्गीय होमी जहांगीर भाभा का थो जो अब पूर्ण हुआ है।वैज्ञानिकों की यह सफलता भारत को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने में सहायता देगी। यह 2070 के नेट जीरो लक्ष्य की ओर बड़ा कदम है।**

**( मृत्युंजय दीक्षित )**

तमिलनाडु के कलपक्कम में स्थित प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर भारत का पहला स्वदेशी फास्ट ब्रीडर परमाणु रिएक्टर है। 500 मेगावाट क्षमता वाले इस उन्नत



© picture-alliance/dpa/A. Taherkenareh

रिएक्टर को इंदिरा गांधी परमाणु अनुसंधान केंद्र ने डिजाइन और भारतीय नाभिकीय विद्युत् निगम लिमिटेड ने निर्मित किया है।

पश्चिमी एशिया युद्ध और तनाव के मध्य भारत ने परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र मे आत्मनिर्भरता प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त की है। भारत ने तमिलनाडु के कलपक्कम स्थित परमाणु ऊर्जा संयंत्र में क्रिटिकैलिटी प्राप्त कर ली है। अब रूस के बाद भारत दूसरा ऐसा देश बन गया है जहां ऑटो मोड में परमाणु चेन रिएक्शन प्रारंभ हो गया है। यह सपना महान वैज्ञानिक स्वर्गीय होमी जहांगीर भाभा का थो जो अब पूर्ण हुआ है।वैज्ञानिकों की यह सफलता भारत को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने में सहायता देगी। यह 2070 के नेट जीरो लक्ष्य की ओर बड़ा कदम है। अगर यह कार्य सफलता पूर्वक आगे बढ़ता रहा तो भारत जल्द ही पारंपरिक जीवाश्म ईंधन से ऊर्जा बनाने की जगह स्वच्छ अक्षय ऊर्जा बनाने के लिए तैयार हो जाएगा। भारत के 500 मेगावाट क्षमता वाले प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर के प्रथम क्रिटिकैलिटी स्तर पर पहुंचने के बाद सरकार ने कहा कि फास्ट ब्रीडर रिएक्टर उच्च तापीय दक्षता के साथ विश्वसनीय, कम कार्बन उर्त्सजन वाली बेस लोड बिजली आपूर्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। नियंत्रित परमाणु विखंडन श्रृंखला प्रतिक्रिया की शुरूआत का यह मील का पत्थर देश को दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने और स्वदेशी परमाणु प्रौद्योगिकी क्षमताओं को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड द्वारा निर्धारित सभी सुरक्षा मानदंडों को पूरा करने के बाद पीएफबीआर ने क्रिटिकैलिटी प्राप्त कर ली। तमिलनाडु के कलपक्कम में स्थित प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर भारत का पहला स्वदेशी फास्ट ब्रीडर परमाणु रिएक्टर है। 500 मेगावाट क्षमता वाले इस उन्नत रिएक्टर को इंदिरा गांधी परमाणु अनुसंधान केंद्र ने डिजाइन और भारतीय नाभिकीय विद्युत् निगम लिमिटेड ने निर्मित किया है। इसे बनाने में 200 से अधिक भारतीय उद्योगों ओर लघु एवं मध्यम उद्योगों की भूमिका रही है। इस रिएक्टर को भविष्य में थोरियम- 232 का उपयोग करने के लिए भी डिजाइन किया गया है। जो स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन के लिए भारत के विशाल थोरियम भंडार का दोहन करने के दीर्घकालिक लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है।

क्या होती है क्रिटिकैलिटी- यह परमाणु रिएक्टर के संचालन की वह स्थिति है जिसमें परमाणु विखंडन की श्रृंखला प्रक्रिया स्थिर हो जाती है। इसका अर्थ यह है कि यह रिएक्टर अब बिना किसी बाहरी दखल के मौजूदा ईंधन के द्वारा ऊर्जा बनाने के लिए तैयार हो गया है। क्रिटिकैलिटी प्राप्त करना सीधे बिजली बनाना नहीं है अपितु यह उसके लिए पहली अनिवार्यता है। अब इस रिएक्टर की क्षमता और कुशलता को समझने के लिए कम क्षमता वाले कुछ परीक्षण किये जाएंगे जिसके बाद इसे पावर ग्रिड से जोड़कर बिजली उत्पादन शुरू किया जा सकता है।

यह उपलब्धि मात्र एक रिएक्टर चलाने की नहीं है, इससे भारत की परमाणु ऊर्जा क्षमता बढ़ेगी। इससे 2070 तक नेट जीरो लक्ष्य प्राप्त करने में सफलता मिलेगी। फास्ट ब्रीडर रिएक्टर कम कचरा पैदा करता है यह यूरेनियम और प्लूटोनियम का बेहतर उपयोग करता है । इससे भविष्य में बिजली सस्ती होगी। देश ऊर्जा सुरक्षा की दिशा में मजबूत बनेगा। भविष्य में और अधिक ऐसे रिएक्टर बनाए जा सकेंगे जो थोरियम का इस्तेमाल कर बिजली बनाएंगे ।

यह रिएक्टर 2004 में शुरू हुआ था लेकिन कई तकनीकी चुनौतियों, देरी और लागत बढ़ने के कारण अब जाकर क्रिटिकैलिटी प्राप्त कर सका है। तरल सोडियम को संभालना, सुरक्षा मानक पूरा करना और बहुत सारे परीक्षण करना असान नहीं था। इसका बजट बढ़ा किंतु सरकार का पूरा समर्थन मिलता रहा। अब यह सफलता दिखाती है कि भारत कठिन टेक्नोलॉजी में भी आत्मनिर्भर हो सकता है। पूर्व परमाणु ऊर्जा आयोग अध्यक्ष डा. अनिल काकोदकर ने इस सफलता को ऐतिहासिक बताया है और कहा कि यह भारत के तीन चरण के कार्यक्रम को नई दिशा व गति देगा। यह उन्नत रिएक्टर खपत से अधिक ईंधन उत्पादन करने में सक्षम है जो देश की वैज्ञानिक क्षमता को और इंजीनियरिंग कौशल की मजबूती को दर्शाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे कार्यक्रम के तीसरे चरण में भारत के विशाल थोरियम भंडार के उपयोग की दिशा में एक निर्णायक कदम बताया है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस परियोजना में शामिल वैज्ञानिकों और इंजीनियरों को बधाई दी और इस सफलता को भारत वैज्ञानिक कौशल का प्रमाण बताया।

सरकार ने 2047 तक 100 गीगावाट परमाणु ऊर्जा का महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय किया है। जापान फ्रांस और अमेरिका आदि देश सुरक्षा चिंताओं के कारण ऐसी परियोजनाएं बंद कर चुके हैं परंतु भारत की स्थिति और जरूरत दोनों ही अलग है।

**(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)**

# सड़क हादसे में 13 लोगों की मौत, 25 से अधिक घायल

## मुख्यमंत्री राहत कोष से दी गयी दो-दो लाख की अनुग्रह राशि : डीएम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार ।** जिले के कोढ़ा थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-31 पर शनिवार देर शाम एक भीषण सड़क हादसे में 13 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि 25 से अधिक लोग घायल हो गए। यह हादसा बसगाड़ा मोड़ के पास उस समय हुआ जब एक प्राइवेट बस और पिकअप वैन के बीच आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। घटना के बाद कोहराम मच गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि मौके पर ही चीख-पुकार मच गई और अफरातफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया, जिसके बाद प्रशासन और पुलिस टीम भी मौके पर पहुंच गई।

घटना के बाद सभी मृतकों के शव को पुलिस की निगरानी में अस्पताल लाया गया, जहां देर रात पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी की गई। इसके बाद 13 मृतकों के शव परिजनों को सौंप दिए गए। घायलों को पुर्णियां कटिहार और आसपास के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। जिनमें कई की हालत गंभीर बताई जा रही है। डीएम आशुतोष द्विवेदी और एसपी शिखर चौधरी ने घटना पुष्टि करते हुए सदर अस्पताल पहुच कर जायजा लिया। डीएम ने कहा कि मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर उनके परिजनों को सौंप दिया गया है। यह घटना संवेदनशील है। परिजनों से सहानुभूति है । मुख्यमंत्री राहत कोष से दो - दो लाख का अनुग्रह राशि दी गई है। घायल के परिवार को भी पचास - पचास हजार की राशि दी गई है। जल्द ही अन्य योजना का लाभ दिया जाएगा। मृतक और घायल पुर्णियां और कटिहार जिला के निवासी हैं। यह हादसा काफी दुखद है। बताया जाता है कि दुर्घटना के बाद कुछ समय के लिए एनएच -31 पर यातायात रोक दिया गया और क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाया गया। एसपी शिखर चौधरी ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। प्रारंभिक आशंका के अनुसार हादसा तेज रफ्तार या लापरवाही से ड्राइविंग के कारण हुआ हो सकता है।बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है ।उन्होंने अधिकारियों को बेहतर इलाज और राहत कार्य सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी हादसे पर शोक जताते हुए पीएम राष्ट्रीय राहत कोष से मृतकों के परिजनों को 2 लाख रुपये और घायलों को 50 हजार रुपये की सहायता देने की घोषणा की।कटिहार के विधायक और पूर्व डिप्टी सीएम तारकिशोर प्रसाद ने भी इस घटना पर गहरा दुख जताते हुए पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और घायलों के बेहतर इलाज की मांग की।इस भीषण हादसे के बाद एक बार फिर एनएच 31 पर बढ़ते सड़क हादसों को लेकर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं, लेकिन ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे।

# लोगों को आग से बचाव के तरीकों की दी जानकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अमदाबाद (कटिहार)।** रविवार को नगर पंचायत अमदाबाद एवं दक्षिणी करीमुल्लापुर ग्राम पंचायत के मेघु टोला सहित विभिन्न वार्डो में अग्निशमन कर्मियों द्वारा आग से बचाव को लेकर मॉक ड्रिल का आयोजन किया। इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों को आग लगने त्वरित कार्रवाई के लिए तैयारी किया गया। ताकि गर्मियों के बढ़ने वाली आग की घटनाओं का प्रभावी ढंग से मुकाबला किया जा सके।मौके पर ग्रामीणों को चूल्हे के पास पानी रखने, तेज हवा में चूल्हा नहीं जलाने तथा समय पर भोजन तैयार करने जैसी सावधानियां बरतने की सलाह दी गई। साथ ही आग लगने की स्थिति



की स्थिति में त्वरित कार्रवाई, आग पर नियंत्रण पाने के तरीके तथा बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। ज्ञात हो कि अमदाबाद प्रखंड पिछड़ा इलाका है, जहां अधिकांश लोग कच्ची झोपड़ियों में रहते हैं।

ऐसे में गर्मी के मौसम में आग लगने की घटनाओं की आशंका अधिक बनी रहती है। इसी खतरे को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। मनिहारी अनुमंडल के अग्निशमन पदाधिकारी राम आशीष प्रसाद ने बताया कि मॉक ड्रिल के जरिए ग्रामीणों को आग से बुझाने के तरीकों, आवश्यक सावधानियों और सही समय पर मदद लेने के बारे में बताया गया। उन्हें आपातकालीन स्थिति में तुरंत अग्निशमन विभाग को सूचना देने पर भी जोर दिया गया। इस अवसर पर अग्निशमन टीम के कविंदर प्रसाद, शशि शंकर, दिलीप कुमार यादव एवं अरविंद यादव सहित अन्य कर्मी मौजूद रहे। इधर प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि मो अजहरुद्दीन, मुख्य पार्षद बबलू मंडल, मुखिया श्वेता राय, माथुर मंडल, पार्षद प्रतिनिधि संजीव शाह, मुखिया प्रतिनिधि रमेश मंडल, एजाबुल हक ने लोगों से अपील की कि दिन का खाना सुबह दस बजे से पहले बना लें, तेज हवा के दौरान चूल्हा न जलाएं तथा चूल्हे के पास हमेशा पानी की व्यवस्था रखें। उन्होंने यह भी अपील की कि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत अग्निशमन विभाग को सूचना दें, ताकि समय रहते आग पर काबू पाया जा सके।

## संक्षिप्त समाचार

### हफलागंज में दो दिवसीय कबीर सत्संग की शुरूआत

**मनसाही/कटिहार (नबिटासं)।** हफलागंज शिव मंदिर चौक के स्थानीय बाबाजी कुटी के मैदान में दो दिवसीय तृतीय वार्षिक सत्संग सद्ज्ञान यज्ञ का शुरूआत हुई। रविवार की सुबह स्तुति विनती के साथ इस सत्संग की शुरूआत हुई इसके बाद भजन प्रवचन के माध्यम से लोगों को कबीर के बताएं मार्गों पर चलने की अपील महात्माओं के द्वारा की गई। संध्या के प्रवचन में राजस्थान से आए संत गौरव साहब ने कहा कि





अहंकार लोगों का सबसे बड़ा दुश्मन हैं इसलिए लोगों को अपना अहंकार त्यागना चाहिए,बड़े होने का कोई मतलब नहीं जब तक की आप दूसरे का सम्मान नहीं करते। सच्चा ज्ञानी वही होता हैं,जो प्रेम की भाषा जानता हो। जो सज्जन व्यक्ति हो उसकी ज्ञान को देखना चाहिए ना कि उनकी जात को,लोगों को चिंता त्याग कर चिंतन करना चाहिए। लोगों का कल्याण सत्संग से ही संभव हैं और सत्संग ही मोक्ष प्राप्ति का मार्ग भी हैं। इस अवसर पर काल्सर के गौतम साहेब एवं सहरसा के प्रेमलता साध्वी ने भी अपने प्रवचन एवं भजन के माध्यम से लोगों को कल्याण का मार्ग बताया और कबीर के बातों पर चलने की अपील की। इस सत्संग कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए स्थानीय लोग तन मन धन से सहयोग कर रहे हैं सत्संग प्रवचन के बाद आरती एवं भंडारा का भी आयोजन कमेटी के द्वारा किया गया हैं। सत्संग यज्ञ को देखने के लिए बड़ी संख्या में भक्तों की भीड़ सरस्वती बाबा जी आश्रम सत्संग स्थल में देखा गया।

### मां गंगा श्रीमद् भगवत कथा समिति की बैठक

**मनिहारी/कटिहार (नबिटासं)।** मनिहारी स्थित नेशनल पब्लिक स्कूल के प्रांगण में रविवार को मां गंगा श्रीमद् भगवत कथा समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक समिति के संयोजकत्व में संपन्न हुई।भगवत कथा जिसमें हाल ही में आयोजित एक सप्ताहिक श्रीमद् भगवत कथा अनुष्ठान की समीक्षा की गई। इस कथा आयोजन में सामाजिक स्तर पर ग्रामीणों एवं धमार्नुरागियों का व्यापक सहयोग प्राप्त हुआ था। बैठक के



दौरान आयोजन में रह गई त्रुटियों, कमियों तथा भविष्य में सुधार की दिशा में सुझाव आमंत्रित किए गए।इस अवसर पर वक्ताओं ने वृंदावन से पधारी अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कथा वाचिका साध्वी दीदी समाहिता द्वारा प्रवाहित की गई भगवत भक्ति की अविरल धारा की सराहना की। उन्होंने कहा कि कथा ने पूरे क्षेत्र में धार्मिक वातावरण का सृजन किया।समीक्षा बैठक में उपस्थित समाज के गणमान्य लोगों ने मनिहारी में आयोजित इस भगवत कथा को अभूतपूर्व बताते हुए समिति के प्रयासों की प्रशंसा की। धमार्नुरागियों ने आनेवाले दिनों में इस तरह के आयोजन के लिए अपेक्षित सहयोग का भरोसा दिलाया। इस मौके पर कथा समिति के संयोजक संरक्षक डा. ओम प्रकाश पांडे. वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद कुमार सिंह,अध्यक्ष काजल मित्रा, सचिव रंजीत गुप्ता,उपाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह,कोषाध्यक्ष मदन कुमार सिंह,समीक्षा बैठक मे आय व्यय का ब्यौरा पेश किया। उपस्थित जन समुदाय ने इस आयोजन के प्रति समिति के प्रति आभार जताया। समीक्षा बैठक में अधिवक्ता प्रदुम्न ओझा, संजीव देव, मुकेश यादव, शुभम पोद्दार, प्रकाश मौआर, अनिल अग्रवाल, डा भोला प्रसाद गुप्ता सहित वक्ताओं ने अपने विचार रखे।

### आईटीआई परिसर में 22 अप्रैल को आयोजित होगा नियोजन शिविर

**कटिहार (नबिटासं)।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कटिहार में दिनांक 22.04.2026 को नियोजन शिविर का आयोजन किया जाएगा।जिसमें सभी नीजी एवं सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी भाग ले सकेंगे। उक्त जानकारी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,कटिहार के उपाधीक्षक सह प्राचार्य ने दी है।उन्होंने कहा कि इस शिविर में 18 से 35 वर्ष के इच्छुक अभ्यर्थी भाग ले सकते है।शिविर में हायर तथा हर्ट एंड जेबिल कंपनी द्वारा भाग लेकर 300 प्रशिक्षणार्थियों का चयन किया जाएगा।उन्होंने बताया है कि चयनित प्रशिक्षणार्थियों को 20,700 रुपये प्रतिमाह के साथ सीटीसी एवं अन्य लाभ भी मिलेगा।बतौर प्राचार्य इस शिविर में सभी ट्रेड के प्रशिक्षणार्थी भाग ले सकेंगे।

# बारसोई में बच्चों के भोजन से खिलवाड़

## एमडीएम में मिला साबुन का टुकड़ा, नयाटोला बेलवा के मदरसा में घटना से हड़कंप, बच्चों ने छोड़ा खाना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बारसोई (कटिहार) ।** बारसोई प्रखंड में मिड डे मील योजना अब बच्चों के पोषण की बजाय लापरवाही और अनियमितता की मिसाल बनती जा रही है। ताजा मामला नयाटोला बेलवा स्थित मदरसा दरबेसिया इस्लामिया का है ।जहां बच्चों को परोसे गए भोजन में साबुन का टुकड़ा मिलने से पूरे विद्यालय में हड़कंप मच गया। जैसे ही बच्चों ने भोजन में साबुन देखा। उन्होंने तुरंत खाना छोड़ दिया। देखते ही देखते विद्यालय में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में अभिभावक विद्यालय पहुंचे और जिम्मेदारों के खिलाफ जमकर आक्रोश जताया। अभिभावकों ने साफ कहा कि यह सिर्फ लापरवाही नहीं, बल्कि बच्चों के स्वास्थ्य के साथ सीधा



खिलवाड़ है।मदरसा के प्रधानाध्यापक हासीबुर रहमान ने स्वीकार किया कि भोजन की गुणवत्ता को लेकर पहले भी शिकायतें मिल चुकी हैं।

बावजूद इसके स्थिति में सुधार नहीं होना पूरी व्यवस्था की पोल खोलता है। उन्होंने कहा कि एजेंसी द्वारा दबाव भी बनाए जा रहा है कि बच्चे की उपस्थिति अधिक से अधिक बनाया जाए। सवाल यह उठता है कि बार-बार शिकायतों के बावजूद आखिर जिम्मेदार एजेंसियों पर कार्रवाई क्यों नहीं हो रही है? बताया जाता है कि केंद्रीकृत रसोई के माध्यम से भोजन तैयार कर विद्यालयों तक पहुंचाने की जिम्मेदारी सेंटर फॉर नेशनल डेवलपमेंट इनिसिएटिव को दी गई है। लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि हर दूसरे दिन भोजन की गुणवत्ता को लेकर गंभीर शिकायतें सामने आ रही हैं, जो पूरी व्यवस्था को कटघरे में खड़ा करती हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि जिला स्तर पर निरीक्षण के बावजूद सिर्फ कागजी जांच की जा रही है। न तो जिम्मेदारों पर कार्रवाई हो रही है और न ही व्यवस्था में कोई ठोस सुधार दिख रहा है। यही कारण है कि एक के बाद एक ऐसी घटनाएं सामने आ रही हैं। ज्ञात हो कि हाल के दिनों में बारसोई प्रखंड में एमडीएम से जुड़ी कई चौंकाने वाली घटनाएं सामने आई हैं—कहीं भोजन में प्लास्टिक, कहीं बाल और अब साबुन का टुकड़ा—जिससे साफ है कि निगरानी व्यवस्था पूरी तरह फेल हो चुकी है।

# एसीएम के नेतृत्व में चलाया गया सघन टिकट चेकिंग अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** कटिहार रेलमंडल में डीआरएम किरेंद्र नरह के निदेर्शानुर सीनियर डीसीएम अनूप कुमार सिंह के मार्गदर्शन में वाणिज्य विभाग की ओर से बेटिकट यात्रियों के विरुद्ध लगातार सधन चेकिंग अभियान चल रहा है। इसी क्रम में रविवार को वाणिज्य अधिकारी एसीएम कुमार जितेंद्र सिंह के नेतृत्व में वाणिज्य टीम के साथ कटिहार पूर्णिया सेक्शन में टिकट चेकिंग अभियान के दौरान सैकड़ों बेटिकट यात्रियों को पकड़ा गया। इस अभियान के दौरान रेल प्रशासन द्वारा लगभग आधे दर्जन ट्रेन को चेक किया गया। सीनियर डीसीएम



अनूप कुमार सिंह ने आम यात्रियों से अपील किया कि बिना टिकट यात्रा एक कानूनी अपराध है इसलिए वे उचित टिकट लेकर ही अपनी सुखद यात्रा को सुनिश्चित करें। कटिहार रेलमंडल में यह सघन जांच अभियान लगातार जारी रहेगा। मौके पर सीटीआई रवि कुमार,पवन कुमार,सुमन कुमार, फूलो कुमार सहित दर्जनों वाणिज्य कर्मी मौजूद रहे।

# मुखिया संघ की बैठक आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार)।** प्रखंड मुख्यालय मनसाही के ट्रायसम भवन में मुखिया संघ की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता मुखिया सह संघ के अध्यक्ष शंकर कुमार यादव ने किया। इस बैठक में नौ बिंदु पर चर्चा की गई। मौके पर मरंगी पंचायत के मुखिया सह संघ के अध्यक्ष शंकर कुमार यादव ने बताया कि गत बैठक की संपुष्टि की गई। अंकेक्षण को लेकर पंचायत सचिव के साथ बैठक किया जाएगा।

अंकेक्षण बैठक के उपरांत प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी को आवेदन देकर अवगत कराया जाएगा। पंचायत राज पदाधिकारी के द्वारा किए गए कार्य मापी पुस्तिका स समय



उपलब्ध नहीं कराने के कारण कार्य एजेंसी को स समय राशि उपलब्ध नहीं किया जाता हैं जो अत्यंत ही दुख का विषय हैं । साथ ही चर्चा हुई कि प्रखंड विकास पदाधिकारी की मनमानी चरम पर हैं। पंचायत भवन में हुए अवकरण कार्य का फाइल को पंचायत सचिव से धमका कर बगैर पंचायत के मुखिया को सूचना दिए अपने से प्रखंड मुख्यालय फाइल ले कर आती हैं। उनके बाद पंचायत के मुखिया से मोटी रकम का डिमांड करते हैं नहीं देने पर उसे धमकी दिया जाता हैं,अभद्र व्यवहार किया जाता हैं। इस दोहन के खिलाफ एक कॉपी जिला पदाधिकारी को भी सौंपा जाएगा। साथ ही अंचल कार्यालय में अंचलाधिकारी एवं राजस्व कर्मचारी की मनमानी चरम पर हैं,बगैर चढ़ावा दिए जमीन का नामांतरण एवं परिमार्जन का कार्य नहीं किया जाता हैं जो दुख का विषय हैं। साथ ही प्रखंड अंतर्गत बिहार सरकार के जमीन उपलब्ध होने के बावजूद भी कन्या विवाह भवन एवं सरकार भवन के लिए तीन पंचायत में अंचलाधिकारी की लापरवाही के कारण नहीं बना हैं जो अत्यंत दुखद हैं। मरंगी पंचायत में पंचायत सरकार भवन के निर्माण के लिए शिलान्यास किया गया। आज तक उक्त भूमि पर भूमिहीन परिवार को भूमि उपलब्ध कराकर उक्त भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया जाए।

# कटिहार रेलमंडल में सुरक्षा का हाईटेक कवच

## 100 से अधिक नए सीसीटीवी कैमरों से होगी चौकस निगरानी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** रेल यात्रियों की सुरक्षा को और मजबूत बनाने की दिशा में कटिहार रेलमंडल ने बड़ा कदम उठाया है। रेलमंडल के आरपीएफ कमांडेंट संदीप कुमार पीएस के निदेर्शानुसार अब रेल क्षेत्र को हाईटेक निगरानी सिस्टम से लैस किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार फिलहाल कटिहार रेलवे स्टेशन पर करीब 32 सीसीटीवी कैमरे प्रमुख स्थानों पर कार्यरत हैं। लेकिन अब सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के लिए रेल प्रशासन द्वारा 100 से अधिक नए कैमरे लगाए जा रहे हैं। इससे स्टेशन परिसर के हर कोने पर आरपीएफ पैनी



नजर रखी जा सकेगी। अब आरपीएफ द्वारा सिर्फ कटिहार स्टेशन पर ही नहीं बल्कि दलन, रौतारा, झौआ, सनौली, मनियां झौआ, प्राणपुर, लाभा और डण्डखोरा समेत अन्य स्टेशनों पर भी रेल प्रशासन द्वारा सीसीटीवी कैमरे लगाए जा चुके हैं। इससे पूरे रेलमंडल में सुरक्षा का दायरा व्यापक हो गया है। अब आरपीएफ ईस्ट पोस्ट के पोस्ट कमांडर विक्रम कुमार के चैंबर से अब उनके क्षेत्राधिकार के सभी छोटे-बड़े स्टेशनों पर लगे कैमरों की डायरेक्ट मॉनिटरिंग की जा रही है।

यह केंद्रीकृत निगरानी प्रणाली किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित करेगी। यात्रियों को सुरक्षित और भरोसेमंद माहौल उपलब्ध कराने की दिशा में यह एक अहम कदम साबित होगा।आरपीएफ की इस पहल से रेल क्षेत्र में होने वाली असामाजिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण संभव हो पाएगा। आरपीएफ शराब तस्कर के मामले में ड्रॉन कैमरा की मदद से काफी मामले का उद्भेदन में सफल रही है।

### भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष निलंबित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** जिला भाजपा ने सक्रिय सदस्य आनन्द कुमार सिंह को किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष पद के दायित्व से मुक्त करते हुए उन्हें पार्टी से निलंबित कर दिया है। जिला महामंत्री रामनाथ पाण्डेय ने इस आशय के जारी पत्र में कहा है कि सोशल मिडिया में कुछ दिनों से उनका आपत्तिजनक पोस्ट वायरल हो रहा है, जिससे पार्टी को काफी नुकसान हो रहा है।

# कुर्सेला थाना का एडीजी सीआईडी ने किया निरीक्षण

## टेक्नोलॉजी सुधार पर दिया जोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** जिले के कुसेर्ला थाना का रविवार को बिहार सीआईडी के एडीजी पारसनाथ ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी और सदर एसडीपीओ टु रंजन कुमार सिंह मौजूद रहे। तकनीकी दक्षता का आकलन किया। मालखाना में जब्त वाहनों एवं अन्य सामग्रियों की स्थिति का भी जायजा लिया गया। मीडिया से बातचीत में एडीजी ने कहा कि वे इन दिनों विभिन्न जिलों के थानों का दौरा कर रहे हैं। ताकि जमीनी स्तर पर



थाना पहुंचने पर अधिकारियों ने एडीजी का बुके देकर स्वागत किया और गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इसके बाद उन्होंने थाना परिसर का विस्तृत निरीक्षण किया। रिकॉर्ड, मालखाना और डिजिटल सिस्टम की जांच निरीक्षण के दौरान एडीजी ने थाना के अभिलेखों, दस्तावेजों, मालखाना, सीसीटीएनएस और ई-ऑफिस सहित विभिन्न रजिस्टरों की बारीकी से जांच की। उन्होंने थानाध्यक्ष राकेश कुमार से कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी ली।

साथ ही पुलिस पदाधिकारियों से कंप्यूटर आधारित कार्यप्रणाली को लेकर सवाल पूछे और उनकी पुलिसिंग व्यवस्था का मूल्यांकन किया जा सके। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कुसेर्ला थाना में तकनीकी सुधार की आवश्यकता है। हालांकि अन्य व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गई हैं। एडीजी ने बताया कि पुलिसिंग को अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाने के लिए थानों को आधुनिक संसाधनों से लैस किया जा रहा है। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य आम जनता को मिलने वाली सुविधाओं और प्रशासनिक कार्यप्रणाली की गुणवत्ता का आकलन करना है।इस निरीक्षण के बाद स्थानीय पुलिस महकमे में सक्रियता बढ़ गई है और अधिकारियों को कार्यप्रणाली में सुधार के निर्देश दिए गए हैं।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के तहत शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डंडखोरा (कटिहार)।** भाजपा की ओर से पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान-2026 के तहत एकदिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड भाजपा अध्यक्ष आलोक चौहान ने की। शिविर में जिलाध्यक्ष मनोज राय,जिला महामंत्री रामनाथ पांडेय, गोविंद अधिकारी, सौरभ मालाकार, जिला उपाध्यक्ष सह कदवा विधान सभा प्रभारी प्रेम प्रकाश चौधरी, आलोक मंडल, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष अध्यक्ष नरेश मंडल, पंचायती राज के जिला संयोजक सूरज साह मुख्य रुप से उपस्थित रहे।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा व्यक्ति आधारित नहीं, बल्कि विचार आधारित पार्टी है, जिसमें कार्यकताओं के सम्मान को महत्व



दिया जाता रहा है। रामनाथ पांडेय ने प्रशिक्षण की आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा करते हुए अनुशासित रहने पर जोर दिया। वहीं गोविंद अधिकारी तथा सौरभ मालाकार ने पार्टी की गौरवशाली उपलब्धियों पर चर्चा की तथा पार्टी कार्यक्रमों में अधिकाधिक उपस्थिति के महय्व को रेखांकित किया। मुख्य प्रशिक्षक एवं पार्टी के वरिष्ठ नेता सह पूर्व विधान पार्षद राजवंशी सिंह ने भाजपा के गठन तथा उद्देश्य पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि राष्ट्र का पुनर्निर्माण की विचारधारा से प्रेरित होकर हीं हम सभी भाजपा के साथ हैं।

हमारी आर्थिक, शैक्षणिक और सांस्कृतिक संपन्नता को देखकर विदेशी शासको ने भारत को सोने की चिड़िया और विश्व गुरु की उपाधि दी थी। क्योंकि हमारे यहॉ नालंदा, विक्रमशिला और तक्षशिला जैसे विश्वविद्यालय थे। तो वहीं अनुशासित समाज था। जिस विरासत को बर्बाद करने के लिए विदेशी शासकों ने आर्थिक संपदा को लूटा, तो एक दूसरे को आपस में लड़ाकर मजबूत सामाजिक व्यवस्था को बर्बाद करने में कोई कसर नहीं छोड़ा।

स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद तत्कालिक सत्तासीन पार्टी ने भी अंग्रेजों के पदचिह्नों पर चलना शुरू किया। जिसके कारण आजादी प्राप्ति का उद्देश्य गौण होने लगा। उन्होंने कहा कि डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी,पं दीनदयाल उपाध्याय जैसे राष्ट्रप्रेमियों की अगुवाई में भारत की सांस्कृतिक और सामाजिक विरासत के पुनस्थापना के लिए राष्ट्र प्रथम, एकात्म मानववाद एवं अन्त्योदय की विचारधारा के साथ जनसंघ और बाद में भारतीय जनता पार्टी का गठन हुआ।

## सुजलॉन समेत 3 शेयर पर सोमवार को रखें नजर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अगर आप शेयर बाजार में ट्रेडिंग करते हैं तो ये खबर आपके काम की हो सकती है। दरअसल, ब्रोकरेज आनंद राठी के मेहुल कोठारी ने तीन शेयर के लिए अपना टारगेट प्राइस दिया है। आइए डिटेल जान लेते हैं। बीते सप्ताह भारतीय शेयर बाजार में भारी उतार-चढ़ाव था। अब निवेशकों की निगाहें नए सप्ताह पर टिकी हैं। इस नए सप्ताह के पहले दिन कुछ शेयरों में हलचल की उम्मीद है। ब्रोकरेज आनंद राठी के मेहुल कोठारी ने तीन शेयरों को लेकर अपनी सिफारिश दी है। आइए डिटेल जान लेते हैं। नेटवर्क 18 : मुकेश अंबानी की रिलायंस के स्टेक वाली इस कंपनी के लिए 32 से 31 की रेंज में खरीदने की सलाह दी गई है। इसका टारगेट 37 से 39 के बीच तय किया गया है। वहीं, स्टॉप लॉस 29 है। सुमी वायरिंग इंडिया : 39 से 37 की रेंज में खरीदने की सलाह है तो टारगेट 43 और 48 रखा गया है। शेयर का स्टॉप लॉस 35 है। सुजलॉन एनजी : मेहुल कोठारी कहते हैं कि यह शेयर 44 से 42 की रेंज में खरीदें। इसका टारगेट 49 और 55 है तो स्टॉप लॉस 38 है। भारतीय शेयर बाजार ने एक बहुत ही उतार-चढ़ाव भरा हफ्ता (6-10 अप्रैल, 2026) देखा लेकिन यह 6 तक प्रतिशत की मजबूत बढ़त के साथ बंद हुआ, जो पिछले 5 से ज्यादा साल में इसका सबसे अच्छा साप्ताहिक प्रदर्शन रहा। हफ्ते की शुरुआत कमजोर रही, जिसकी वजह कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें, अमेरिका-ईरान हालात को लेकर भू-राजनीतिक तनाव लगातार निकासी थी। हालांकि, हफ्ते के बीच में हालात में तेजी से सुधार हुआ। ये वो वक्त था जब सीजफायर का ऐलान हुआ। आनंद राठी में टेक्निकल रिसर्च के डिप्टी वाइस प्रेसिडेंट, मेहुल कोठारी ने कहा लगभग 6 प्रतिशत की तेजी अब महज़ एक राहत भरी उछाल से कहीं अधिक लग रही है क्योंकि इंडेक्स ने 23,100-23,400 के अहम रेजिस्टेंस जोन को निर्णायक रूप से तोड़ दिया है और 24,000 के स्तर के आस-पास टिका हुआ है। उन्होंने कहा- हमें उम्मीद है कि निफ्टी कम समय में 24500-24800 के जोन को फिर से टेस्ट करेगा। हालांकि, कम समय के लिए कुछ ठहराव या 23600-23200 के जोन (गैप-फिल एरिया) की तरफ थोड़ा पीछे हटना मुमकिन है लेकिन ऐसी गिरावटों को कमजोरी के संकेत के बजाय खरीदने के मौके के तौर पर देखा जाना चाहिए। बैंक निफ्टी इंडेक्स के आउटलुक पर मेहुल कोठारी ने कहा कि इंडेक्स ने रिकवरी की है। यह 50,000 के निचले स्तर से ऊपर उठकर 56,000 के स्तर को फिर से छूने के करीब है। मतलब है कि इसमें लगभग 10 प्रतिशत की तेज रिकवरी हुई है। बता दें कि शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजार में बड़ी बढ़त देखी गई थी।

## 7100 प्रतिशत से ज्यादा चढ़ गया मल्टीबैगर शेयर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मल्टीबैगर कंपनी अद्वैत एनर्जी ट्रांजिशन्स के शेयर 5 साल में 7100 प्रतिशत से ज्यादा चढ़ गए हैं। दो दिग्गज निवेशकों विजय केडिया और आशीष कचोलिया ने अद्वैत एनर्जी ट्रांजिशन्स पर बड़ा दांव लगाया हुआ है। स्मॉलकैप कंपनी अद्वैत एनर्जी ट्रांजिशन्स ने 5 साल में अपने शेयरधारकों को मल्टीबैगर रिटर्न दिया है। कंपनी के शेयरों ने निवेशकों को मालामाल कर दिया है। अद्वैत एनर्जी ट्रांजिशन्स के शेयर 5 साल में 7100 पर्सेंट से अधिक उछल गए हैं। कंपनी के शेयर शुक्रवार को बीएसई में 3 पर्सेंट की तेजी के साथ 1865.25 रुपये पर बंद हुए हैं। दो दिग्गज निवेशकों विजय केडिया और आशीष कचोलिया ने अद्वैत एनर्जी ट्रांजिशन्स पर बड़ा दांव लगाया हुआ है। कंपनी से जुड़ा एक बड़ा बिजनेस अपडेट भी आया है। अद्वैत एनर्जी ट्रांजिशन्स के शेयर पिछले 5 साल में 7143 पर्सेंट चढ़ गए हैं।

### रूस से तेल, भारत में रिफाइनिंग...

# ईंधन संकट के बीच बांग्लादेश का दांव

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम एशिया (मिडिल ईस्ट) में जारी संघर्ष से भारत समेत दुनिया के कई देशों में ईंधन आपूर्ति संकट गहराया गया है। बांग्लादेश पर भी इसका गहरा असर दिखाई दे रहा है। ईंधन आपूर्ति संकट से निपटने के लिए बांग्लादेश एक नई रणनीति पर काम कर रहा है। बांग्लादेश अब रूस से कच्चा तेल खरीदकर उसे भारत में रिफाइन कराने और फिर वहां से तैयार ईंधन अपने देश लाने की योजना बना रहा है। इकनॉमिक टाइम्स के अनुसार, इस प्रस्ताव के तहत कच्चे तेल की खरीद, भारत में उसकी रिफाइनिंग और तैयार ईंधन के परिवहन का पूरा खर्च बांग्लादेश ही उठाएगा। इस बारे में बांग्लादेश के ऊर्जा एवं खनिज संसाधन विभाग ने ऊर्जा मंत्री इकबाल हसन महमूद तुकु को प्रस्ताव भेजा है। साथ ही भारत के साथ सरकारी स्तर पर समझौते के लिए विदेश मंत्रालय से बातचीत की अनुमति मांगी गई है।




बांग्लादेश के पास चटगांव में केवल एक सरकारी रिफाइनरी है, जिसकी वार्षिक क्षमता 1.5 मिलियन टन है। यह रिफाइनरी मुख्य रूप से पश्चिम एशिया के कच्चे तेल के लिए बनी है। रूसी कच्चा तेल अक्सर हेवी ग्रेड का होता है, जिसे प्रोसेस करने के लिए चटगांव की रिफाइनरी सक्षम नहीं है। पेट्रोलियम उत्पादों के लिए पूरी तरह आयात पर निर्भर रहना पड़ता है।

### ईरान-अमेरिका युद्ध में बांग्लादेश की मदद की

हाल में ईरान युद्ध संकट के दौरान भारत ने बांग्लादेश को अतिरिक्त 5000 टन डीजल की सप्लाई की थी। इस तरह हाल के दिनों में भारत से बांग्लादेश को कुल 15,000 टन डीजल मिल चुका है। यह डीजल इंडिया-बांग्लादेश फ्रेंडशिप पाइपलाइन के जरिए परबतिपुर डिपो तक भेजा गया।

### भारत-बांग्लादेश ऊर्जा सहयोग

हाल ही में बांग्लादेश के विदेश मंत्री भारत की यात्रा पर आए थे। इस दौरान भारत से डीजल आयात बढ़ाने पर प्रमुखता से चर्चा हुई। दोनों देशों के बीच पहले से ही ऊर्जा क्षेत्र में मजबूत संबंध हैं : सिलीगुड़ी (भारत) से परबतिपुर (बांग्लादेश) के बीच सीमा पार इंडिया-बांग्लादेश फ्रेंडशिप पाइपलाइन पहले से चालू है। नुमालीगढ़ रिफाइनरी : बांग्लादेश इस पाइपलाइन के जरिए भारत की नुमालीगढ़ रिफाइनरी से डीजल ले रहा है, जिसके लिए साल 2023 में 15 साल का समझौता हुआ था।

# बैंक की अगले हफ्ते 4 दिन रहेगी छुट्टी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अगर आप अगले हफ्ते बैंक से जुड़े काम करने की सोच रहे हैं, तो ये खबर आपके काम की है। जी हां, क्योंकि 13 अप्रैल से 19 अप्रैल 2026 के बीच देश के अलग-अलग हिस्सों में




बैंक 4 दिन तक बंद रह सकते हैं। इसकी वजह कई बड़े त्योहार जैसे अंबेडकर जयंती, पोहेला बोइशाख और बोहाग बिहू हैं, जिनके चलते विभिन्न राज्यों में छुट्टियां घोषित की गई हैं। ऐसे में अगर आपको बैंक से जुड़ा कोई जरूरी काम है, तो पहले से प्लानिंग करना बेहद जरूरी हो जाता है।

रिजर्व बैंक के छुट्टी कैलेंडर के मुताबिक 14 अप्रैल को देश के कई बड़े शहरों जैसे मुंबई, दिल्ली, लखनऊ, कोलकाता, चेन्नई और बेंगलुरु में बैंक बंद रहेंगे। इसके अगले दिन यानी 15 अप्रैल को भी कई राज्यों में छुट्टी जारी रहेगी, खासतौर पर पूर्वोत्तर और दक्षिण भारत के इलाकों में। वहीं 16 अप्रैल को कुछ चुनिंदा राज्यों में बोहाग बिहू के चलते बैंक बंद रहेंगे। इसके अलावा 19 अप्रैल को रविवार होने के कारण पूरे देश में बैंक बंद रहेंगे। हालांकि एक राहत की बात यह है कि 18 अप्रैल, जो इस महीने का तीसरा शनिवार है, उस दिन बैंक खुले रहेंगे, क्योंकि भारत में बैंक केवल दूसरे और चौथे शनिवार को बंद रहते हैं। ऐसे में आप उस दिन अपने जरूरी काम निपटा सकते हैं।

### बैंक की छुट्टियां पूरे देश में एक जैसी नहीं होतीं

यह भी ध्यान रखना जरूरी है कि बैंक की छुट्टियां पूरे देश में एक जैसी नहीं होतीं, बल्कि यह राज्य और स्थानीय त्योहारों के हिसाब से तय होती हैं। इसलिए बैंक जाने से पहले अपनी लोकल ब्रांच से जानकारी जरूर लें। भले ही शाखाएं बंद रहें, लेकिन डिजिटल बैंकिंग सेवाएं जैसे नेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग और एटीएम सेवाएं सामान्य रूप से चालू रहेंगी, यानी आप पैसे ट्रांसफर कर सकते हैं, कैश निकाल सकते हैं और बैलेंस चेक कर सकते हैं। लेकिन, चेक क्लियरेंस, ड्राफ्ट बनवाना या बैंक मैनेजर से मुलाकात जैसे काम छुट्टी के दौरान संभव नहीं होंगे। त्योहारों के इस हफ्ते में बैंकिंग कामकाज थोड़ा प्रभावित रहेगा, इसलिए समय रहते अपनी प्लानिंग करना ही सबसे समझदारी भरा कदम होगा।

# शेयर बाजार में मंगलवार को ठप रहेगी ट्रेडिंग

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अगले हफ्ते छुट्टियों की वजह से शेयर बाजार में सिर्फ 4 दिन ट्रेडिंग होगी। बता दें कि साल 2026 में शेयर बाजार के लिए 16 छुट्टियां तय हैं। इनमें से 6 छुट्टियां पहले ही बीत चुकी हैं। अगले सप्ताह की छुट्टी के बाद, बाकी बचे नौ महीनों में 9 और मौकों पर ट्रेडिंग बंद रहेगी। भारतीय शेयर बाजार में ट्रेडिंग करते हैं तो ये खबर आपके लिए है। दरअसल, अगले हफ्ते छुट्टियों की वजह से शेयर बाजार में सिर्फ 4 दिन ट्रेडिंग होगी। जानकारी के मुताबिक शेयर बाजार के दोनों स्टॉक एक्सचेंज हस्थ्र और बीएसई मंगलवार, 14 अप्रैल को डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर जयंती के मौके पर बंद रहेंगे। ऐसे में ट्रेडिंग सोमवार, बुधवार, गुरुवार और शुक्रवार को होगी। शनिवार और रविवार साप्ताहिक अवकाश




का दिन होता है। इसके अलावा, भारत का सबसे बड़ा कमोडिटी एक्सचेंज, मल्टी-कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया अंबेडकर जयंती के अवसर पर सुबह के सत्र में बंद रहेगा। हालांकि, शाम के सत्र में इसमें ट्रेडिंग फिर से शुरू होगी। पिछले हफ्ते भारतीय शेयर बाजार गुड फ्राइडे और महावीर जयंती के मौके पर दो दिनों के लिए बंद रहा था। बता दें कि साल 2026 में शेयर बाजार के लिए 16 छुट्टियां तय हैं। इनमें से 6 छुट्टियां पहले ही बीत चुकी हैं। अगले सप्ताह की छुट्टी के बाद, बाकी बचे नौ महीनों में 9 और मौकों पर ट्रेडिंग बंद रहेगी। अंबेडकर जयंती के बाद, बाजार की अगली छुट्टी 1 मई को महाराष्ट्र दिवस और 28 मई को बकरी ईद के मौके पर होगी।

# डीजल पर मोदी सरकार का बड़ा फैसला, इंफ्रा सेस 36 प्रति लीटर बढ़ाए

**नईदिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। केंद्र सरकार ने हाई-स्पीड डीजल पर एक्साइज ड्यूटी 24 प्रति लीटर और इंफ्रा सेस 36 प्रति लीटर बढ़ाए हैं। आइए जान लेते हैं कि सरकार ने यह फैसला क्यों लिया है। अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच जंग की वजह से भारत समेत दुनियाभर में फ्यूल संकट है। इस माहौल से निपटने के लिए केंद्र सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। केंद्र सरकार ने हाई-स्पीड डीजल पर एक्सपोर्ट ड्यूटी 24 प्रति लीटर और इंफ्रा सेस 36 प्रति लीटर बढ़ाए हैं। वित्त मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा कि शुल्क में यह बढ़ोतरी तत्काल प्रभाव से लागू होगी। बता दें कि इससे पहले 26 मार्च को सरकार ने डीजल पर 21.50 रुपये प्रति लीटर और एटीएफ पर 29.5 रुपये प्रति लीटर का एक्सपोर्ट ड्यूटी लगाया था।



सरकार ने शनिवार को घोषणा की कि उसने डीजल पर एक्सपोर्ट ड्यूटी 21.5 रुपये प्रति लीटर से बढ़ाकर 55.5 रुपये प्रति लीटर कर दी है। वहीं, हाई-स्पीड डीजल पर एडिशनल एक्साइज ड्यूटी और सेस भी बढ़ा दिए गए हैं। नई व्यवस्था के तहत, हाई-स्पीड डीजल पर स्पेशल एडिशनल एक्साइज ड्यूटी बढ़ाकर 24 रुपये प्रति लीटर कर दी गई है।

### क्या है फैसले की वजह

पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच घरेलू बाजार में ईंधन की उपलब्धता बढ़ाने के लिए ये शुल्क लगाए गए थे। इन शुल्कों का उद्देश्य निर्यातकों को अंतरराष्ट्रीय और घरेलू कीमतों के अंतर का अनुचित लाभ उठाने से रोकना है, क्योंकि युद्ध शुरू होने के बाद से वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल आया है। बता दें कि 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान के खिलाफ सैन्य हमले शुरू करने के बाद तेहरान की ओर से व्यापक जवाबी कार्रवाई की गई थी। हालांकि, आठ अप्रैल को ईरान, अमेरिका और इजरायल दो सप्ताह के संघर्ष विराम पर सहमत हुए, जिससे पूरे पश्चिम एशिया और वैश्विक ऊर्जा बाजार में पैदा हुआ व्यवधान फिलहाल थमा है।



# बड़े देशों के रिजर्व से ज्यादा भारतीय लोगों के लॉकर में सोना, रिपोर्ट ने चौंकाया

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत का आधिकारिक सोने का रिजर्व 880.3 टन है। इस मामले में भारत दुनिया में आठवें स्थान पर है। हालांकि, भारत के घरों और मंदिरों में निजी तौर पर जमा सोने का भंडार किसी भी एक देश के आधिकारिक सोने के भंडार से कहीं अधिक है। भारत के लगभग हर परिवार में सोना को लेकर दीवानगी है। यही वजह है कि भारत के घरों में अब दुनिया के टॉप 10 सेंट्रल बैंकों के कुल रिजर्व से भी ज्यादा सोना हो गया है। इंडस्ट्री बॉडी ने एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। 2024-25 और 2026 की शुरुआत में सोने की कीमतों में आई जबरदस्त तेजी के बाद भारत के घरों में रखे सोने की कीमत में भारी उछाल आया है। इसकी वजह से भारत के घरों में रखा सोना, अमेरिका, जर्मनी और चीन जैसे सबसे ज्यादा रिजर्व रखने वाले सेंट्रल बैंकों के सोने के भंडार से भी आगे निकल गया है।

वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के डेटा का हवाला देते हुए एसोचेम ने बताया कि भारत का आधिकारिक सोने का रिजर्व 880.3 टन है। इस मामले में भारत दुनिया में आठवें स्थान पर है। हालांकि, यह अमेरिका के 8,133.5 टन सोने के रिजर्व का दसवां हिस्सा भी नहीं है लेकिन भारत के घरों और मंदिरों में निजी तौर पर जमा सोने का भंडार किसी भी एक देश के आधिकारिक सोने के भंडार से कहीं अधिक है। हालांकि, फिजिकली सोना के साथ ही अब लोग डिजिटल सोना की ओर भी दिलचस्पी दिखा रहे हैं। भारत के घरों में रखे सोने की कीमत अब कई ट्रिलियन डॉलर के दायरे में मानी जा रही है। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल का अनुमान है कि भारतीय घरों और मंदिरों के पास लगभग 25,000 टन सोना है, जिसकी अनुमानित कीमत 2.4 ट्रिलियन डॉलर है। यह 2026 में भारत की अनुमानित नॉमिनल का लगभग 56 प्रतिशत है।

कोटक इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज का अनुमान है कि सोने की कीमतों में आई तेजी की वजह से जनवरी 2026 तक घरों में रखे सोने की कीमत बढ़कर 5 ट्रिलियन डॉलर से भी अधिक हो गई है। यह भारत की 125 प्रतिशत है। घरेलू बाजारों में सोने की कीमतें वित्त वर्ष 2026-27 में मध्यम रूप से तेज रहने की उम्मीद है क्योंकि भू-राजनीतिक तनाव, व्यापार युद्ध का डर और वैश्विक स्तर पर मंदी का बढ़ता जोखिम सेफ-हेवन (सुरक्षित निवेश) की मांग को बढ़ा सकता है। वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान चांदी में 142 प्रतिशत से अधिक की तेजी आई, जबकि सोने में लगभग 67 प्रतिशत की तेजी आई।

# 35 प्रतिशत से अधिक उछलेगा फिजिक्सवाला का शेयर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** फिजिक्सवाला के शेयर की बात करें तो अभी 101 रुपये पर है। शेयर के लिए ब्रोकरेज ने कहा कि मौजूदा स्तरों से इसमें लगभग 35 प्रतिशत से अधिक बढ़त की संभावना है। ब्रोकरेज का अनुमान है रेवेन्यू 27 प्रतिशत और एबिटा लगभग 85 प्रतिशत रहेगा।

एडुटेक कंपनी के शेयर में सुस्ती वाले माहौल के बीच ब्रोकरेज फर्म सिक्योरिटीज ने इसे खरीदने की सलाह दी है। ब्रोकरेज ने इस शेयर के लिए एक टारगेट प्राइस भी दिया है जो वर्तमान कीमत से 35 पर्सेंट से भी अधिक है। फिजिक्सवाला के शेयर की बात करें तो अभी 101 रुपये पर है। शेयर के लिए ब्रोकरेज ने रेटिंग दी है। इसके साथ ही 140 प्रति शेयर के टारगेट प्राइस के साथ कवरेज शुरू किया है। इसका मतलब है कि मौजूदा स्तरों से इसमें लगभग 35 प्रतिशत से अधिक बढ़त की संभावना है। इस शेयर के 52 हफ्ते का हाई 162.05 रुपये और 52 हफ्ते का लो 77.75 रुपये है। ब्रोकरेज का मानना है कि इस कंपनी की ताकत



उसके ओमनीचैनल मॉडल में निहित है, जिसके तहत वह सबसे पहले मुफ्त कंटेंट और जुड़ाव के जरिए बड़ा यूजर बेस तैयार करता है और फिर उन्हें पैसे देने वाले ग्राहकों में बदल देता है। इसके मुख्य ऑफर कोर्स ही हैं जबकि यह क्षेत्रीय भाषाओं और नई कैटेगरीज में भी अपना विस्तार जारी रखे हुए है। उम्मीद है कि विकास की मजबूत गति बनी रहेगी। ब्रोकरेज का अनुमान है कि रेवेन्यू और एबिटा लगभग 85 प्रतिशत रहेगा। यह भी उम्मीद है कि कंपनी एडजस्टेड लेवल पर मुनाफा कमाने लगेगी। अपने डिजिटल बिजनेस के साथ-साथ, कंपनी ने तेजी से बढ़ती हुई ऑफलाइन मौजूदगी भी बनाई है। कंपनी अब 200 शहरों में 300 से अधिक सेंटर चलाती है, जो क्लासरूम लर्निंग चाहने वाले स्टूडेंट्स को सेवा देते हैं। काफी कैश बैलेंस होने की वजह से कंपनी अपनी बैलेंस शीट पर बिना कोई दबाव डाले अपने विस्तार के लिए अंदरूनी तौर पर फंड जुटा रही है। इलेरा कंपनी के ऑनलाइन और ऑफलाइन बिजनेस की अलग-अलग वैल्यू लगाती है और मानती है कि इसकी ग्रोथ की संभावना और बढ़ते मुनाफे को देखते हुए, मौजूदा वैल्यूएशन अभी भी आकर्षक हैं। बता दें कि पिछले साल फिजिक्सवाला का आईपीओ आया था। यह 3480 करोड़ का एक बुक-बिल्डिंग इशू था, जिसमें 3100 करोड़ का नया इशू और प्रमोटर अलख पांडे और प्रतीक बूब द्वारा 380 करोड़ का 'ऑफर फॉर सेल' शामिल था।

# जमी-जमाई नौकरी छोड़ीं, घर भी लगाया दांव, अब 120 करोड़ का टर्नओवर

### जुड़वां भाइयों ने किया कमाल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आलोक कौशिक और अनुराग कौशिक चंडीगढ़ से हैं। जुड़वां भाइयों की इस जोड़ी ने बहुत कम समय में एक सफल स्टार्टअप खड़ा कर दिया है। विदेश में जमी-जमाई नौकरी छोड़कर उन्होंने साल 2019 में भारत में अपने स्टार्टअप की नींव रखी। इसका नाम 'नेचुरल्टेन' है। इसके लिए भाइयों ने अपना घर तक दांव पर लगा दिया। यह क्लीन प्रोटीन सप्लीमेंट बेचता है। जर्मनी में काम करने के दौरान उन्होंने वहां के सख्त क्वालिटी स्टैंडर्ड्स को देखा। तय किया कि वे भारत में भी उसी स्तर का 'क्लीन प्रोटीन' उपलब्ध कराएंगे। आज यह स्टार्टअप 120 करोड़ रुपये के टर्नओवर तक पहुंच गया है। आइए, यहां आलोक कौशिक और अनुराग कौशिक की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

अनुराग और आलोक कौशिक का सफर चंडीगढ़ से शुरू हुआ। लेकिन, करियर उन्हें पुणे और फिर जर्मनी ले गया। अनुराग एचसीएल (एचसीएल) में प्रोजेक्ट मैनेजमेंट संभाल रहे थे। वहीं, आलोक जर्मनी की दिग्गज कंपनी स्क्र में काम करते थे। 2019 में जब उन्होंने भारतीय बाजार का रुख किया तो पाया कि प्रोटीन सप्लीमेंट्स में स्टैंडर्ड और ट्रांसपेरेंसी की भारी कमी है। अपने इसी विजन के साथ दोनों भाइयों ने अपनी जमी-जमाई नौकरियां छोड़ीं। फिर स्टार्टअप को



खड़ा करने के लिए अपना घर तक दांव पर लगा दिया। जुड़वां भाइयों के स्टार्टअप की सबसे बड़ी ताकत इसकी 'जर्मन क्वालिटी' और कड़े परीक्षण हैं। उनके उत्पाद कोलोन लिस्ट से प्रमाणित हैं। यह एथलीटों के लिए डोपिंग मुक्त होने की गारंटी देता है। इसके अलावा, कंपनी यह सुनिश्चित करती है कि उनके सप्लीमेंट्स 'ग्लाइफोसेट' (एक हानिकारक कीटनाशक) से मुक्त हों। शुरुआत में उत्पादों का निर्माण जर्मनी में ही होता था। लेकिन, 2022 के बाद उन्होंने भारत में प्रमाणित थर्ड-पार्टी सुविधाओं के साथ उत्पादन शुरू किया। दिलचस्प यह है कि 120 करोड़ रुपये टर्नओवर तक पहुंचने के बावजूद आलोक और अनुराग ने कोई पेड विज्ञापन नहीं चलाए। इसके बजाय उन्होंने अपनी मार्केटिंग स्ट्रैटेजी 'भरोसे' पर आधारित रखी। उन्होंने अपने उत्पाद उन फिटनेस इन्फ्लुएंसर्स को दिए जो वास्तव में हेल्थ के प्रति जागरूक थे। जब इन विशेषज्ञों ने खुद उत्पाद इस्तेमाल किए और उन्हें पसंद किया तो 'वर्ड ऑफ माउथ' (मुंह जुबानी प्रचार) के जरिए ब्रांड की वैल्यू बढ़ती गई। आज कंपनी के 70 प्रतिशत से अधिक ऑर्डर सीधे उनकी वेबसाइट से आते हैं। आलोक और अनुराग के स्टार्टअप की ग्रोथ जबरदस्त रही है। वित्त वर्ष 2022-23 में 12 करोड़ रुपये के रेवेन्यू से शुरू होकर कंपनी ने वित्त वर्ष 2025-26 में 120 करोड़ रुपये का आंकड़ा छू लिया है। इसमें 8 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा शामिल है। अब तक 7 लाख से अधिक ग्राहकों को सेवा दे चुके ये भाई वित्त वर्ष 2026-27 में 230 करोड़ रुपये के रेवेन्यू का टारगेट लेकर चल रहे हैं।

# नकली प्रश्नपत्र बेचकर सोल्वर गैंग ने वसूले 15-15 लाख

## उत्पाद सिपाही नियुक्ति परीक्षा में पेपर लीक मामला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की उत्पाद सिपाही नियुक्ति परीक्षा में पेपर लीक नहीं हुआ है। आयोग का दावा हो कि मूल प्रश्न पत्र से मैच नहीं करता है नकली पेपर। यह पूरी तरह ठगी का मामला है।

आयोग के अध्यक्ष प्रशांत कुमार ने रांची में संवाददाता सम्मेलन में स्पष्ट किया कि तमाड़ से बरामद प्रश्नपत्र मूल परीक्षा के प्रश्नों से बिल्कुल अलग थे।

रांची एसएसपी की सूचना पर कराई गई जांच में यह सामने आया कि एक शातिर सॉल्वर गैंग ने अभ्यर्थियों को ठगने के लिए फर्जी पेपर लीक का दावा किया।

गैंग ने निर्दोष अभ्यर्थियों से 15 लाख रुपये तक की रकम वसूली। आयोग अध्यक्ष प्रशांत कुमार ने कहा कि पेपर लीक की कोई घटना नहीं हुई।

गैंग ने केवल अभ्यर्थियों को ठगने के लिए यह अफवाह फैलाई। तमाड़ मामले पर सभी पहलुओं पर पुलिस अधिकारियों की टीम नजर रख रही है। कोई अपराधी बच नहीं पाएंगे।

सभी गिरफ्तार अभ्यर्थियों के खिलाफ कार्रवाई होगी और उन्हें आयोग की परीक्षा से डिबार कर दिया जाएगा। आगे जांच जारी रहेगी।

रांची एसएसपी ने बताया कि गिरफ्तार गैंग के सदस्य पहले भी पेपर लीक के मामलों में आरोपी रहे हैं। पुलिस पूरे मामले की गहन जांच कर रही है।

आयोग ने सभी अभ्यर्थियों को चेतावनी दी है कि परीक्षा में अनुचित साधनों का इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह घटना झारखंड में प्रतियोगी परीक्षाओं को लेकर चल रही ठगी के गिरोहों को उजागर करती है। पुलिस आगे की जांच जारी रखे हुए है।

सूत्रों ने बताया कि सूबे में प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्न पत्रों के लीक होने से कई प्रतियोगी छात्राएं सदमें में आ चुके हैं एवं कई ने तो न्यायालय के शरण में जाने की बात बता रहे हैं।

# अपराध की योजना बनाते तीन धराये

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरभंगा।** बिहार के दरभंगा के शांत चौर में पीपल के पेड़ तले चल रही एक संदिग्ध बैठक अचानक पुलिस के लिए बड़ा खुलासा बन गई।

तीन लोग आपस में किसी गुप्त योजना को अंजाम देने की फिराक में जुटे थे, लेकिन उन्हें क्या पता था कि उनकी हरकतों पर पुलिस की नजर पड़ चुकी है।जैसे ही पुलिस मौके पर पहुंची, माहौल बदल गया भागने की कोशिश नाकाम रही और तलाशी में दो देशी कट्टा व जिंदा कारतूस बरामद होते ही ह्यगुप्त प्लानिंगह्व का पूरा राज खुल गया।

बता दें कि कुशेश्वरस्थान थाना क्षेत्र के बुढ़िया सुकराती गांव के चौर में बीते शनिवार को पुलिस ने छापेमारी कर दो देशी कट्टा और 10 जिंदा कारतूस के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार लोगों में पूर्वी प्रखंड के गोलमा निवासी झबू राय के पुत्र भगवान देव राय, जगदेव राय के पुत्र महेश राय तथा महेश राय के पुत्र मुरारी कुमार शामिल हैं। इस संबंध में थाना में पुअनि राजेश कुमार के लिखित आवेदन पर कांड संख्या 20/26 दर्ज कर तीनों आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

एसडीपीओ प्रभाकर तिवारी ने रविवार को प्रेसवार्ता में बताया कि शनिवार दिन में पुअनि राजेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल गश्ती पर थी।

इसी दौरान गुप्त सूचना मिली कि बुढ़िया सुकराती गांव के चौर में 2-3 व्यक्ति हथियार के बल पर किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं।

सूचना मिलते ही वरीय पदाधिकारी को अवगत कराते हुए स्थानीय चौकीदार असर्फी पासवान को मौके पर पहुंचने का निर्देश दिया गया। पुलिस टीम जब चौकीदार के साथ चौर पहुंची तो पीपल के पेड़ के नीचे बैठे तीनों व्यक्ति पुलिस वाहन को देखते ही भागने की कोशिश किया।

लेकिन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घेराबंदी कर तीनों को दबोच लिया। पुलिस ने नाम-पता पुछने के बाद गिरफ्तार लोगों को तलाशी के दौरान भगवान देव राय के पास बोरे के नीचे रखे झोले से एक लोहे का देशी कट्टा व एक लकड़ी के कुंदे का देशी कट्टा, 10 जिंदा कारतूस तथा एक खोखा बरामद किया गया।

# बेटी को स्कूल छोड़ने जा रहे पिता को हाइवा ने रौंदा

## छात्रा गंभीर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पाकुड़।** हिरणपुर-कोटालपोखर मुख्य पथ पर शहरपुर गांव के निकट रविवार की सुबह हाइवा की चपेट में आने से 40 वर्षीय सिदो किस्कु की मौत हो गई, जबकि पुत्री आठ वर्षीय सावित्री किस्कु गंभीर रुप से जख्मी हो गई। सिदो बाइक से बेटा व बेटी को स्कूल छोड़ने चौड़ा मोड़ जा रहा था। घटना के बाद चालक हाइवा छोड़कर भाग निकला। एसआइ सूर्य कुमार राम, एएसआइ ज्योतिष चौधरी, साधन कर्मकार दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने हाइवा को जब्त कर लिया है। आगे की कार्रवाई की जा रही थी।

स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि सिदो किस्कु अपनी पुत्री सावित्री को बाइक में बैठाकर चौड़ा मोड़ स्थित निजी स्कूल छोड़ने जा रहा था। तभी लोकनाथ भगत के क्रशर से चिप्स लोड कर निकली हाइवा जेएच 04एबी-8437 के चालक ने साइड से बाइक चालक को कुचल दिया। बाइक हाइवा के पहिया में फंस गया। बाइक चालक सिदो की जान घटना स्थल पर ही चली गई। पुत्री सावित्री को गंभीर चोट आई। बाइक में बैठे सिदो का पुत्र दूर जा



गिरा। पुत्र को सामान्य चोट आई है।

चालक हाइवा लेकर कोटालपोखर की ओर जा रहा था। मृतक का पुत्र चंदर किस्कु ने बताया कि पिताजी सुबह भाई व बहन को स्कूल छोड़ने जा रहे थे तभी यह घटना घटी। घटना के बाद स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है।

बता दें कि उक्त पथ होकर चालक तेज गति से हाइवा लेकर आना-जाना करते हैं। जिस कारण घटनाएं होती है। थाना प्रभारी विनय कुमार ने बताया कि हाइवा की चपेट में आने से बाइक चालक की मौत हुई है।

हाइवा को जब्त करते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के बाद स्वजनों को सौंप दिया गया है। आवेदन मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# प्रदेश कांग्रेस कमिटी का जल्द होगा विस्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में प्रदेश कांग्रेस के विभिन्न पदों को लेकर कमेटी विस्तार की तैयारी अंतिम चरण में है। कोशिश है कि बंगाल चुनाव परिणाम के पूर्व कमेटी का विस्तार हो जाए।

परिणाम आने के बाद केंद्रीय नेतृत्व की व्यस्तता बढ़ जाएगी और कमेटी के विस्तार को लेकर निर्णय लेना मुश्किल होगा।

इस बीच, प्रदेश कांग्रेस के कई शीर्ष नेता नई दिल्ली की लगातार दौर लगा रहे हैं। इसे प्रस्तावित कमेटी विस्तार में अपनी पसंद के कार्यकताओं को शामिल कराने के प्रयासों के तहत देखा जा रहा है।

कमेटी में अपने लोगों को शामिल कराने की कोशिश में जुटे इन सीनियर्स को हर लोकसभा क्षेत्र में अपनी पसंद का उपाध्यक्ष मनोनीत करवाना है तो जिलों में महासचिव भी अपनी पसंद का चाहिए।

इस प्रकार पूरी टीम पर सीनियर नेता अपना अधिकार स्थापित करने में सफल होंगे। मकसद यह है कि अगले चुनाव में यही कमेटी उम्मीदवारों के चयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

बंगाल चुनाव का परिणाम आ जाने के बाद कांग्रेस नेताओं को बंगाल में नई जिम्मेदारी दी जा सकती है। इस चुनाव में भी करीब दो दर्जन नेताओं को विभिन्न जिलों की जिम्मेदारी दी गई है, जहां वे लगातार कैंप कर रहे हैं।

## हॉस्टल से कारतूसों की तस्करी का पर्दाफाश

**मुजफ्फरपुर।** बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर बिहार विश्वविद्यालय इलाके से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यूनिवर्सिटी हॉस्टल में रहकर कारतूसों की तस्करी करने वाले एक बड़े नेटवर्क का पुलिस ने पदार्फाश किया है।

काजीमोहम्मदपुर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर 200 कारतूसों के साथ दो तस्करों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सिवान निवासी अभिषेक तिवारी और सीतामढ़ी निवासी अनमोल कुमार के रूप में हुई है। जांच में सामने आया कि दोनों तस्कर यूनिवर्सिटी परिसर के ह्यपीजी थर्डह्व हॉस्टल के कमरा नंबर 54 और 55 में अवैध रूप से रह रहे थे और छात्रों के बीच छिपकर आपराधिक गतिविधियों को अंजाम दे रहे थे। पुलिस के मुताबिक, कार्रवाई के दौरान दोनों तस्कर अपनी बुलेट बाइक से कारतूसों की बड़ी खेप लेकर हॉस्टल लौट रहे थे। इसी दौरान काजीमोहम्मदपुर थानाध्यक्ष नवलेश कुमार आजाद ने टीम के साथ कलमबाग-खबरा रोड पर घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया।

## मुख्यमंत्री पशुधन योजना में घालमेल

# डेढ़ वर्षों बाद वेंडर ने लाभुक को लौटाया भैंस और बछड़ा, अब तक नहीं मिली पासबुक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दुमका।** झारखंड में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत बड़े पैमाने पर अनियमितताओं के आरोप सामने आ रहे हैं। यदि इसकी निष्पक्ष जांच कराई जाए तो कई चौंकाने वाले तथ्य उजागर हो सकते हैं। इसका एक उदाहरण उपराजधानी दुमका के रानीश्वर प्रखंड में देखने को मिला है।

पशुपालन विभाग ने अपने ऊपर लगे आरोपों से बचने के लिए करीब डेढ़ वर्ष बाद वेंडर पर दबाव बनाकर शुक्रवार को महिला लाभुक मति सोरेन को भैंस और उसका बछड़ा सौंप दिया। वेंडर के कहने पर पाटजोर के बिचौलिया गौतम घोष ने रानीश्वर के प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) राजेश कुमार सिन्हा की मौजूदगी में लाभुक को मवेशी सौंपा।

इससे यह स्पष्ट होता है कि वेंडर द्वारा गड़बड़ी की गई थी और अपने बचाव के लिए उसे भैंस लौटानी पड़ी। हालांकि, इस मामले की जांच यहीं थमने वाली नहीं है। यदि अन्य प्रखंडों में भी जांच की जाए तो ऐसे और मामले सामने आ सकते हैं।

दरअसल, चार अप्रैल को पाटजोर पंचायत के सजनीपाड़ा गांव की लाभुक मति सोरेन ने बीडीओ को आवेदन देकर बताया कि अक्टूबर 2024 में उसे मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत पशुधन स्वीकृत हुआ था।

पाटजोर गांव के गौतम घोष ने उसका आधार कार्ड लेकर आसना के सीएसपी में बैंक खाता खुलवाया और एक स्थान पर मवेशी के साथ उसकी तस्वीर खींचकर यह कहकर भेज दिया कि जल्द ही पशुधन उपलब्ध करा दिया जाएगा।

इसके बाद वेंडर ने बिना पशुधन दिए ही खाते से 60 हजार रुपये की निकासी कर ली। बीडीओ द्वारा जांच शुरू किए जाने पर विभाग ने मामले को दबाने का प्रयास किया और वेंडर पर पशुधन वापस करने का दबाव बनाया।



इसी दबाव के चलते बिचौलिया ने बीडीओ की उपस्थिति में लाभुक को भैंस और उसका बछड़ा सौंप दिया। इस दौरान प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी, कनीय अभियंता और पंचायत सचिव भी मौजूद थे।

अब सवाल यह उठता है कि जिस वेंडर को विभाग पूरी तरह से निर्दोष बता रहा था और महिला लाभुक को ही दोषी ठहरा रहा था, उसी के माध्यम से पशुधन क्यों लौटाया गया? यदि महिला ही दोषी थी, तो जांच में यह साबित होता।

भैंस लौटाकर विभाग ने अप्रत्यक्ष रूप से गड़बड़ी की आशंका को बल दिया है। ऐसा प्रतीत होता है कि विभाग पूरे मामले को दबाने के लिए 60 हजार रुपये खर्च कर इसे शांत करना चाहता है।

राशि निकासी के बावजूद महिला लाभुक को अब तक बैंक खाते की पासबुक नहीं मिली है। लाभुक के अनुसार, खाता खुलने के कुछ दिन बाद ही गौतम घोष ने चेक पर हस्ताक्षर करवाकर पासबुक अपने पास रख ली थी। बिचौलिया ने जल्द पासबुक लौटाने का आश्वासन दिया है।

बीडीओ राजेश कुमार सिन्हा ने कहा कि वेंडर के कहने पर बिचौलिया ने लाभुक को भैंस और उसका बछड़ा वापस कर दिया है। मामले की जांच जारी है और प्रखंड में इस तरह के अन्य मामले भी सामने आ सकते हैं।

# दरियातू में महिलाओं के बीच सिलाई मशीन का वितरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चतरा।** कृषि विज्ञान केंद्र के परिसर में रविवार को एससी-एसपी कार्यक्रम के तहत दरियातू गांव की 14 ग्रामीण महिलाओं के बीच सिलाई मशीनों का वितरण किया गया। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें स्वरोजगार के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त करना है। कार्यक्रम के दौरान केंद्र की वैज्ञानिक डॉ. सुनीता कमल ने कहा कि सिलाई एक ऐसा कौशल है, जिससे महिलाएं घर बैठे रोजगार सृजित कर सकती हैं।

उन्होंने महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे अपने आसपास की अन्य महिलाओं के साथ मिलकर समूह बनाएं और इस कार्य को आगे बढ़ाएं, ताकि उनकी आय में वृद्धि हो सके और परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत हो।




उन्होंने यह भी बताया कि सरकार द्वारा संचालित इस तरह की योजनाओं का लाभ उठाकर ग्रामीण महिलाएं न केवल आत्मनिर्भर बन सकती हैं, बल्कि समाज में अपनी अलग पहचान भी स्थापित कर सकती हैं।

इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ. रविंद्र मोहन मिश्र ने कहा कि केंद्र लगातार किसानों और ग्रामीणों के लिए विभिन्न प्रशिक्षण एवं संसाधन उपलब्ध करा रहा है, जिससे उनके जीवन स्तर में सुधार हो सके। कार्यक्रम में प्रक्षेत्र प्रबंधक शिवेन्द्र कुमार दुबे, उपेंद्र कुमार सिंह समेत सभी वैज्ञानिक एवं स्टाफ सदस्य मौजूद थे।

## कांग्रेस के डा अजय ने थामा जदयू का दामन

**पटना।** पूर्व विधान पार्षद डॉ. अजय कुमार सिंह रविवार को जदयू में शामिल हो गए। जदयू प्रदेश कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलायी।

कांग्रेस के वरिष्ठ और कद्दावर नेता रहे डॉ. अजय ने कहा कि नीतीश कुमार की दूरदर्शी व कल्याणकारी नीतियों से प्रभावित होकर वह जदयू में शामिल हो रहे।

जदयू प्रदेश अध्यक्ष ने डॉ.अजय का स्वागत करते हुए कहा कि उनके जदयू परिवार में शामिल होने से भोजपुर-बक्सर क्षेत्र में संगठन को नयी ऊर्जा एवं मजबूती प्राप्त होगी।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनके लंबे सामाजिक एवं राजनीतिक अनुभव का लाभ पार्टी को मिलेगा तथा न्याय के साथ विकास की नीति को और अधिक बल मिलेगा।

मिलन समारोह में विधान परिषद में सत्तारूढ़.दल के मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव भगवान सिंह कुशवाहा, विधायक दुलाल चंद गोस्वामी, अनिल कुमार व वासुदेव कुशवाहा सहित कई गणमान्य नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# लाखों की लागत से बना बिक्रमपुर का सांसद भवन आज भी बदहाल

## ग्रामीणों में रोष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हनवारा।** महागामा प्रखंड अंतर्गत परसा पंचायत के बिक्रमपुर गांव में लाखों रुपये की लागत से बना सांसद भवन आज अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। एक दशक पूर्व तत्कालीन विधायक राजेश रंजन की पहल पर गांव को आदर्श ग्राम का दर्जा मिला था, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है।

करीब 12 सौ लोगों की आबादी वाले इस गांव में विकास की रफ्तार बेहद धीमी रही। लेकिन विडंबना यह है कि लगभग 43 लाख 63 हजार रुपये की लागत से निर्मित सांसद भवन अब खंडहर में तब्दील हो चुका है। भवन की दीवारें जर्जर हो रही हैं, दरवाजे-खिड़कियां टूट



गई हैं और आसपास गंदगी का अंबार लगा है। यानी कही जाय तो सरकारी पैसों का दुरूपयोग किया गया है।

ग्रामीणों का कहना है कि इस भवन का उपयोग शायद ही कभी जनहित के कार्यों में हुआ हो। उचित देखरेख और रखरखाव के अभाव में यह सरकारी संपत्ति धीरे-धीरे बर्बाद होती जा रही है। सबसे बड़ी समस्या यह है कि आज तक सांसद भवन तक पहुंचने के लिए पक्की सड़क का निर्माण भी नहीं किया गया है, जिससे इसकी उपयोगिता और भी कम हो गई है।

वहीं पूर्व भाजपा विधायक अशोक कुमार द्वारा उपलब्ध कराई गई एम्बुलेंस भी कबाड़ बनकर रह गई। हालांकि महागामा से कांग्रेस पार्टी से दीपिका पांडेय सिंह विधायक बनने के बाद उनके अथक प्रयासों के बदौलत बीक्रमपुर गांव को मुख्य सड़क से जोड़ दिया गया और गांव को मुख्य धारा से जोड़ने का काम किया।

आजादी के 75 वर्ष बाद ग्रामीणों को सड़क की सौगात देकर विधायक दीपिका पांडेय सिंह ने मिशाल कायम किया। साथ ही आने जाने के लिए पुलिया भी निर्माण किया गया है। दशकों बाद गांव के लोगों ने राहत की सांस ली है।

# बंध्याकरण के दौरान हुई मौत का मामला पकड़ा तूल, न्याय की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

*गोड्डा। स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बीते दिनों बंध्याकरण के दौरान डॉक्टर की लापरवाही के कारण एक महिला की मौत का मामला तूल पकड़ने लगा है। स्वजनों ने उपायुक्त, सिविल सर्जन व अन्य वरीय पदाधिकारी से न्याय की गुहार लगाई है। उल्लेखनीय है कि प्रखंड अंतर्गत अमरसिंह कित्ता गांव की नैना देवी का बंध्याकरण बीते 24 फरवरी को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में सेवानिवृत्त डॉक्टर अरविंद कुमार सिन्हा द्वारा किया गया था। स्वजनों का आरोप है कि बंध्याकरण के दौरान काफी लापरवाही बरती गई थी। अस्पताल से वापस घर लाने के बाद उसकी हालत लगातार बिगड़ती चली गई। चिंताजनक की हालत में सबसे पहले उसे प्रखंड कार्यालय से सटे अंतर्राज्यीय सीमा पर स्थित स्थानीय बाजार ईशीपुर-बाराहाट के एक निजी क्लिनिक में ले जाया गया। वहां उसके स्वास्थ्य में कोई सुधार नहीं हुआ।*

*इसके बाद उन्हें ललमटिया स्थित मिशन अस्पताल ले जाया गया। वहां भी स्थिति में सुधार नहीं होने पर भागलपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां भी स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो डॉक्टरों ने उसे देवघर स्थित एम्स भेज दिया। जहां तमाम कोशिशों के बावजूद उसे बचाया नहीं जा सका।बीते दिनों उसकी मौत हो गई।*

*मृतका अपने पीछे तीन छोटे-छोटे बच्चों को छोड़ गई है जिसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। घटना के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है। स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। आरोप है कि यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी कई मरीज इसी तरह की चिकित्सकीय लापरवाही का शिकार हो चुके हैं।*

*अब भी प्रखंड अंतर्गत भीमचक भलुआ गांव की एक महिला इसी प्रकार की स्थिति में देवघर एम्स में इलाजरत है। उसकी भी स्थिति गंभीर बनी हुई है। इस संबंध में संबंधित चिकित्सक डाक्टर अरविंद सिन्हा से संपर्क का प्रयास किया गया। परंतु उनका मोबाइल स्वीच ऑफ मिला।*

*सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर विवेक कुमार सिन्हा ने बताया कि महिला का ऑपरेशन 24 फरवरी को किया गया था। समुचित इलाज के उपरांत 24 घंटे बाद दुसरे दिन उन्हें सही सलामत डिस्चार्ज कर दिया गया था।महिला की हालत बिगड़ने की सुचना उन्हें नही मिली थी और न हीं दोबारा उसे अस्पताल हीं लाया गया था।*

*इधर सिविल सर्जन डॉक्टर सुभाष चंद्र शर्मा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पूरे मामले की जांच के लिए एक जांच टीम गठित कर दी है। जिससे सच्चाई सामने आने पर कार्यवाही की जा सके। जांच पूरी होने तक संबंधित सेवानिवृत्त डॉक्टर अरविंद कुमार सिन्हा को फिलहाल सेवा से अलग रखने का निर्देश दिया गया है।*

*इधर सेवानिवृत्ति डॉक्टर अरविंद कुमार सिन्हा के ऊपर पूर्व में कोरोना काल के दौरान भी यहां का कोरोना वैक्सीन बिहार में लगवाने का आरोप लगा था।बावजूद उनसे बंध्याकरण कराने के मामले को लेकर कई तरह की चचाएं की जा रही है।*

## मृत पशुओं का होगा दाह संस्कार

**गयाजी।** शहर में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में नगर निगम ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। अब निगम क्षेत्र के अंतर्गत मृत पशुओं का निशुल्क दाह संस्कार किया जाएगा।

इसके लिए नैली डंपिंग ग्राउंड में विशेष व्यवस्था की गई है। जहां एनिमल कैचर मशीन के माध्यम से मृत पशुओं का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण किया जाएगा। नगर आयुक्त अभिषेक पलासिया ने बताया कि इस कार्य के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया है। यह टीम शहर के विभिन्न क्षेत्रों से मृत पशुओं को एकत्र कर नैली डंपिंग ग्राउंड तक पहुंचाने का काम करेगी। वहां एलपीजी आधारित प्रणाली से उनका दाह संस्कार किया जाएगा। जिससे पर्यावरण को नुकसान न पहुंचे और आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता बनी रहे। उन्होंने बताया कि अक्सर सड़कों या मोहल्लों में मृत पशु पड़े रहने से दुर्गंध फैलती है और लोगों को काफी परेशानी होती है। साथ ही यह स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक साबित हो सकता है।

# वर्षों से घर बैठकर वेतन ले रहा शिक्षक बर्खास्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पाकुड़।** पाकुड़ जिले की शिक्षा व्यवस्था में अनुशासन और जवाबदेही को लेकर प्रशासन ने अब तक का सबसे सख्त और निर्णायक कदम उठाते हुए पूरे विभाग में हड़कंप मचा दिया है।

लंबे समय से निलंबित चल रहे बालक मध्य विद्यालय, लिट्टीपाड़ा (लिट्टीपाड़ा पश्चिमी) के शिक्षक मो. अब्दुल हन्नान को गंभीर आरोपों के आधार पर सरकारी सेवा से तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर दिया गया है।

इस कार्रवाई के बाद शिक्षा विभाग में अफरातफरी और तेज हलचल की स्थिति है।

यह कार्रवाई जिला शिक्षा स्थापना समिति की सर्वसम्मत अनुशंसा के आधार पर की गई, जिसमें शिक्षक के विरुद्ध लगे सभी आरोपों को गंभीर, प्रमाणित और नियमों के स्पष्ट उल्लंघन के रूप में स्वीकार किया गया।

जिला शिक्षा अधीक्षक ने बताया कि मो. अब्दुल हन्नान पिछले पांच वर्षों से अधिक समय से बिना किसी वैध अनुमति के लगातार अनुपस्थित चल रहे थे।

इस लंबे अंतराल ने बालक मध्य विद्यालय, लिट्टीपाड़ा की शैक्षणिक व्यवस्था को पूरी तरह प्रभावित कर दिया और बच्चों की पढ़ाई गंभीर संकट में पहुंच गई।

बार-बार चेतावनी और विभागीय निदेशों के बावजूद न तो उनकी उपस्थिति दर्ज की गई और न ही सेवा में वापसी का कोई प्रयास किया गया। परिणामस्वरूप विद्यालय में प्रशासनिक और शैक्षणिक शून्यता जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई।

शिक्षक पर विद्यालय को उपलब्ध कराई गई सरकारी राशि के कथित दुरुपयोग, वित्तीय अनियमितताओं, मनमानी कार्यशैली तथा विभागीय आदेशों की लगातार अवहेलना जैसे गंभीर आरोप भी दर्ज थे।

इन आरोपों ने न केवल शिक्षा व्यवस्था को झकझोर दिया, बल्कि सरकारी योजनाओं की पारदर्शिता और जवाबदेही पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए।

डीएसई ने बताया कि यह पूरी कार्रवाई झारखंड सेवा संहिता के नियम 76 तथा झारखंड सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2016 के भाग-पांच की कंडिका 14 (७) के तहत पूर्णतः विधिसम्मत प्रक्रिया के अनुसार की गई।

मामले में अंतिम/द्वितीय कारण पृच्छा पत्रांक 1369 (दिनांक 27.12.2025) के तहत जारी किया गया था। शिक्षक द्वारा 10.01.2026 को प्रस्तुत जवाब को रिकॉर्ड पर लेते हुए विस्तृत परीक्षण के बाद सक्षम समिति के समक्ष रखा गया।

24 मार्च 2026 को आयोजित जिला शिक्षा स्थापना समिति की बैठक में पूरे मामले की गहन समीक्षा की गई। सभी दस्तावेजों, अभिलेखों और तथ्यों के परीक्षण के बाद समिति ने स्पष्ट रूप से पाया कि आरोप गंभीर हैं और दिया गया जवाब संतोषजनक नहीं है।

# आईपीएल में ऐसा खेल रहे टी-20 वर्ल्ड चैंपियंस



## सैमसन ने शतक लगाया

### चक्रवर्ती-बुमराह को विकेट नहीं मिल रहे

**मुंबई (एजेंसी)।** आईपीएल में 19वें सीजन के 18 मैच खत्म हो चुके हैं। भारत को टी-20 वर्ल्ड चैंपियन बनाने वाले 15 प्लेयर्स अलग-अलग टीमों में खेल रहे हैं। प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट संजू सैमसन ने शनिवार को ही शतक लगा दिया। उनके साथी अभिषेक शर्मा ने भी 74 रन की पारी खेली। हालांकि, वर्ल्ड कप के 2 टॉप विकेट टेकर वरुण चक्रवर्ती और जसप्रीत बुमराह आईपीएल में विकेट के लिए तरस जा रहे हैं। ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या और अक्षर पटेल का प्रदर्शन भी बहुत फीका चल रहा है। वर्ल्ड कप में खराब स्ट्राइक रेट से बैटिंग करने वाले कप्तान सूर्यकुमार यादव भी अब तक प्रभाव नहीं छोड़ पाए हैं।

## रिंकू, हार्दिक और अर्शदीप फ्लॉप

### ओपनर्स अभिषेक-सैमसन चमके

आईपीएल के 18 मैचों में 10 टीमों से 22 प्लेयर्स ने ओपनिंग की। वर्ल्ड कप खेलने वाले अभिषेक शर्मा सनराइजर्स हैदराबाद और संजू सैमसन चेन्नई सुपर किंग्स से खेल रहे हैं। टूर्नामेंट में अभिषेक 5वें और सैमसन तीसरे बेस्ट स्कोरर हैं। राजस्थान के वैभव सूर्यवंशी और यशस्वी जायसवाल टॉप-2 पोजिशन पर हैं। अभिषेक शुरुआती 3 मैचों में 55 रन ही बना सके। हालांकि, शनिवार को पंजाब के खिलाफ उन्होंने 28 गेंद पर ही 74 रन बना दिए। उन्होंने 8 छक्के और 5 चौके लगाए। वे 129 रन बनाकर टूर्नामेंट के पांचवें बेस्ट ओपनर हैं। संजू भी शुरुआती 3 मैचों में फ्लॉप रहे, उनके बैट से तो 22 रन ही निकले। शनिवार को दिल्ली के खिलाफ उन्होंने 56 गेंद पर 115 रन की नॉटआउट पारी खेल दी। उन्होंने 15 चौके और 4 छक्के लगाए। वे 137 रन बनाकर टूर्नामेंट के तीसरे बेस्ट ओपनर हैं।



### मिडिल ऑर्डर में एक ही फिफ्टी लगी

- आईपीएल में 3 से 5 नंबर तक 39 प्लेयर्स बैटिंग कर चुके हैं। इनमें 11 ने 100 से ज्यादा रन बनाए, लेकिन वर्ल्ड चैंपियन टीम का एक ही भारतीय इसमें शामिल हैं। नंबर-3 पर बैटिंग करने वाले ईशान ने एक फिफ्टी लगाकर 120 से ज्यादा रन बनाए हैं। वर्ल्ड कप में उनका साथ देने वाले कप्तान सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा कुछ खास नहीं कर सके।
- ईशान फिलहाल एसआरएच की कप्तानी कर रहे हैं, उन्होंने अपने पहले ही मैच में 80 रन बनाकर टीम को 200 के पार पहुंचाया था। इसके बाद 3 मैचों में वे 42 रन ही बना सके। मिडिल ऑर्डर बैटर्स में वे 9वें नंबर पर हैं।
- सूर्यकुमार टूर्नामेंट एक भी फिफ्टी नहीं लगा सके हैं, उनके नाम 73 रन ही हैं। हालांकि, उनका स्ट्राइक रेट जरूर 155 प्लस है, जो उनके वर्ल्ड कप स्ट्राइक रेट से 19 ज्यादा है। वे रन बनाने के मामले में 15वें नंबर पर हैं।
- तिलक का प्रदर्शन मिडिल ऑर्डर बैटर्स में सबसे खराब है। वे 130.76 के स्ट्राइक रेट से 34 रन ही बना सके। वे एक बार खाता नहीं खोल सके और 6 ही चौके लगा पाए हैं। उनके बैट से एक भी छक्का नहीं आया। वे टॉप-20 प्लेयर्स से भी बाहर हैं। एसआरएच के हेनरिक क्लासन पहले और आरआर के ध्रुव जुरेल दूसरे नंबर पर हैं।

### सुंदर को एक विकेट मिला

सुंदर के नाम बॉलिंग में एक ही विकेट हैं, लेकिन गुजरात के लिए बैटिंग में वे मिडिल ऑर्डर बैटर की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। इस पोजिशन पर एक फिफ्टी के सहारे वे 77 रन बना चुके हैं। उनका स्ट्राइक रेट भी 154 का है। मिडिल ऑर्डर बैटर्स में वे 14वें नंबर पर हैं।



### ऑलराउंडर्स कमाल नहीं दिखा सके

दिल्ली के कप्तान अक्षर पटेल और मुंबई के कप्तान हार्दिक पंड्या भी आईपीएल में अपनी छाप नहीं छोड़ पाए हैं। वहीं वर्ल्ड कप में 2 ही मैच खेलने वाले वॉशिंगटन सुंदर बैट से रन बना रहे हैं। अक्षर 4 मैचों में 2 ही रन बना सके। उन्होंने बॉलिंग में जरूर 8 से कम की इकोनॉमी रखी और 3 विकेट भी झटक लिए। विकेट लेने वाले स्पिनर्स में वे 9वें नंबर पर हैं।

हार्दिक तो बैट और बॉल दोनों डिपार्टमेंट में फ्लॉप चल रहे हार्दिक तो बैट और बॉल दोनों डिपार्टमेंट में फ्लॉप रहे। उनका स्ट्राइक रेट जरूर 160 के करीब है, लेकिन रन 30 भी नहीं बना सके। गेंदबाजी में 1 ही विकेट ले सके, जिसके लिए उन्होंने 11 से ज्यादा की इकोनॉमी से रन खर्च कर दिए। दोनों डिपार्टमेंट में वे टॉप-30 प्लेयर्स से भी नीचे हैं।

## एक ही फिनिशर रन बना पा रहा



शिवम दुबे और रिंकू सिंह ने वर्ल्ड कप में फिनिशर की भूमिका निभाई थी। आईपीएल में 49 प्लेयर्स ने 6 से 8 नंबर पर बैटिंग की है। इनमें 12 प्लेयर्स ने 30 प्लस रन बनाए। इनमें 250 प्लस का स्ट्राइक रेट अकेले सरफराज खान का रहा। उनके बाद एसआरएच के अनिकेत वर्मा ने 195 प्लस के स्ट्राइक रेट से रन बनाए। दुबे ने 164.81 के स्ट्राइक रेट से 89 रन बनाए। स्ट्राइक रेट के मामले में वे तीसरे नंबर पर हैं। उन्होंने 4 छक्के और 9 चौके लगाए। सिक्स लगाने में दुबे चौथे और चौके लगाने में पहले नंबर पर हैं। रिंकू ने 4 मैचों में 72 रन जरूर बनाए, लेकिन उनका स्ट्राइक रेट 135 का ही रहा। ज्यादातर मौकों पर उन्होंने मिडिल ऑर्डर में बैटिंग की, इसके बावजूद वे कुछ खास प्रभाव नहीं छोड़ सके। वे एक ही सिक्स लगा सके। स्ट्राइक रेट के मामले में रिंकू 12 प्लेयर्स में 8वें नंबर पर हैं।

# क्रिकेट की बड़ी प्रशंसक थी आशा भोसले, ब्रेट ली ने साथ गया था ये हिट सांग

**मुंबई (एजेंसी)।** रविवार को जब यह खबर आई कि दिग्गज भारतीय गायिका आशा भोसले का निधन हो गया है, तो दुनिया भर के संगीत प्रेमी शोक में चले गए। अपनी सदाबहार और बहुमुखी आवाज से कई पीढ़ियों को मंत्रमुग्ध करने वाली इस महान गायिका का 92 वर्ष की



आयु में निधन हो गया। संगीत में अपने विशाल योगदान के अलावा भोसले क्रिकेट की भी बहुत बड़ी प्रशंसक थीं। इस खेल के प्रति उनके जुनून ने एक बार उन्हें ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज ब्रेट ली के साथ मिलकर काम करने के लिए प्रेरित किया। आशा भोसले के बेटे आनंद भोसले ने उनके निधन की खबर की पुष्टि करते हुए कहा, वह अब हमारे बीच नहीं रहीं। उनका अंतिम संस्कार कल शाम 4 बजे मुंबई के शिवाजी पार्क में किया जाएगा। इस महान गायिका को शनिवार, 11 अप्रैल को मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। आशा भोसले ने 2007 में यू आर द वन फॉर मी गाने से संगीत और क्रिकेट दोनों के प्रशंसकों का दिल जीता था। इस गाने में ब्रेट ली भी नजर आए थे। यह गाना जबरदस्त हिट हुआ था और प्रशंसकों को इसकी धुन पर थिरकने और ली तथा भोसले, दोनों की प्रतिभा से चकित होने पर मजबूर कर दिया। अपनी आत्मकथा माई लाइफ में, ब्रेट ली ने भोसले के साथ काम करने के अपने अनुभव को साझा किया है। उन्होंने बताया कि इस म्यूजिक वीडियो की शूटिंग तब हुई थी, जब वे 2006 में चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारत आए हुए थे। इस गाने में ब्रेट ने हिंदी की कुछ पंक्तियां भी गाई थीं, जैसे हां, मैं तुम्हारा हूं, तुम्हारा ही रहूंगा। ली ने लिखा, मुझे बहुत मजा आया। मैंने अपने किसी भी साथी खिलाड़ी को यह नहीं बताया था कि मैं क्या करने जा रहा हूं; जब मैं शूटिंग के लिए निकला, तो मैंने उनसे कहा कि मैं बस सड़कों पर घूमने जा रहा हूं। उस जबरदस्त रिकॉर्डिंग अनुभव के चार महीने बाद जब आशा सिडनी में ओपेरा हाउस में प्रस्तुति देने आईं तो मेरी उनसे मुलाकात हुई। उन्होंने मुझे अपना एक संकलन एल्बम दिया जिस पर उन्होंने अपने हाथों से एक संदेश भी लिखा था। यह हमेशा मेरे सबसे कीमती खजानों में से एक रहेगा।

# सैंटोस की जीत में पूरे 90 मिनट तक खेले नेमार

**रियो डी जेनेरो (एजेंसी)।** नेमार पूरे 90 मिनट खेले, जिससे सैंटोस ने ब्राज़ील के सीरी ए में एटलेटिको मिनेरो पर 1-0 से घरेलू जीत हासिल की। इस साल संभावित 11 में से सिर्फ पांचवीं लीग शुरुआत करते हुए नेमार मेहनती थे, लेकिन साफ तौर पर अपने बेस्ट से नीचे थे, जिससे सैंटोस ने दूसरे हाफ में मोइसेस के गोल से कैंपेन की अपनी तीसरी जीत हासिल की। सैंटोस के मैनेजर कुका ने नेमार के परफॉर्मेंस की तारीफ की और



भविष्यवाणी की कि 34 साल का यह खिलाड़ी आने वाले हफ़्तों में ब्राजील की 2026 फीफा वर्ल्ड कप टीम में जगह बनाने के लिए और बेहतर होता जाएगा। मैच के बाद कुका ने कहा, नेमार गेम दर गेम बेहतर हो रहा है, उसे मेहनत करते रहना होगा। उसका मूवमेंट बहुत बेहतर है और वह और बेहतर होगा। यह मानने के बावजूद कि नेमार में मैच फिटनेस की कमी है, कुका ने कहा कि फॉरवर्ड मंगलवार को रेकोलेटा के साथ सैंटोस के घरेलू कोपा सुदामेरिका मैच में फिर से शुरुआत कर सकता है। उन्होंने कहा, उसके लिए पूरे 90 मिनट खेलना रिस्की है, हम देखेंगे कि वह इसे संभाल सकता है या नहीं, लेकिन हम कोशिश करेंगे ताकि वह मंगलवार को खेल सके। हमें उसे गेम का मज़ा लेते हुए देखकर खुशी हो रही है जैसा उसने किया। नेमार, जो 128 इंटरनेशनल मैचों में 79 गोल के साथ ब्राजील के ऑल-टाइम लीडिंग स्कोरर हैं, अक्टूबर 2023 में उरुग्वे के खिलाफ वर्ल्ड कप क्वालीफायर में एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट टूटने के बाद से अपने देश के लिए नहीं खेले हैं। तब से उन्हें कई चोटों का सामना करना पड़ा है, पिछले साल जनवरी में अपने बचपन के क्लब में लौटने के बाद से वह सभी कॉम्पिटिशन में सैंटोस के लिए सिर्फ 35 मैच ही खेल पाए हैं। ब्राजील के मैनेजर कार्लो एंसेलोटी के वर्ल्ड कप टीम अनाउंस करने से पहले, सैंटोस के लिए अपनी फिटनेस साबित करने के लिए उनके पास ज्यादा से ज्यादा 10 और गेम हैं।

### मोंटे कार्लो फाइनल

# अल्काराज और सिनर के बीच खिताबी मुकाबला, नंबर-1 रैंकिंग दांव पर

**ब्राजील (एजेंसी)।** मोंटे कार्लो मास्टर्स 2026 का फाइनल बेहद खास होने जा रहा है, जहां कार्लोस अल्काराज और जानिक सिनर आमने-सामने होंगे। इस मुकाबले की सबसे बड़ी बात यह है कि जीतने वाला खिलाड़ी दुनिया का नंबर-1 बन जाएगा। दोनों खिलाड़ियों ने सेमीफाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए सीधे सेटों में जीत दर्ज की।



- **सिनर का बयान** - जीत के बाद सिनर ने कहा, मैं बहुत खुश हूं। हम यहां क्ले कोर्ट पर खुद को परखने आए थे और फाइनल में पहुंचना मेरे लिए बहुत मायने रखता है। अब मैं पूरी ताकत के साथ खिताब जीतने की कोशिश करूंगा।
- **अल्काराज भी पूरी तरह तैयार** - कार्लोस अल्काराज ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बनाई। उन्होंने कहा, यह मेरे लिए एक ड्रीम मोमेंट है। मैं अपने दूसरे मोंटे कार्लो खिताब के लिए खेल रहा हूं और नंबर-1 की रेस इस मुकाबले को और खास बना देती है।

### सेमीफाइनल में दमदार जीत

जानिक सिनर ने तीसरे वरीय अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 6-1, 6-4 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। वहीं कार्लोस अल्काराज ने घरेलू खिलाड़ी वैलेंटिन वैचेरोट को 6-4, 6-4 से हराकर फाइनल का टिकट हासिल किया। दोनों खिलाड़ियों ने अपने-अपने मुकाबलों में बेहतरीन नियंत्रण और आक्रामक खेल दिखाया।

### सिनर का शानदार फॉर्म

जानिक सिनर इस समय शानदार लय में हैं और मास्टर्स 1000 स्तर पर लगातार 21 मैच जीत चुके हैं। उन्होंने इस सीजन में पहले ही इंडियन वेल्स और मियामी जैसे बड़े खिताब जीत लिए हैं। साथ ही वह 2015 के बाद पहले खिलाड़ी बने हैं, जो एक ही सीजन में शुरुआती तीन मास्टर्स 1000 फाइनल में पहुंचे हैं।

### बड़ा मुकाबला है

हेड-टू-हेड रिकॉर्ड में कार्लोस अल्काराज का पलड़ा भारी है और वह सिनर के खिलाफ 10-6 से आगे हैं। हालांकि पिछली बार एटीपी फाइनल्स में सिनर ने अल्काराज को हराया था, जिससे इस बार मुकाबला और भी रोमांचक हो गया है।

# 'हम हार से थक चुके थे', सीएसके कोच ने इस सीजन की पहली जीत का राज खोला

**चेन्नई (एजेंसी)।** आईपीएल 2026 में चेन्नई सुपर किंग्स ने आखिरकार जीत का खाता खोलते हुए दिल्ली कैपिटल्स को 23 रन से हराया। चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में सीएसके ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार तीन हार के सिलसिले को खत्म किया और सीजन की पहली जीत दर्ज की।

**कोच एरिक सिमंस का बड़ा बयान** - मैच के बाद सीएसके के बॉलिंग कोच एरिक सिमंस ने टीम के मानसिकता को लेकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा, लड़के इस जीत के लिए बेहद बेताब थे। लगातार तीन हार के बाद हम जीत के लिए तरस रहे थे। उन्होंने यह भी बताया कि ड्रेसिंग रूम का माहौल हमेशा सकारात्मक बना रहा, भले ही टीम को शुरुआत में हार झेलनी पड़ी।

**आत्मविश्वास की कमी थी असली वजह** - एरिक सिमंस के अनुसार, टीम की रणनीति में कोई कमी नहीं थी, बल्कि आत्मविश्वास की थोड़ी कमी थी। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे मोमेंट्स, जैसे शानदार कैच या अच्छी फील्डिंग, पूरे टीम का आत्मविश्वास बढ़ा सकते हैं और वही इस मैच में देखने को मिला।



- **सैमसन और म्हात्रे की शानदार बल्लेबाजी** - इस मुकाबले में संजू सैमसन ने नाबाद 115 रन की विस्फोटक पारी खेली। उनके साथ आयुष म्हात्रे ने 56 रन बनाकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। दोनों की शानदार साझेदारी की बदौलत सीएसके ने 212/2 का बड़ा स्कोर खड़ा किया।
- **गेंदबाजी में ओवर्टन-कंबोज का जलवा** - गेंदबाजी में जेमी ओवर्टन ने 4 विकेट लेकर मैच का रुख बदल दिया। वहीं अंशुल कंबोज ने भी 3 विकेट झटककर दिल्ली की बल्लेबाजी को झकझोर दिया और टीम को 189 रन पर समेट दिया।

# पीएसएल छोड़ आईपीएल जाने पर घिरे कुसल मेंडिस, पत्रकार के सवाल पर रह गए चुप

**पेशावर (एजेंसी)।** पेशावर जाल्मी के विकेटकीपर-बल्लेबाज कुसल मेंडिस उस समय असहज स्थिति में आ गए, जब एक पाकिस्तानी पत्रकार ने उनसे पीएसएल छोड़कर आईपीएल में जाने को लेकर सवाल पूछ लिया। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पूछे गए इस सवाल ने माहौल को अचानक गंभीर बना दिया और मेंडिस कुछ पल के लिए पूरी तरह चुप नजर आए। पत्रकार ने मेंडिस से पूछा कि क्या उन्हें पीएसएल छोड़कर गुजरात टाइटंस के लिए खेलने का कोई पछतावा है। उन्होंने यह भी कहा कि पीएसएल ने उन्हें सम्मान दिया, लेकिन उन्होंने बीच सीजन में लीग छोड़ दी। ऐसे में क्या अब उन्हें अपने फैसले पर अफसोस है?

**मेंडिस का रिएक्शन** - इस सवाल पर कुसल मेंडिस हैरान रह गए और कोई जवाब नहीं दे सके। वह पहले मुस्कुराए, फिर टीम के मीडिया मैनेजर की ओर देखने लगे। उनकी बॉडी लैंग्वेज से साफ था कि वह इस सवाल से असहज महसूस कर रहे थे।

**मैनेजर ने किया बचाव** - स्थिति को संभालने के लिए टीम के मीडिया मैनेजर को बीच में आना पड़ा। उन्होंने पत्रकार से कहा कि सवाल पीएसएल और टीम से जुड़े होने चाहिए, लेकिन पत्रकार ने इसे प्रासंगिक बताते हुए अपने सवाल पर जोर दिया। इससे माहौल और ज्यादा असहज हो गया।

**आईपीएल और पीएसएल में मेंडिस का प्रदर्शन** - कुसल मेंडिस ने आईपीएल में गुजरात टाइटंस के लिए एक मैच खेला, जिसमें उन्होंने 10 गेंदों पर 20 रन बनाए। वहीं पीएसएल में इस सीजन उनका प्रदर्शन शानदार रहा है। उन्होंने 4 पारियों में 241 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक और एक अर्धशतक शामिल है। उनकी स्ट्राइक रेट 170 से ज्यादा रही है।

### चेस कैंडिडेट्स टूर्नामेंट

# वैशाली ने रूसी खिलाड़ी को हराया

## टॉप पर बरकरार, प्रज्ञानानंदा ने ड्रॉ खेला, टूर्नामेंट के 3 राउंड बाकी



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर वैशाली रमेशबाबू ने साइप्रस में चल रहे एफआईडीई चेस कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के विमेंस कैटेगरी में एक और बड़ी जीत दर्ज की है। उन्होंने 11वें राउंड में रूस की अलेक्जेंड्रा गोर्याचकिना को हराकर पॉइंट्स टेबल में टॉप पर बरकरार हैं। इस जीत के साथ वैशाली के 11 राउंड के बाद 7 अंक हो गए हैं और वह दूसरे स्थान पर मौजूद खिलाड़ियों से एक अंक आगे हैं। टूर्नामेंट में अब तीन राउंड बाकी हैं।

**प्रज्ञानानंदा 7वें पर कायम** - ओपन कैटेगरी में भारत के ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा को जर्मनी के मथियास ब्लूबाउम के खिलाफ ड्रॉ खेला। प्रज्ञानानंदा इस ड्रॉ के बाद 7वें नंबर पर ही हैं।

# तीन हार के बाद मिली पहली जीत

## लेकिन सीएसके कप्तान गायकवाड़ पर लगा भारी जुर्माना; जानें पूरा मामला

**चेन्नई (एजेंसी)।** आईपीएल 2026 में चेन्नई सुपर किंग्स ने आखिरकार तीन लगातार हार के बाद जीत का खाता खोला। सीएसके ने दिल्ली कैपिटल्स को 23 रन से हराया, लेकिन इस जीत के बावजूद कप्तान रुतुराज गायकवाड़ पर स्लो ओवर रेट के चलते 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।

### गायकवाड़ पर क्यों लगा जुर्माना?

सीएसके के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ को धीमी ओवर गति बनाए रखने के कारण दंडित किया गया।आईपीएल के नियमों के अनुसार, यह टीम का सीजन में पहला अपराध था, इसलिए उन पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। यह कार्रवाई आईपीएल की आचार संहिता के आर्टिकल 2.22 के तहत की गई है।

- **सैमसन का तूफानी शतक** - मैच में संजू सैमसन ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 115 रन ठोके। उन्होंने सिर्फ 56 गेंदों में 15 चौके और 4 छक्के लगाए और 205 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से रन बनाए। उनकी इस पारी की बदौलत ष्टस्च् ने 212/2 का बड़ा स्कोर खड़ा किया।
- **ओवर्टन की घातक गेंदबाजी** - गेंदबाजी में जेमी ओवर्टन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 विकेट लिए। उन्होंने 4 ओवर में सिर्फ 18 रन देकर दिल्ली की बल्लेबाजी को झकझोर दिया और मैच का रुख पूरी तरह सीएसके की ओर मोड़ दिया।

### इन कप्तानों पर भी हुई कार्रवाई

इस सीजन में स्लो ओवर रेट के कारण सजा पाने वाले गायकवाड़ तीसरे कप्तान बने हैं। इससे पहले श्रेयस अय्यर (पंजाब किंग्स) और शुभमन गिल (गुजरात टाइटंस) पर भी इसी तरह की कार्रवाई हो चुकी है। अय्यर ने लगातार दो मैचों में यह गलती दोहराई थी, जबकि गिल को दिल्ली के खिलाफ मैच में दोषी पाया गया था।



## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली-एनसीआर में पश्चिमी विक्षोभ का असर खत्म?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली-एनसीआर में पश्चिमी विक्षोभ के कारण पिछले दिनों



हल्की वर्षा होने से तापमान में कमी दर्ज की जा रही थी। अब अधिकतम तापमान के साथ ही न्यूनतम तापमान में भी वृद्धि हो रही है। भारतीय मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार अगले सप्ताह अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचेगा। शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 16.3 डिग्री सेल्सियस था। शनिवार को यह बढ़कर 18.6 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। दिन में आसमान साफ रहने से अधिकतम तापमान 34.7 डिग्री सेल्सियस रहा। शुक्रवार को यह 32.8 डिग्री सेल्सियस था। मंगलवार को इसमें और वृद्धि का पूर्वानुमान है। हवा चलने के कारण दिल्ली में हवा की गुणवत्ता में भी पिछले कई दिनों से सुधार है। शनिवार को भी दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआइ) 123 यानी मध्यम श्रेणी में दर्ज हुआ। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के समीर एप के अनुसार सोनिया विहार की हवा सबसे साफ रही। सुबह एक्यूआइ 49 यानी अच्छी श्रेणी में और शाम के समय 57 यानी संतोषजनक श्रेणी में रहा। वहीं, वजीरपुर सबसे प्रदूषित रहा। यहां सुबह के समय एक्यूआइ 210 यानी खराब श्रेणी में था, लेकिन शाम में इसमें सुधार हुआ और एक्यूआइ 175 यानी मध्यम श्रेणी में पहुंच गया। दिल्ली में चालू 45 प्रदूषण निगरानी स्टेशनों में से किसी में भी औसत एक्यूआइ खराब श्रेणी में नहीं रहा।

### छात्र बनेंगे 'पर्यावरण प्रहरी', निजी और सरकारी स्कूलों में लगाएंगे 3.5 लाख पौधे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शिक्षा निदेशालय ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए स्कूलों में



बड़े स्तर पर हरियाली बढ़ाने का अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत सभी सरकारी, सहायता प्राप्त और निजी स्कूलों को मिलाकर 3.5 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य तय किया गया है। इसमें एक लाख पेड़ और 2.5 लाख झाड़ियां शामिल हैं। शिक्षा निदेशालय ने स्कूलों को निर्देश दिए गए हैं कि वे इस अभियान को चरणबद्ध तरीके से लागू करें और हर माह पौधारोपण की प्रगति रिपोर्ट भेजें। निदेशालय ने सभी स्कूलों में जागरूकता अभियान चलाने, ग्रीन पैच बढ़ाने और वायु प्रदूषण कम करने के लिए घास व बेलें लगाने पर विशेष जोर दिया गया है। इसके अलावा पोस्टर, पेंटिंग, निबंध, नुक्कड़ नाटक और स्लोगन प्रतियोगिताएं आयोजित कर छात्रों को भी इस अभियान से जोड़ा जाएगा। शिक्षा विभाग ने 11 अगस्त 2026 को विशेष पौधारोपण दिवस घोषित किया है, जिस दिन अधिकतम पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही निर्देश दिया गया है कि सभी स्कूल अगस्त 2026 तक अपने कुल लक्ष्य का 80 प्रतिशत पूरा कर लें। हर स्कूल को न्यूनतम 350 पौधे (100 पेड़ और 250 झाड़ियां) लगाने अनिवार्य किए गए हैं। निदेशालय ने कहा कि प्रमुख, इको-क्लब के शिक्षक और स्टाफ मिलकर पौधों की देखभाल सुनिश्चित करेंगे और छात्रों की भागीदारी से उनकी निगरानी करेंगे। इसके साथ ही पिछले सत्र 2025-26 में लगाए गए पौधों की सर्वाइवल रिपोर्ट भी एक बार जमा करनी होगी। जिला और जोन स्तर के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे इस अभियान की नियमित निगरानी करें और समय-समय पर समेकित रिपोर्ट शिक्षा निदेशालय को भेजें।

# सड़कों पर तीन महीने से कचरे का ढेर

## एमसीडी एप पर शिकायत का भी नहीं असर

**दक्षिणी दिल्ली, एजेंसी।** एक तरफ जहां राजधानी दिल्ली में स्वच्छता पर जोर देते हुए काम कराए जा रहे हैं। वहीं बदरपुर विधानसभा का एक वार्ड ऐसा है, जहां बीते तीन महीने से कचरे का उठान ही नहीं हो पा रहा है। सड़कों से लेकर गलियों तक में झाड़ू भी नहीं लगती। सड़क से लेकर गली तक में बिखरा ये कचरा नालियों में पहुंचकर उन्हें जाम कर दे रहा है। प्रमुख मार्गों पर कचरों के ढेर सुबह-शाम जाम के साथ ही दुर्घटना की भी वजह बन रहे हैं। एमसीडी अधिकारियों, निगम पार्षद से लेकर एमसीडी 311 एप तक पर शिकायत की गई। पर अब तक लोगों को राहत नहीं मिल पायी है। स्थानीय निवासियों के मुताबिक आबादी के हिसाब से हरिनगर वार्ड में 70 से 80 सफाई कर्मियों की जरूरत है। पर नजर केवल 10 से 15 ही आते हैं। इसके चलते कई गलियों और सड़कों की नियमित सफाई नहीं हो पाती। नालियां कचरे की वजह से चोक है। इनकी भी सफाई नहीं होती। वार्ड स्थित के ब्लाक सौरभ विहार छठ घाट के नजदीक, एन ब्लाक अमर मार्केट, लव कुश चौक, टंकी रोड, अर्पण विहार, मोड़बंद आदि में सड़क किनारे कचरे के ढेर लगे हैं। लोगों के मुताबिक क्षेत्र में तीन से चार ही कचरा गाड़ी आती है, जबकि 10 से 12 गाड़ियों का कूड़ा रोज निकलता है। जितना कचरा उठता नहीं उसका चार गुना रोज पड़ जाता है।

इसके चलते कई स्थानों पर आधी रोड तक कचरा फैल चुका है। कचरे व इनके पास गोवंशियों के जमावड़े के चलते लोगों को सुबह-शाम जमा झेलना पड़ रहा है। वहीं अंधेरे में गोवंशियों के चलते दुर्घटनाएं भी हो रही हैं। स्थानीय पार्षद निखिल चपराना से इस पर जवाब मांगा गया लेकिन कोई उत्तर नहीं आया। समस्या पिछले कई महीनों से है। नालियों चोक होने से गलियों में गंदा पानी जमा है। एमसीडी अधिकारियों से कई बार शिकायत की जा चुकी है। एप पर भी समस्या बताई गई, पर अब तक निदान कुछ नहीं हो पाया। आधी सड़क तक तो कूड़ा फैला रहता है और आधे में लोग चलते हैं। आफिस व स्कूल जाने-आने के समय इसके चलते बिना वजह जाम लगता है। समय की बर्बादी होती है और तेल अलग जलता है। लोग भी सहयोग करते हैं, पर समय पर कचरे की गाड़ी आती नहीं। जहां आसपास के लोग कचरा फेंक भी रहे हैं, वहां से उठाया भी नहीं जाता। महीनों से पड़े कचरे के चलते भयंकर दुर्गंध रहती है। पैदल चलने वालों को नाक पर रूमाल रखकर निकलना पड़ता है। कई जगहों पर आधी रोड तक कचरा फैला होने से चलने के लिए जगह ही नहीं बचती।



## तुझे पानी भी नसीब नहीं होने देंगे...

# दिल्ली के वेलकम में बदला लेने के लिए कर दी निर्मम हत्या

**पूर्वी दिल्ली, एजेंसी।** वेलकम थानाक्षेत्र के झील पार्क में दो युवकों ने एक नाबालिग संग मिलकर युवक की निर्मम हत्या कर दी। पुलिस ने तीनों आरोपितों को पकड़ लिया है। पूछताछ में नाबालिग ने पुलिस को बताया कि मरने से पहले मृतक शमीम ने उनसे मानी मांगा था, लेकिन युवकों ने कहा कि मरने तक तुझे पानी भी नसीब नहीं होने देंगे। चाकू से गोदने के बाद उसके सिर को पत्थर से कुचलकर उसकी हत्या कर दी। आरोपितों ने बताया कि मृतक कई दिन से खेल के दौरान उसके साथ मारपीट करता था और विरोध पर अपने भाई से पिटवाने की धौंस जमाता था। डीसीपी उत्तर पूर्वी जिला आशीष मिश्रा ने बताया कि मामले मे वसीम उर्फ मिया, तिलक राज उर राज ओर एक नाबालिग को पकड़ा गया है। शनिवार सुबह पुलिस को सूचना मिली थी कि नगर निगम उत्तरी जोन कार्यालय के पीछे बने झील पार्क में एक युवक का शव मिला है। मृतक की पहचान मोहम्मद शमीम निवासी लकड़ी मार्किट वेलकम के रूप में हई। वह जींस सिलाई का काम करता था। स्वजन ने पूछताछ में पता चला कि वसीम, तिलक और एक अन्य उसे शुक्रवार रात घूमने के लिए साथ लेकर गए थे। इसके बाद से उसका कोई पता नहीं था। पुलिस ने सर्विलांस के जरिये तीनों को पकड़ लिया। पुलिस के अनुसार मृतक शमीम और आरोपित वसीम बचपन के दोस्त थे लेकिन शमीम अक्सर वसीम पर रौब जमाता था। खेलने के दौरान भी वह वसीम व अन्य साथियों के साथ हाथापाई भी करता था।

दो दिन पहले वसीम व अन्य दो आरोपित कॉलोनी में साथ थे तभी शमीम उनके पास आया और रौब झाड़ते हुए वहां से जाने को कहा। न जाने पर वसीम के पेट में लात मार दी थी। पुलिस के अनुसार शमीम कई बार तीनों से मारपीट कर चुका था और अपने बड़े भाई से पिटवाने की धमकी भी देता था। इससे गुस्सा तीनों आरोपितों ने उसकी हत्या की योजना बनाई और झील पार्क ले जाकर उसे मार डाला।

पुलिस पूछताछ में नाबालिग ने बताया कि पार्क ले जाकर तीनों ने उसे घेरकर जमकर पीटा। बुरी तरह घायल होने के बाद वह पानी मांगने लगा। इस दौरान एक आरोपित ने कहा कि तुझे मरने तक पानी नहीं नसीब होने देंगे। इसके बाद उसपर एक के बाद एक कई वार चाकू से किए। मौत होने पर भी उनका गुस्सा शांत नहीं हुआ और भारी पत्थर मारकर उसका सिर कुचल दिया।



## महिलाओं के लिए खुशखबरी, सरकार ने जारी किए 4 लाख से ज्यादा पिंक कार्ड; फ्री बस सेवा का मिलेगा लाभ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में महिलाओं की नि:शुल्क बस यात्रा के लिए चाल लाख से अधिक पिंक कार्ड जारी हुए हैं। पहले पिंक कार्ड बनाने के लिए 50 केंद्र निर्धारित किए गए थे। अब इनकी संख्या बढ़ाकर 58 कर दी गई है। इन केंद्रों पर प्रतिदिन 10 हजार निर्धारित की जगह अब लगभग 12,500 कार्ड बनाए जा रहे हैं। तीन मार्च से पिंक कार्ड बनाने की शुरुआत हुई थी। अभी पिंक कार्ड नहीं बनाने वाली महिलाओं को भी बस में नि:शुल्क यात्रा की सुविधा दी जा रही है। डीटीसी ने 31 मई तक दिल्ली की सभी महिलाओं के पिंक कार्ड बनाने का लक्ष्य रखा है। दिल्ली में 'सहेली पिंक कार्ड' बनवाने की प्रक्रिया को सरल और तेज बनाने के लिए क्यूआर कोड आधारित डिजिटल ऑनबोर्डिंग की सुविधा शुरू की गई है। इस व्यवस्था के तहत महिलाएं अपने मोबाइल से क्यूआर कोड स्कैन कर घर बैठे रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूरी कर सकती हैं। इसमें सबसे पहले मोबाइल नंबर का ओटीपी वेरिफिकेशन किया जाता है, इसके बाद आधार ओटीपी के जरिए पहचान सत्यापित होती है। बताया कि पूरी प्रक्रिया डिजिटल होने से लंबी लाइनों में लगने व दस्तावेजों की बार-बार जांच जैसी दिक्कतों से राहत मिलती है। रजिस्ट्रेशन पूरा होने के बाद एक कन्फर्मेशन क्यूआर जनरेट होता है, जिसे नजदीकी पिंक कार्ड जारी करने वाले केंद्र पर दिखाकर आसानी से कार्ड प्राप्त किया जा सकता है। इसके साथ ही कार्ड का दुरुपयोग रोकने के लिए एक ही बस में एक घंटे के भीतर एक ही कार्ड से दोबारा टिकट जनरेट करने पर रोक लगाई गई है। जबकि बसों में यात्रा के दौरान पास के उपयोग को लेकर महिलाओं में यह गलत-फहमी पनप रही है कि एक बार बस से उतरने के बाद उन्हें दूसरी बस में चढ़ने के लिए भी एक घंटे का इंतजार करना पड़ेगा। दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) के उप महाप्रबंधक (पीआर) अमन देव छिकारा ने इस पर स्पष्ट किया कि यह धारणा पूरी तरह गलत है।




# दिल्ली में हाई-रिटर्न के झांसे में 10 लाख की ठगी, 'म्यूल अकाउंट' गैंग का पर्दाफाश

**पूर्वी दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार में गारंटीड हाई-रिटर्न और का लालच देकर 10 लाख रुपये की ठगी करने वाले एक संगठित साइबर गैंग का शाहदरा जिले की पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपितों, सुमित, संदीप और कमल कुमार को रोहिणी इलाके से दबोचा है। आरोपितों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल मोबाइल फोन, डेबिट कार्ड और अन्य डिजिटल साक्ष्य बरामद किए गए हैं। डीसीपी शाहदरा आरपी मीणा के अनुसार, यह गिरोह सीधे ठगी करने के बजाय 'म्यूल बैंक अकाउंट' यानी किराए के बैंक खाते उपलब्ध कराता था, जिनके जरिए ठगी की रकम को इधर-उधर घुमाकर असली मास्टरमाइंड की पहचान छिपाई जाती थी। शाहदरा के सुभाष पार्क निवासी अमित कुमार जैन ने दो फरवरी को साइबर थाने में शिकायत दी थी। उन्होंने बताया कि दिसंबर 2025 में वे एक वॉट्सएप ग्रुप के जरिए कुछ लोगों के संपर्क में आए, जो खुद को शेयर बाजार के एक्सपर्ट बताते थे। आरोपितों ने उन्हें कम समय में मोटा मुनाफा कमाने का भरोसा दिलाया और हाई-रिटर्न के नाम पर निवेश के लिए उकसाया। झांसे में आकर अमित ने अलग-अलग किश्तों में कुल 10 लाख रुपये बताए गए खातों में ट्रांसफर कर दिए। कुछ समय तक फर्जी ऐप और मैसेज के जरिए उन्हें मुनाफा दिखाया जाता रहा, लेकिन जब उन्होंने पैसे निकालने की कोशिश की तो आरोपितों ने उन्हें ब्लॉक कर दिया। डीसीपी शाहदरा मीणा ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद साइबर पुलिस ने ट्रांजैक्शन की तकनीकी जांच शुरू की। जांच में पता चला कि ठगी की रकम रोहिणी से संचालित इंडियन ओवरसीज बैंक के एक खाते में भेजी गई थी। इसके बाद पुलिस टीम ने रोहिणी के विजय विहार फेज-2 स्थित गोपाल विहार में छापेमारी कर तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपितों ने खुलासा किया कि वे विभिन्न लोगों के नाम पर बैंक खाते खुलवाते या किराए पर लेते थे और इन्हें साइबर ठगों को उपलब्ध कराते थे। इसके बदले उन्हें कमीशन मिलता था। इन खातों के जरिए ठगी की रकम को कई लेयर में ट्रांसफर कर ट्रैकिंग मुश्किल बनाई जाती थी। पुलिस अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य आरोपितों और मुख्य साजिशकर्ताओं की तलाश कर रही है।



# हैती के ऐतिहासिक किले में मची भगदड़

## 30 लोगों की मौत, बारिश और भीड़ बनी काल

**पोर्ट-औ-प्रिंस, एजेंसी।** हैती के ऐतिहासिक सिटाडेल लाफेरियर किले में सालाना उत्सव के दौरान बड़ा हादसा हो गया. भारी बारिश और क्षमता से अधिक भीड़ होने की वजह से अचानक भगदड़ मच गई, जिसमें 30 लोगों की मौत हो गई. अधिकारियों के मुताबिक मृतकों की संख्या बढ़ सकती है. राहत दल मौके पर रेस्क्यू ऑपरेशन चला रहे हैं.

कैरिबियाई देश हैती के उत्तरी हिस्से में स्थित ऐतिहासिक 'सिटाडेल लाफेरियर' किले में शनिवार को एक बड़ा हादसा हो गया. सालाना उत्सव मनाने के लिए इकट्ठा हुई भारी भीड़ के बीच अचानक भगदड़ मच गई, जिसमें कम से कम 30 लोगों की जान चली गई है. अधिकारियों ने आशंका जताई है कि मरने वालों का आंकड़ा अभी और बढ़ सकता है. हैती कैरिबियाई सागर में स्थित एक द्वीप देश है, जो उत्तरी अमेरिका महाद्वीप के पास पड़ता है.

रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, हैती के नॉर्ड विभाग के नागरिक सुरक्षा प्रमुख जीन हेनरी पेटिट ने बताया कि हादसा किले के प्रवेश द्वार (एंट्रेंस) पर हुआ. 19वीं सदी की शुरुआत में बने इस ऐतिहासिक किले में सालाना कार्यक्रम चल रहा था, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र और पर्यटक पहुंचे थे. पेटिट के अनुसार, बहुत ज्यादा भीड़ और अचानक हुई बारिश की वजह से हालात बिगड़ गए और देखते ही देखते भगदड़ मच गई.

हादसे पर हैती के कार्यवाहक प्रधानमंत्री एलिक्स डिडिएर फिल्स-ऐम ने गहरा दुख जताया है।



## ● ईरान अमेरिका संघर्ष में अपनी सक्रियता बढ़ाना चाह रहा है

# अमेरिकी खुफिया एजेंसी का दावा- चीन ईरान को समर्थन देने पर कर रहा है विचार

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी मीडिया में दिए गए यूएस के खुफिया आकलन से पता चलता है कि चीन ईरान के संघर्ष में ज्यादा एक्टिव भूमिका निभाने पर विचार कर रहा है। भले ही चीन एक बड़े युद्ध से बचना चाहता हो, लेकिन वह ईरान अमेरिका संघर्ष में अपनी सक्रियता बढ़ाना चाह रहा है। द न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी एजेंसियों ने ईरान को चीन के संभावित समर्थन की ओर इशारा करते हुए जानकारी इकट्ठा की है। हालांकि अधिकारियों ने जोर देकर कहा कि यह इंटेलिजेंस पक्की नहीं है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 'इस बात का कोई सबूत नहीं है कि लड़ाई के दौरान अमेरिकी या इजरायली सेना के खिलाफ चीनी मिसाइलों का इस्तेमाल किया गया है।' इससे नतीजों के बारे में अनिश्चितता पर जोर दिया गया।

फिर भी, अमेरिकी अधिकारी बड़े जियोपॉलिटिकल दांव को देखते हुए चीन के शामिल होने की संभावना को भी अहम मानते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, चीन फिलहाल बहुत सावधानी बरत रहा है। चीन के अधिकारी दुनिया को यह दिखाना चाहते हैं कि वे इस मामले में निष्पक्ष हैं और किसी का पक्ष नहीं ले रहे। लेकिन असल में, उनके बीच ईरान की मदद करने को लेकर भी बातचीत चल रही है, जिससे उनकी स्थिति काफी उलझी हुई नजर आती है।

रिपोर्ट में कुछ पूर्व अधिकारियों ने कहा कि ईरान मिसाइलों और ड्रोन में इस्तेमाल होने वाले जरूरी पार्ट्स के लिए चीन पर निर्भर है। हालांकि, बीजिंग यह तर्क दे सकता है कि ऐसे पार्ट्स का सिविलियन इस्तेमाल होता है।



# इराक में खत्म हुआ लंबा राजनीतिक गतिरोध

**बगदाद, एजेंसी।** इराकी संसद ने राजधानी बगदाद में एक अहम मतदान के बाद पूर्व पर्यावरण मंत्री निजार अमेदी को देश का नया राष्ट्रपति चुन लिया है। संसद के अध्यक्ष हैबत अल-हल्बूसी ने रनऑफ मतदान में अमेदी को 227 वोट मिलने के बाद आधिकारिक विजेता घोषित किया। घोषणा के तुरंत बाद नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ने संवैधानिक रूप से पद की शपथ ली। इस महत्वपूर्ण सत्र में 329 सदस्यों वाली संसद के करीब 250 सांसद मौजूद थे। राष्ट्रपति चुनाव के लिए कम से कम 220 सांसदों की मौजूदगी जरूरी थी, इसलिए यह संख्या तय कोरम से अधिक थी। टीवी पर दिखाए गए सत्र के अनुसार, पैट्रियॉटिक यूनियन ऑफ कुर्दिस्तान (पीयूके) के उम्मीदवार अमेदी को पहले दौर में 208 वोट मिले। उनके मुकाबले में खड़े कुर्दिस्तान इस्लामिक यूनियन के मुथन्ना अमीन को 17 और मौजूदा विदेश मंत्री फुआद हुसैन को 16 वोट मिले। पहले दौर में किसी भी उम्मीदवार को दो-तिहाई बहुमत नहीं मिला, इसलिए मुकाबला अमेदी और अमीन के बीच दूसरे दौर में चला गया। अमेदी बगदाद में पीयूके के राजनीतिक ब्यूरो के प्रमुख हैं। वे 2022 से 2024 तक इराक के पर्यावरण मंत्री रहे हैं और पूर्व इराकी राष्ट्रपतियों के सलाहकार के रूप में भी काम कर चुके हैं। इराकी संविधान के तहत नवनिर्वाचित राष्ट्रपति के पास 15 दिनों के भीतर संसद के सबसे बड़े दल के नेता को प्रधानमंत्री पद के लिए नामित करने का अधिकार होता है। इसके बाद नामित उम्मीदवार के पास 30 दिनों के भीतर नई कैबिनेट गठित करने और विश्वास मत प्राप्त करने का समय होता है। इराक में पिछले साल नवंबर में संसदीय चुनाव हुए थे। इस मतदान से लंबे समय से चल रहे राजनीतिक गतिरोध के खत्म होने का संकेत मिला है। कुर्द दलों के बीच सहमति की कमी और कोरम पूरा न होने की वजह से राष्ट्रपति का चुनाव बार-बार टल रहा था। साल 2003 के बाद इराक में सत्ता के बंटवारे की एक व्यवस्था बनी है।



# अमेरिका के लिए शांति वार्ता से हटना नहीं आसान? विशेषज्ञ कुगेलमैन ने बताई असल वजह

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के बिना किसी समझौते के पाकिस्तान से रवाना होने को एक बड़ी राजनयिक विफलता के रूप में देखा जा रहा है। हालांकि, विल्सन सेंटर के दक्षिण एशिया संस्थान के निदेशक माइकल कुगेलमैन का मानना है कि इस्लामाबाद में हुई शांति वार्ता एक लंबी प्रक्रिया का केवल एक विराम है। कुगेलमैन ने एक्स पर एक पोस्ट में तर्क दिया कि अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल की वरिष्ठता और व्हाइट हाउस पर पड़ने वाले घरेलू दबावों से संकेत मिलता है कि अमेरिका के बातचीत की मेज से दूर हटने की संभावना कम है।

विशेषज्ञ कुगेलमैन ने कहा, 'घरेलू राजनीतिक कारणों से अमेरिका एक ऐसे समझौते की तलाश में है, जो उसे युद्ध से बाहर निकलने में सक्षम बनाए। इतने वरिष्ठ समूह का पाकिस्तान तक उड़ान भरना अमेरिका की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। वेंस की टिप्पणियों के बावजूद यह संभवतः खत्म नहीं हुआ है। अभी और बातचीत हो सकती है, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि यह पाकिस्तान में होंगी या कहीं और। '

अमेरिकी मतदाता विदेशी उलझनों से तेजी से थक रहे हैं और 2026 के आर्थिक संकट ने संसाधनों पर दबाव डाला है। ऐसे में प्रशासन पर क्षेत्रीय संघर्ष से निकलने की रणनीति बनाने का भारी दबाव है। 1979 के बाद से अमेरिका-ईरान के सबसे महत्वपूर्ण जुड़ाव की मेजबानी करके इस्लामाबाद ने वॉशिंगटन के लिए अपनी उपयोगिता साबित की है, खासकर ऐसे समय में जब प्रशासन विश्वसनीय मध्यस्थों की तलाश में है।

विशेषज्ञ माइकल कुगेलमैन के विश्लेषण से तीन संभावित रास्ते सुझाए गए हैं: जनता की नजरों से दूर निम्न-स्तरीय तकनीकी चर्चाओं को जारी रखी जाए, ताकि लेबनान के मामले का हल निकाला जा सके और कमियों का लाभ उठाया जा सके। भविष्य में उच्च-स्तरीय शिखर सम्मेलन, संभवतः एक तटस्थ यूरोपीय शहर या मस्कट या दोहा जैसे पश्चिम एशियाई केंद्र में स्थानांतरित हो सकते हैं।

अगले औपचारिक दौर की शुरुआत से पहले ईरान को रियायतें देने के लिए मजबूर करने के लिए अमेरिका द्वारा अधिकतम दबाव वाली बयानबाजी का दौर चले।



# ज्वेलरी दुकान से 15 लाख की चोरी मामले में पुलिस अंतरराज्यीय चोर गिरोह का किया खुलासा

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। फुसरो बाजार में ज्वेलरी दुकान से 15 लाख की चोरी मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए अंतरराज्यीय चोर गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है।इसकी जानकारी एसपी हरविंदर सिंह ने मीडिया को दी है। मामला 29 मार्च 2026 का है, जब पेटरवार थाना क्षेत्र के राजेंद्र प्रसाद दास की फुसरो बाजार स्थित सोना-चांदी की दुकान से करीब 15 लाख रुपये के गहनों की चोरी हुई थी। इस मामले में बेरमो थाना में कांड संख्या 22/26 दर्ज किया गया था। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि इसी तरह की वारदात चंद्रपुरा थाना क्षेत्र में भी हो चुकी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तकनीकी विश्लेषण, कॉल डंप और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच को आगे बढ़ाया। पुलिस अधीक्षक के



निर्देश पर बेरमो और चंद्रपुरा थाना की संयुक्त टीम को उड़ीसा भेजा गया, जहां छापेमारी कर निसार अली उर्फ काला को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी ने पूछताछ में स्वीकार किया कि वह अपने साथी के साथ मिलकर दुकानदारों को बातों में उलझाकर ज्वेलरी चोरी करता था। उसके निशानदेही पर चोरी के गहने भी बरामद किए गए हैं। बरामद सामान में 4 सोने की चेन, 30 पीस ईयर रिंग शामिल हैं, जिनका कुल वजन करीब 65 ग्राम और कीमत लगभग 8 लाख रुपये बताई जा रही है। साथ ही आरोपी का मोबाइल फोन भी जब्त किया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी का आपराधिक इतिहास भी रहा है और वह पहले भी जेल जा चुका है। फिलहाल उसके अन्य साथियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। आरोपी के पास से सोने की चेन - 04 पीस (29.78 ग्राम) ईयर रिंग - 30 पीस (कुल 35.41 ग्राम) कुल वजन- 65.19 ग्राम अनुमानित कीमत - 8 लाख रुपये बरामद किया गया है।

## जंगली हाथियों के हमले में एक महिला की मौत, वन विभाग ने जारी किया अलर्ट

**गोमिया/बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अत्यंत खेद के साथ सूचित किया जाता है कि गोमिया वन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जागेश्वर जंगल में जंगली हाथियों के हमले में एक स्थानीय महिला, ठकिनी देवी का दुःखद निधन हो गया है। यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना उस समय घटी जब वे जंगल में महुआ चुनने के लिए गई हुई थीं। प्राप्त सूचना के अनुसार, वर्तमान में उस जंगल और आस-पास के क्षेत्रों में 12 हाथियों का एक झुंड विचरण कर रहा है। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम ने त्वरित कार्रवाई की। विभाग द्वारा मृतका के शोकाकुल परिजनों को तत्काल राहत के रूप में आंशिक नकद सहायता राशि सौंप दी गई है। शव को पोस्टमार्टम हेतु तेनुघाट अस्पताल भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम एवं अन्य सभी आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी होने के उपरांत, सरकारी नियमानुसार शेष पूर्ण मुआवजा राशि भी परिजनों को शीघ्र उपलब्ध करा दी जाएगी। इस दुःखद घटना के आलोक में, वन विभाग क्षेत्र के सभी ग्रामीणों से विशेष अपील करता है कि मानव जीवन सर्वोपरि है। कृपया थोड़े से महुआ के लिए अपनी अनमोल जान जोखिम में न डालें। चूंकि वर्तमान में जागेश्वर और इसके आस-पास के जंगलों में 12 हाथियों का झुंड सक्रिय है, इसलिए सुरक्षा के दृष्टिकोण से कोई भी व्यक्ति महुआ चुनने या किसी अन्य कार्य हेतु जंगल के अंदर प्रवेश न करे। वन विभाग की टीम द्वारा हाथियों के झुंड की लगातार निगरानी की जा रही है। सभी ग्रामीणों को सलाह दी जाती है कि वे पूरी तरह सतर्क रहें और अपनी सुरक्षा के लिए पक्के मकानों में ही आश्रय लें।

## पुष्पा हत्याकांड के आरोपित प्रेमी दिनेश कुमार महतो गिरफ्तार



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पुष्पा हत्याकांड के आरोपी प्रेमी दिनेश कुमार महतो को पिंडराजोरा थाना पुलिस में आज न्यायिक हिरासत में चास जेल भेज दिया। कल ही आरोपी के द्वारा मृतिका पुष्पा के नर कंकाल को बरामद कराया गया था।इस मामले को लेकर आज भी पुलिस ने आरोपी को उक्त स्थान पर ले जाने का काम किया। उसके बाद उसे उसे जगह पर भी ले जाया गया जहां पुष्पा के घर से लेकर आए कागजातों को दिनेश के द्वारा फेंकने का काम किया गया था। हालांकि कागजात पुलिस ने अभी तक बरामद नहीं किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### अत्याधुनिक सी-आर्म मशीन से हड्डी के जटिल फ्रैक्चर का सफल ऑपरेशन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद के सदर अस्पताल में एक बार फिर उन्नत चिकित्सा सुविधा एवं विशेषज्ञ टीम के प्रयास से हड्डी के जटिल फ्रैक्चर का सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया गया। इसकी जानकारी देते हुए



अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ संजीव कुमार प्रसाद ने बताया कि श्री दिनेश कुमार महतो, आयु 43 वर्ष, निवासी मुकुंदा, मंगलवार को सदर अस्पताल में भर्ती हुए थे। उन्हें दोपहिया वाहन से गिरने के बाद चोट लगी थी। श्री महतो ने बताया कि अचानक एक कुत्ता वाहन के पहिये के नीचे आ जाने के कारण संतुलन बिगड़ने से यह दुर्घटना हुई। जांच के दौरान फ्रैक्चर के प्रकार एवं स्थान को देखते हुए तथा सदर अस्पताल के ऑपरेशन थिएटर में उपलब्ध अत्याधुनिक सी-आर्म मशीन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए, मरीज के इलाज हेतु मिनिमली इनवेसिव प्लेटिंग तकनीक अपनाने का निर्णय लिया गया। आवश्यक इम्प्लांट की व्यवस्था कर दिनांक उनका सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया गया। इस जटिल ऑपरेशन को सफल बनाने में ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. मुकेश प्रसाद, सर्जन डॉ. आनंद कुमार, सहायक मधुसूदन मरांडी एवं रंजना तथा सदर अस्पताल के प्रभारी, ऑपरेशन थिएटर के सभी स्टाफ एवं अन्य सहयोगियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। मरीज का ऑपरेशन निःशुल्क किया गया। ऑपरेशन के बाद मरीज की स्थिति स्थिर है। अस्पताल प्रशासन द्वारा मरीज को समुचित देखभाल एवं आवश्यक चिकित्सा सुविधा प्रदान की जा रही है।

### आनंद मंगल संस्था बेटियों की शिक्षा को दे रही है बढ़ावा

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आनंद मंगल संस्था के द्वारा धनबाद क्लब फिएस्टा हॉल में लक्ष्य-एक कदम साक्षरता की ओर" कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में आरसी डीसी एकल, राउंड टेबल, महिला समिति, पवित्रम, प्राणिक हीलिंग उपस्थित थे। संस्था ने बहुत गर्व के साथ संस्था ने पांचवीं बार 110 जरूरतमंद बालिकाओं को उनके पूरे वर्ष के लिए पुस्तकें, स्कूल यूनिफॉर्म और स्टेशनरी निःशुल्क भेंट की। अतिथियों ने संस्था की सराहना की और कहा-आनंद मंगल बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा दे रही है। एक शिक्षित बेटी न केवल



अपने परिवार का भरण-पोषण कर सकती है, बल्कि समाज में भी सकारात्मक परिवर्तन ला सकती है। आनंद मंगल संस्था का उद्देश्य समाज की सेवा करना और उनकी जरूरतों को पूरा करना है। संस्था हमेशा समुदाय की मदद के लिए तत्पर रहती है और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए कार्य करती है। इस मौके पर संस्था की अध्यक्ष अलका मित्तल के साथ संगीता अग्रवाल, मीनू, रेखा रूंगटा, रश्मि, रंजना, संगीता, पायल, नीतू, सरोज, सपना, रेखा, उमा, सुनीता, किरण, सीमा, पिंकी, दीप्ति, श्वेता, संतोष, बरखा, पूनम, सुनीता, कीर्ति, डोली, माधवी, प्रियंका, पूनम, अर्चना, आशा, कविता, शीतल, अंजू, प्रीति, विजेता, प्रतिमा, निधि, रिद्धि, सुजाता वंदना, विभा आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## सामाजिक एकजुटता और संगठन की मजबूती को लेकर ब्राह्मण एकता मंच की बैठक



**चन्दनकियारी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सामाजिक एकजुटता और संगठन की मजबूती को लेकर ब्राह्मण एकता मंच की बैठक रविवार को विश्वनाथ उच्च विद्यालय, मामरकुदर के प्रांगण में संपन्न हुआ। इस बैठक में समाज के भविष्य और उत्थान को लेकर कई निर्णय लिए गए। बैठक की शुरूआत गरिमामय ढंग से हुई, जिसकी अध्यक्षता बैद्यनाथ ओझा जी ने की। वहीं संचालन सौरभ झा द्वारा किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य ब्राह्मण समाज को एक सूत्र में पिरोना और संगठन की नींव को और अधिक विस्तार देना था। चर्चा के दौरान मुख्य रूप से कई बिंदुओं पर जोर दिया गया। समाज के हर व्यक्ति को एकजुट करने के लिए रणनीति तैयार की गई। युवाओं की भागीदारी बढ़ाने और उनके भविष्य के लिए नई योजनाओं पर विचार-विमर्श हुआ। समाज में आपसी सहयोग और सेवा की भावना को जमीनी स्तर पर उतारने का संकल्प लिया गया।आपसी भाईचारे और तालमेल को बेहतर बनाने पर सभी सदस्यों ने सहमति जताई। संगठन को सक्रिय रखने के लिए भविष्य में नियमित बैठकें और कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में उपस्थित सम्मानित सदस्यों ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि समाज के उज्ज्वल भविष्य के लिए अब एकजुट होकर कार्य करना समय की मांग है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया और एकता का संकल्प लेकर बैठक का समापन हुआ।

## शिव मंदिर में दो दिवसीय अष्टयाम एवं हरिकिर्तन प्रसाद वितरण के साथ संपन्न



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात नगर के सेक्टर 12 बी-एफ स्थित शिव मंदिर में दो दिवसीय अष्टयाम एवं हरिकिर्तन आज हवन, सामुहिक आरती, विसर्जन के पश्चात प्रसाद वितरण के साथ संपन्न हो गया। अष्टयाम एवं हरिकिर्तन का आयोजन श्री श्री सार्वजनिक शिव मंदिर सेवा समिति के द्वारा किया गया था। बड़े ही आस्था के साथ लोगों ने अष्टयाम एवं हरिकिर्तन में हिस्सा लिया। सभी महिला पुरूष श्रद्धालुओं ने इस अवसर पर भक्तिभाव से भगवान भोले शंकर की पूजा अर्चना की। हरे राम, हरे कृष्ण के जयकारे से सेक्टर 12 का वातावरण भक्तिमय हो गया था। अष्टयाम के शुभारंभ में शनिवार को शिव मंदिर परिसर से सैकड़ों श्रद्धालु महिला और युवतियां सेक्टर 12 सी स्थित शिव मंदिर पहुंचीं, जहां से कलश में जल लेकर वापस अष्ठयाम स्थल तक कलश यात्रा निकाली गई थी। इस शुभ अवसर के मुख्य जजमान राम बंस सिंह व निर्मला देवी के साथ आयोजन में सहयोगी के रूप में आज उपस्थित होने वालों में कुमार अमित, कमलेश राय, उपेंद्र सिंह, उदय सिंह अष्टयाम एवं हरिकिर्तन के आयोजन में श्री श्री सार्वजनिक शिव मंदिर सेवा समिति के अध्यक्ष जनार्दन प्रसाद सिंह के साथ पुरे शिव परिवार सदस्य प्रमुख रूप से सक्रिय रहे। कलश यात्रा, अष्टयाम एवं हरिकिर्तन में सैकड़ो महिला-पुरूष भक्त की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। अष्टयाम एवं हरिकिर्तन को सफल करने में मुन्ना राय, ललित नारायण राय, सुभाष सिंह, प्रकाश सिंह, करण गोराई, संजय चौधरी, मुरारी सिंह, पप्पू सिंह, संजय तिवारी, ओ पी सिंह, बी पी वर्मा, रंजीत मंडल, सत्या, अजय, विकास, मास्टर साहब, प्रमुख रूप से सक्रिय रहे।

## समेकित कंट्रोल रूम से डीसी ने परीक्षा संचालन का लिया जायजा

**झारखंड कर्मचारी चयन आयोग अंतर्गत आयोजित उत्पाद सिपाही प्रतियोगिता परीक्षा 2023 का मामला**





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा ने रविवार सुबह समेकित कंट्रोल रूम पहुंचकर झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) अंतर्गत आयोजित झारखंड उत्पाद सिपाही प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के सफल एवं सुचारु संचालन का सीसीटीवी के माध्यम से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा के नोडल पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी से परीक्षा व्यवस्था की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उपायुक्त (डीसी) ने परीक्षा केंद्रों पर की गई व्यवस्थाओं, सुरक्षा प्रबंधों तथा अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए उठाए गए कदमों की समीक्षा की। उपायुक्त (डीसी) ने आयोग द्वारा जारी मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि परीक्षा की पारदर्शिता एवं निष्पक्षता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी संबंधित अधिकारियों को सतर्क एवं जिम्मेदारीपूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। समेकित कंट्रोल रूम के माध्यम से सभी परीक्षा केंद्रों पर सतत निगरानी रखी जा रही है, जिससे किसी भी प्रकार की अनियमितता पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा के सफल आयोजन हेतु समुचित व्यवस्था की गई है एवं अभ्यर्थियों से भी शांतिपूर्ण एवं अनुशासित तरीके से परीक्षा में भाग लेने की अपील की गई है।

## शांतिपूर्ण वातावरण में झारखंड उत्पाद सिपाही परीक्षा संपन्न

**प्रथम व द्वितीय पाली में 10,126 परीक्षार्थी हुए शामिल, 2,714 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित**

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रविवार को आयोजित झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) अंतर्गत झारखंड उत्पाद सिपाही भर्ती परीक्षा 2023 का आयोजन जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित माहौल में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। परीक्षा प्रथम - द्वितीय - तृतीय पाली में आयोजित की गई। जिले में बनाएं 27 परीक्षा केंद्रों में कुल 12,840 परीक्षार्थियों को शामिल होना था। जिसमें 10,126 परीक्षार्थी प्रथम - द्वितीय पालियों में शामिल हुए, जबकि 2,714 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। सभी केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं, जिससे परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

# विभिन्न स्थलों पर विधिक जागरूकता एवं जनहित कार्यक्रमों का आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निदेर्शों, पत्र संख्या 18.12.2025 में निहित अनुमोदित गतिविधि कैलेंडर 2026 तथा अनिल कुमार मिश्रा, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बोकारो के मार्गदर्शन में दिनांक 12.04.2026 को जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बोकारो द्वारा विभिन्न स्थलों पर विधिक जागरूकता एवं जनहित कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस क्रम में प्रातः 10:00 बजे जिला जेल, चास में एक सघन जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम के दौरान बंदियों को नालसा द्वारा समयपूर्व रिहाई संबंधी निदेर्शों की जानकारी दी गई। साथ ही रिट याचिका संख्या 1082/2020, सुहास चकमा बनाम भारत संघ के आलोक में बंदियों के अधिकारों, विधिक प्रतिनिधित्व की आवश्यकता, जमानत मिलने के बावजूद रिहाई नहीं होने की स्थिति तथा आवश्यक विधिक सहायता उपलब्ध कराने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इस अभियान का उद्देश्य ऐसे बंदियों की पहचान करना भी था जिन्हें विधिक प्रतिनिधित्व प्राप्त नहीं है अथवा जिन्हें जमानत आदेश के बावजूद रिहाई नहीं मिल सकी है। इसी दिन पूर्वाह्न 11:00 बजे प्लेस फॉर सेफ्टी/सहयोग विलेज, चास में एक विशेष विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों, संरक्षण गृह में रह रहे व्यक्तियों तथा संबंधित हितधारकों को उपलब्ध विधिक अधिकारों और कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना था। उक्त कार्यक्रमों में श्री मनोरंजन कुमार न०-1, सी.जे.एम., बोकारो, सुश्री भव्या सुमन, सहायक, संतोष श्रीवास्तव, सहायक, पारा लीगल वालिंटियर्स, सुखदेव शर्मा, अमलेश कुमार टुडू, (जेल पीएलवी), यदु महतो, तथा रतिलाल कुंभकार, ने सक्रिय सहभागिता निभाई। उपस्थित टीम सदस्यों ने प्रतिभागियों एवं लाभुकों को सरल भाषा में विधिक सहायता तथा नालसा योजनाओं के बारे में जानकारी दी। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बोकारो द्वारा संचालित इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य समाज के कमजोर, वंचित, निरुद्ध एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले वर्गों तक विधिक सेवा की पहुँच सुनिश्चित करना है। प्राधिकार ने पुनः यह संदेश दिया कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति को निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने का अधिकार है और ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से न्याय तक पहुँच को और सुदृढ़ बनाया जा रहा है। उक्त आशय की जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बोकारो द्वारा दी गई।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर-
9431145865
8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या :
JHAHIN/2017/72655
E-mail-
nbtimesbihar@gmail.com

CMYK